# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-06-2022

# दहेज हत्या में आरोपी ननद को पुलिस ने भेजा जेल

**शादी के ढाई माह बाद विवाहिता ने फंदे से लटकर की थी खुदकुशी**

**हरपुर बुदहट(एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम बरयाभीर में 19 फरवरी 2022 को विवाहिता प्रिया यादव की फांसी से लटकी हुई लाश मिली थी। विवाहिता के पिता की तहरीर पर हरपुर बुदहट पुलिस ने दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओ में पति ,सास और ननद पर मुकदमा दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शरदेन्दु तिवारी कां आशीष यादव व मीना मिश्रा ने थानां क्षेत्र के रसूलपुर चौराहे से आरोपिता रविन्दा यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

बताते चले की सन्तकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव के चंद्रभान यादव अपनी लड़की प्रिया यादव की शादी दिनांक 6 दिसम्बर 2021 को हरपुर बुदहट थानां क्षेत्र के बरयाभीर निवासी इंद्रेश यादव के लड़के संजय यादव के साथ किए थे। लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रिया यादव पर जुल्म किया ,और 19 फरवरी 2022 को सन्दिग्ध अवस्था मे प्रिया यादव का फांसी पर लटका हुआ शव मिला था। पिता ने आरोपी पति संजय यादव सास सुदामी देवी, और ननद रविन्दा यादव के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमे आज पुलिस ने मृतक विवाहिता की ननद रविन्दा यादव पुत्री इंद्रेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पशु तस्कर असलहा के साथ गिरफ्तार

**सोनबरसा (एसएनबी)।** चौरीचौरा क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डाक्टर विपीन टाड़ा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी व क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अखिलानन्द उपाध्याय के नेतृत्व और चौरीचौरा प्रभारीनिरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन मे थाने का वांछित अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी के अभियान के तहत गुरुवार को 11.20बजे क्षेत्र मे गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की थाने का वांछित अपराधी रामपुर बुजुर्ग चौराहे पर आने वाला है। थोडी देर मे तीहा गांव की तरफ से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। चौकीप्रभारी मयफोर्स घेराबंदी करके आवश्यक बल प्रयोग करके गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ मे उसने अपना नाम कलीम(45)पुत्र घुरहू उर्फ नन्हें निवासी जंगल बिहूली बेलहवा बंजारा टोला थाना पीपीगंज जिला गोरखपुर का का रहने वाला हैं। पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# तथाकथित सपा नेता जिला बदर

**भटहट (एसएनबी)।** अपर जिलाधिकारी नगर के निर्देश पर गुलरिहा पुलिस 3/4 गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए तथाकथित सपा नेता हरिश्चंद्र गौतम को जिला बदर कर दिया। बुधवार को अभियुक्त के गांव में पुलिस द्वारा डुग्गी मुनादी के साथ स्थानीय लोगों को सुचित किया गया। अभियुक्त के खिलाफ हत्या के प्रयास, गैर इरादतन हत्या, दुष्कर्म आदि विभिन्न आपीसी की धारों में स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज है। पुलिस टीम में चन्द्रभान सिंह, संजय कुमार, कांस्टेबल शिवम शुक्ला, रामसुरेश चौहा, संदीप यादव विनोद सिंह शामिल रहे।

# दस्तावेजों में हेराफेरी करने वाला लेखपाल गिरफ्तार

**बेलीपार(एसएनबी)।** असल दस्तावेज में हेरफेरी कर जीवित व्यक्ति को मृतक दिखाकर संपत्ति गांव के दूसरे व्यक्ति के नाम करने के आरोपी लेखपाल को बेलीपार पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार पेवनपुर थाना गीडा निवासी पराग विश्वकर्मा पुत्र सदल की पत्नी फूलमती व बेटा गोपाल की जगह गांव के ही अजय मौर्या पुत्र श्याम राज मौर्या तथा एक अन्य महिला ने वादी को मृत बताकर बेटा तथा पत्नी बनकर तत्कालीन कानूनगो मजिबुल्लाह, लेखपाल लव कुमार सिंह की मिलीभगत से करीब डेढ़ डिसमिल जमीन अपने नाम दर्ज करा लिया था। तत्कालीन थाना क्षेत्र बेलीपार में अपराध संख्या 281/11 धारा 419, 420, 476, 467, 468, 120 बी के तहत पराग विश्वकर्मा ने मुकदमा पंजीत कराया गया था। जिसमें अजय मौर्या एक अन्य महिला तथा कानूनगो के विरुद्ध पहले ही आरोप पत्र दाखिल हो चुका था। आज वर्तमान समय में सहजनवा थाना क्षेत्र में राजस्व लेखपाल के रूप में कार्यरत लव कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय राम दयाल सिंह मूलनिवासी समुदा ,हरपुर बुदहट, हालमुकाम शिवाजी नगर कलोनी रानीबाग थाना रामगढ़ ताल गोरखपुर को बेलीपार पुलिस ने उनके आवास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया ,जहां से जेल भेज दिया गया है।

# बाइक की टक्कर, लोगों ने युवक को जमकर पीटा

**कौड़ीराम(एसएनबी)।** गगहा क्षेत्र के बलुआ बुजुर्ग में दो बाइकों की टक्कर के बाद एक पक्ष की ओर से आए एक दर्जन लोगों ने दो युवकों को जमकर पीट दिया। सूचना पर पहुंची पीआरवी युवकों का इलाज कराने के बाद गगहा थाना पर लेकर चली गई। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हो सका है। अंबेडकर जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना के सरैया बलरामपुर निवासी आकाश पाठक (25) अपने मौसेरे भाई पकड़ी देवरिया निवासी संजय मिश्रा के साथ बेलीपार थाना क्षेत्र के सोनवापार स्थित अपनी बहन के घर जा रहे थे। गगहा क्षेत्र के कौड़ीराम के पास बलुआ बुजुर्ग में एक अन्य बाइक सवार जिस पर दो महिलाएं बैठी थी, से दोनों युवकों के बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर में दोनों बाइक पर सवार पांचों लोग गिर गए। इसके बाद दोनों बाइक सवारों में कहासुनी और मारपीट होने लगी। मौका देखकर महिलाओं के साथ वाले बाइक सवार ने धस्की स्थित अपने परिचितों को फोन कर दिया। इसके बाद बोलेरो से आए आधा दर्जन लोगों ने आकाश व संजय की जमकर पिटाई कर दी। बीट प्रभारी को सूचना दी गई। बीट प्रभारी की बैंक ड्यूटी थी। फिर पीआरवी को सूचना दी गई। काफी देर बाद पहुंची पीआरवी के पुलिस कर्मियों ने युवकों का इलाज करा उन्हें अपने साथ गगहा थाना लेकर चले गए। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हो सका था।

# ससुराल गए युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** कैंपियरगंज इलाके में ससुराल गए युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चौमुखा निवासी राजकुमार की मौत ट्रेन के चपेट में आने से हो गई। पैतीस वर्षीय राजकुमार अपने ससुराल नगर पंचायत में स्थित शुक्ला टोले पर रहता था, आज लगभग साढ़े तीन बजे रेल की पटरी पकड़ कर जा रहा था कि रेलवे स्टेशन और उत्तरी रेलवे गेट के बीच में नौतनवा से गोरखपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी आनंद नगर ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# युवती लापता, अपहरण का केस

**पिपराइच (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से चौटिंग के जरिए बालिका के अपहरण के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को दिये तहरीर में आरोप लगाया है कि 18 जून की रात सो कर उठी तो देखा कि विस्तर से पुत्री गायब है। उसकी एक सहेली से पता चला कि उसी दिन वह कुसम्ही बाजार जाने की बात कर रही थी। महिला ने आरोप लगाया है कि पुत्री यूट्यूब पर अश्लील बीडीओ और मैसेज देखने के साथ दो मोबाइल नम्बर पर चौटिंग भी करती रहती थी। एक महिला से पुछने पर उसने कहा कि तुम लोग बेटियों का कद्र नहीं करती हो। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 363 का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आईजीएल में दो दिवसीय चिकित्सा जांच शिविर शुरू

**पिपरौली (एसएनबी)।** आईजीएल परिसर में बिजनेस हेड एसके शुक्ला के नेतृत्व में दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सीय जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। इस शिविर में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक यातायात डा. महेंद्र पाल सिंह के साथ विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी सहजनवां सुरेश राय रहे। अतिथियों के साथ बिजनेस हेड एसके शुक्ल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक यातायात ने अपने उदबोधन में कहा कि आईजीएल लागातार अपने कर्मचारियों एवं अधिकारियों के प्रति सवेंदनशील होते हुए उनकी बेहतरी और खुशहाली हेतु इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। बिजनेस हेड एसके शुक्ल ने दोनों अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि किस तरह से आज गोरखपुर शहर की यातायात व्यवस्था को दिन रात मेहनत करके पुलिस अधीक्षक डा. महेंद्र पाल सिंह ने कम समय में ही पूरी व्यवस्था को बदल कर रख दिया और आज गोरखपुर की यातायात व्यवस्था लखनऊ को भी पीछे छोड़ रही है।बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने अपने सभी कर्मचारियों व अधिकारियों का आह्वान किया कि आप सभी स्वस्थ रहते हुई शहर की यातायात व्यवस्था में सहयोग करें। प्रबन्धक प्रशासन एवं जनसंपर्क डा. सुनील कुमार मिश्र ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अथिति तथा कार्यक्रम में आये सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आत्मा नन्द सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। उक्त कार्यक्रम में प्लांट मैंनेजर एपी मिश्र, शैलेंद्र पांडेय, रजनीकांत पांडेय,अनिरुद्ध सिह, विष्णु कांत पांडेय, लाखन त्रिवेदी, अखिलेश शुक्ल, के एल चौहान, जगदीश चंद धाकड़, डा. कमलेश सिह, सुनील यादव, प्रशांत, बैजनाथ इत्यादि उपस्थित रहे।

# रोहिन नदी में बच्चा फेंकने की सूचना पर हलकान रही पुलिस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के चिउटहाँ स्थित रोहिन नदी के पुल से महिला ने नदी में बच्चा फेकने की सूचना पर हरकत में आई चिलुआताल पुलिस मौके पर पहुंच महिला को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। चिलुआताल प्रतिनिधि बृहस्पतिवार को सुबह सात बजे के आस पास एक विक्षिप्त महिला कुछ पुराने कपड़ो सहित तमाम अन्य सामानों के गट्ठर लिये चिउटहा स्थित रोहिन नदी के पक्के पुल पर पैदल चलने वाली रो में पहुंच कर अपना सामान की पोटली नीचे रख कर कुछ सामान नदी में फेक दी। सुबह टहलने निकले लोगों ने देखा किसी ने बच्चे को नदी में फेंकने की बात कही जिससे राहगीरों की देखते ही देखते भीड जुट गयी उसी बीच किसी ने 112 न पर डायल घटना की सूचना चिलुआताल पुलिस को दी सूचना पर अपने दल बल के साथ पहुचे थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा मौके पर पहुंच कर महिला से पूछताछ शुरु कर दी।

# दुष्कर्म के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर (एसएनबी)। दुष्कर्म के आरोपित कोतवाली थाना क्षेत्र के रुद्दलपुर निवासी अव्दुल वहाव की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश कमालुद्दीन ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद पांडेय एवं सिद्धार्थ सिंह का कहना था कि पीड़िता का विवाह विच्छेद का मुकदमा वर्ष 2017 से दीवानी कचहरी में चल रहा था।मुकदमे की पैरवी के दौरान ही उसका सम्पर्क अधिवक्ता अव्दुल वहाव से हुआ।आरोपित इसी दौरान परामर्श हेतु पीड़िता के घर आने जाने लगी और पीड़िता के लिए खाने पीने का सामान,मिठाई आदि लाया। जिसे खाने के वाद पीड़िता वेहोश हो गई और आरोपित उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो वना लिया और धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इसी वीच पीड़िता गर्भवती हो गई तो आरोपित अपने परिचित अजमल व अन्य को घर पर ही वुलाकर पीड़िता का गर्भपात करा दिया। आरोपित ने पीड़िता के साथ जवरन धर्म परिवर्तन कराकर निकाह किया। विरोध करने पर उसे सिगरेट से जलाया और गौ मांस भी खिलाया। इन सव कार्यों में आरोपित की पत्नी फरीन वहाव भी शामिल थी।

# एसपी सिटी ने परखी कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था

**गोरखपुर(एनएनबी)।** दीवानी कचहरी परिसर और न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था को चौकस रखने के लिए एपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नाई की अगुवाई में पुलिस फोर्स व डाग स्कावडा सहित विभिन्न सुरक्षा से जुड़े यंत्रों के साथ जांच पड़ताल की गयी हैं। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को चौकसी बरतने को निर्देश दिया गया हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि दीवानी कचहरी स्थित परिसर की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अलर्ट मूड़ में रखा गया है। इसी के मद्देनजर पुलिस फोर्स, डाग स्कवाड एवं एन्टी सबोटाज टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था के को देखते हुए न्यायालय परिसर गोरखपुर की सघन चेकिंग कराई गई । दौरान चेकिंग ड्रोन कैमरा के माध्यम से भी सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया । इसी क्रम में न्यायालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे एवं डीएफएमडी मशीन को भी चेक किया गया तथा ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये । इस मौके पर एडीजे सुरक्षा, क्षेत्राधिकारी कैण्ट, प्रभारी निरीक्षक कैण्ट एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे

# गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला भीम आर्मी का कार्यकर्ता गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सीएम योगी आदित्यनाथ और गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला भीम आर्मी के कार्यकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी फिरोजाबाद के सोनू नाम के युवक ने लेडी डॉन नाम से ट्विटर अकाउंट बनाया था। बीते 4 फरवरी को उसने एक-एक कर तीन ट्वीट किया था। पहले ट्वीट में लिखा था कि यूपी विधानसभा लखनऊ रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर बम लगा दिया गया है। योगी आदित्यनाथ की भी हत्या हो जाएगी। एक घंटे बाद भीम सेना की अध्यक्ष सीमा सिंह योगी आदित्यनाथ को मानव बम बनकर मारेंगी। राशिद ने बम लगा दिया है। इस बात को लेकर पुलिस हलकान हो गयी थी।



बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपी ने दोबारा ट्वीट कर लिखा कि गोरखनाथ मठ में आठ जगह सुलेमान भाई ने बम लगा दिया है। योगी आदित्यनाथ के चीथड़े उड़ जाएंगे। मेरठ में 10 जगह बम ब्लास्ट की बात लिखी गई। जब यह ट्वीट आ रहे थे, तब सीएम गोरखपुर में ही थे। लिहाजा यहां की सुरक्षा और ज्यादा बढ़ा दी गई थी।

इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि लेडी डॉन नाम से ट्वीट कर सीएम योगी और उनके गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया था और जांच में जुटी थी। जांच में सामने आया कि यह ट्वीट फिरोजाबाद के सिरसागंज थाने के अहमदपुर निवासी सोनू सिंह पुत्र रामनाथ ने किया था। पुलिस उसकी तलाश में थीकि कैंट पुलिस उसे गुरुवार को वारंट बी पर गोरखपुर लाई और रिमांड बनवाकर जेल भेज दिया। सोनू पिछले एक माह से जेल में था। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि एक माह पूर्व एक मामले में पकड़ने गई आगरा पुलिस पर उसने जानलेवा हमला कर दिया था। जिसके बाद मई 2022 के पहले सप्ताह में आगरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने आगरा जेल से वारंट बी के तहत गोरखपुर लाई। उसे गोरखपुर कोर्ट में पेश कर रिमांड बनवाकर पुलिस ने जेल भेज दिया।

**भीम आर्मी कार्यकर्ता निकला लेडी डॉन को पांच माह बाद पुलिस ने दबोचा**

20 जनवरी को ही भीम आर्मी की अध्यक्ष सीमा ने ट्वीट कर एक फोटो चस्पा की थी। उसमें लिखा था कि यह गोरखपुर की योगी के जिले की एक लड़की की है। उस पर एसिड फेंक कर चेहरा जलाया गया है। जांच में यह फोटो पाकिस्तान के चार साल पुराने घटना की तस्वीर निकली। इसके बाद पुलिस ने गोरखपुर में सीमा के खिलाफ केस दर्ज किया था।

# बेटे की समझदारी, एंबुलेंस की तत्परता व पुलिस के सहयोग से बची जान

गोरखपुर (एसएनबी)। सांप के काट लेने पर अक्सर लोग झाड़फूंक के चक्कर में पड़ कर जान गंवा वैठते हैं। कुछ लोग पीड़ित इधर-उधर लेकर भटकने भी लगते हैं, लेकिन चौरीचौरा क्षेत्र के मोतीपाकड़ गांव रहने वाले अजीत की समझदारी ने उनके 57 वर्षीय पिता ओमप्रकाश की जान वचा ली। अजीत की समझदारी को एंवुलेंस की तत्परता तथा पुलिस का भी साथ मिल गया। खेत में काम करते समय ओमप्रकाश को सांप ने काटा तो वेटा उन्हें चौरीचौरा स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले गया। डाक्टर ने वहां एंटी स्नेक वेनम देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान पुलिस ने रास्ते को ग्रीन करिडोर वनवाते हुए महज 45 मिनट में पीड़ित को पहुंचवा दिया। इलाज के वाद ओमप्रकाश अव ठीक है।

**खेत में काम करते समय ओमप्रकाश को सांप ने लिया था काट, चौरीचौरा से गोरखपुर जिला अस्पताल लाते समय शहर में बनाया गया ग्रीन करीडोर**

21 जून को ओमप्रकाश अपने खेत में काम कर रहे थे कि शाम पांच वजे के करीव सांप ने काट लिया। उनके भाई ने उन्हें फोन पर वताया कि सर्पदंश वाले हाथ को वांध दें और तत्काल लेकर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अजीत को यह पता था कि स्वास्थ्य केंद्र पर सर्पदंश से वचाव की सुई उपलव्ध होती है। निजी साधन से ओमप्रकाश को चौरीचौरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने के वाद डाक्टर को दिखाया गया। गांव के लोग सांप को भी मार कर साथ ले गये थे। चिकित्सक ने दवा दिया लेकिन सांप की पहचान नहीं हो पाई। ऐसे में चिकित्सक ने सलाह दिया कि एंवुलेंस की मदद से ओमप्रकाश को जल्द जिला अस्पताल पहुंचाया जाए। महज 13 मिनट में एंवुलेंस भी पहुंच गयी। इधर एंवुलेंस के ईएमटी सुनील कुमार ने वताया कि केस उच्च जोखिम से जुड़ा होने के कारण उन्होंने तुरंत प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेद्वी को सूचना दी और वताया कि शहर में जाम से वचने के लिए ग्रीन करीडोर वनवाएं। ओमप्रकाश को झटके आ रहे थे और वह वदहवास भी थे। समय से अस्पताल लेकर पहुंचना जरूरी था। इधर प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेद्वी ने ग्रीन करीडोर वनाने के लिए ट्रैफिक कंट्रोल रूम को सूचना दी और ट्रैफिक पुलिस सक्रिय हो गयी। करीडोर वनाया गया और एंवुलेंस 45 मिनट में ही जिला अस्पताल पहुंच गयी। अगर यह करीडोर नहीं होता तो शाम को लगने वाले जाम में एंवुलेंस फंस सकती थी। सर्प दंश के शिकार के पुत्र अजीत का कहना है कि उनके पिता का जिला अस्पताल में इलाज हुआ और वह ठीक हो गये। इसके वाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

**46 एंबुलेंस है क्रियाशील :** जनपद में 108 नंवर की 46 एंवुलेंस आपद परिस्थिति, वीमारी की गंभीर परिस्थिति और दुर्घटना के शिकार लोगों की मदद के लिए कार्य कर रही हैं। डा. नंद कुमार नोडल अधिकारी एवं एसीएमओ आरसीएच ने वताया कि पुलिस के साथ समन्वय में विशेष परिस्थिति में ग्रीन करीडोर वना कर मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जाता है। ग्रीन करिडोर वनवाने की परिकल्पना जनपद के एसएसपी विपिन टांडा, एसपी ट्रैफिक एमपी सिंह और मैंने मिलकर चर्चा के उपरांत गोरखपुर में किया। इस पहल में स्वास्थ्य विभाग के मुखिया सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे की अहम भूमिका रही है।

## सीएम जनता दरबार की शिकायत

**GAGHA:** गगहा एरिया के एक गांव निवासी जोखनी देवी ने सोमवार को सीएम जनता दरबार में पुलिस के खिलाफ शिकायत की. कहा कि पांच दिसंबर को जमीन के विवाद में मेरे बेटे को पीटा गया. बाद में बेटी के साथ आरोपियों ने छेड़छाड़ की. दुष्कर्म की कोशिश भी की गई. गगहा पुलिस को तहरीर दी तो रिपोर्ट दर्ज नही हुई. चार माह बाद कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई. लेकिन अभी पुलिस जांच कर रही थी इसी बीच कमरे में पुत्री की हत्या कर दी गई. तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की. उन्होंने विवेचक से एक माह बाद तक बेटी से बयान न लेने पर पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया है.

## इनामी बदमाश को अरेस्ट

**SIKRIGANJ:** पुलिस ने दस हजार के इनामी बदमाश सोनू लोना निवासी कासिम को गुरुवार को गिरफ्तार किया है. 23 अक्टूबर 21 को लूट का मामला दर्ज था. इसके बाद से वह फरार था. पुलिस ने उसे उसके घर के पीछे से अरेस्ट किया.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 June):** दस्तावेज में हेराफेरी करने के आरोप में बेलीपार पुलिस ने गुरुवार को लेखपाल को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि उसने एक जीवित व्यक्ति को मृत घोषित दिखाकर उसकी संपत्ति गांव के दूसरे व्यक्ति के नाम कराने में मदद की थी. गीडा थाना क्षेत्र के पेवनपुर निवासी पराग विश्वकर्मा को 11 वर्ष पूर्व गांव के तत्कालीन लेखपाल लव कुमार सिंह व कानूनगो मजिबुल्लाह की मिलीभगत से मृत दिखाकर गांव के अजय मौर्या व एक अन्य महिला उनकी भूमि अपने नाम करा ली थी. पराग विश्वकर्मा को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने अजय मौर्या, कानूनगो व लेखपाल के विरुद्ध जालसाजी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था. पुलिस आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी थी. गुरुवार को पुलिस ने लेखपाल लव कुमार सिंह (वर्तमान में सहजनवां क्षेत्र में कार्यरत) निवासी समुदा, हरपुर बुदहट को गिरफ्तार किया है. लेखपाल ने वर्तमान में अपना आवास रामगढ़ताल थाने के शिवाजी नगर कॉलोनी रानीबाग में बना रखा है.

# कचहरी में लगेंगे 3 बैग स्कैनर व 20 सीसी कैमरे

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 June):** दीवानी कचहरी की सुरक्षा-व्यवस्था और चौकस होगी. मुख्य गेट के अलावा तीन अन्य रास्तों पर भी बैग स्कैनर लगेंगे. पुराने के अलावा 20 सीसी कैमरे लगेंगे. गुरुवार को एसपी सिटी ने कचहरी में बम निरोधक दस्ता व डाग स्क्वाड के साथ जांच की. उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया.

दोपहर एक बजे एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ कैंट श्यामदेव बिंद, प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय के साथ दीवानी कचहरी पहुंचे. बम निरोधक दस्ता व डाग स्क्वाड के साथ परिसर की जांच की. सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया. कचहरी लॉकअप पहुंचने पर आसपास कई बाहरी लोग घूमते मिले. एसपी सिटी ने उन्हें चेतावनी देकर हटाने के साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को चौकसी बरतने के



निर्देश दिए. न्यायालय सुरक्षा-व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों के सुस्त मिलने पर एसपी सिटी ने नाराजगी जताई. बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत कर तय किया गया कि बिना चेकिंग के कचहरी में किसी को प्रवेश न दिया जाए. एक घंटे तक एसपी सिटी फोर्स के साथ कचहरी में मौजूद रहे.

# गोरखपुर में रेप पीड़िताओं से... अन्याय

## आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं

**केस 01**

खोराबार इलाके की युवती बीते 2 जून 2022 को गोरखपुर से अपने घर जा रही थी. अपने घर के पास ही पहुंची तो उसके गांव के ही रहने वाले अखिलेश और अरुण ने तमंचा सटाकर उसके साथ गैंगरेप किया. युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप की धारा में केस दर्ज किया था. केस तो दर्ज हो गया, लेकिन आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई. बुधवार को पीड़िता ने खोराबार थाने पहुंचकर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई.

## पीड़िता को जान से मारने की धमकी

खजनी इलाके के आलापार निवासी युवती ने बताया, 11 मई को वह और उसकी बहन घर से मवेशियों की देख-रेख करने निकली थी. उसी समय गांव के पट्टीदारी के दो युवकों ने दोनों बहन को पटक दिया और रेप करने की कोशिश की. किसी तरह वो दोनों वहां से बच निकलीं. घर पहुंचने पर पीड़ित युवती ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी. पीड़िता की मां ने दूसरे दिन ही पुलिस चौकी उनवल, थाना खजनी पर जाकर सूचना दी. जहां पुलिस ने उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया. पीड़िता ने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से और डॅायल 1076 पर भी सूचना दर्ज करवाया. इस मामले में पीड़िता के घर पर सभी आरोपियों जान से मारने की धमकी भी दी. पीड़िता का आरोप है कि थाने पर जाने पर उसे भगा दिया गया.

**केस 02**

## वीडियो वायरल करने की दे रहे धमकी

बिहार और हाल में कोतवाली एरिया निवासी युवती गोरखपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी. उस युवती ने पुलिस अधिकारियों व जनता दर्शन कार्यक्रम में कंप्लेन देकर बताया कि साल 2018 में किसी काम से वह शाहपुर स्थित अपनी सहेली के घर गई थी. जहां पर उसकी सहेली ने मां की तबीयत खराब होने की बात कर हेल्प के लिए रोक लिया. वहां युवती से सहेली के भाई ने घनिष्टता बढ़ा ली. शादी का झांसा देकर युवती से कई बार दुष्कर्म किया. युवती का ये भी आरोप है कि युवक ने उसका वीडियो भी बनाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा. आरोप है कि इस मामले में कोर्ट के आदेश पर 24 मार्च 2022 को एफआईआर लिखी गई, लेकिन आरोपित बशारतपुर निवासी निशांत त्रिपाठी, रामदत्तपुर निवासी समीर उपाध्याय और ऋचा उपाध्याय को अरेस्ट नहीं किया गया. युवती का आरोप है कि आरोपित उस पर सुलह समझौता करने का दबाव बना रहे हैं. केस वापस नहीं लेने की स्थिति में वीडियो वायरल करने की धमकी देते हैं. पीड़ित युवती का आरोप है कि इस मामले में एडीजी, एसएसपी तक से गुहार लगाई लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई. आरोपित पक्ष के लोग प्रभावशाली हैं. इसलिए पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही. आरोपित मेरी हत्या भी करवा सकते हैं.

**केस 03**

पीड़िताओं पर केस वापस लेने का दबाव
कटघरे में पुलिस की कार्यप्रणाली




**i SHOCKING**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (23 June):ये तीन केस तो बानगी भर हैं, गोरखपुर में रेप पीड़िताओं की थाने पर सुनवाई ना होने और उन्हें वहां से भगा दिए जाने के ना जाने कितने मामले आ दिन आते हैं. जिसमें रेप पीड़िताओं को दर-बदर ठोकरें खाने के लिए छोड़ दिया जाता है, जिससे वे अवसाद में चल जाती हैं या फिर अपनी जिंदगी खत्म करने की सोचने लगती हैं. पुलिस की इस बेरुखी की वजह से ही रेप करने वाले आरोपितों का भी मनोबल बढ़ रहा है. लाख कोशिशों के बाद भी रेप की घटनाएं लगातार घट रही हैं. पुलिस का ऐसी कार्यप्रणाली से गोरखपुर की साख प्रभावित हो रही है. साथ ही रेप पीड़िताओं से अन्याय की बात आम हो गई है.

## अधिकारियों के दफ्तर चक्कर काटती हैं पीड़िता

रेप पीड़िताओं की तुरंत सुनवाई ना होने की वजह से उन्हें लोक लाज छोड़कर सीएम ऑफिस, एडीजी दफ्तर, एसएसपी दफ्तर, एसपी दफ्तर और नेताओं के घर के अनगिनत चक्कर लगाने पड़ते हैं. अधिकारी अप्लीकेशन पर मार्क कर थानेदार को कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित करते हैं. इसके बाद भी थाने पर कोई सुनवाई नहीं होती है.






**"अभी फरियादियों के सामने ही थाने के संबंधित को बुलाया गया था. जहां भी लापरवाही मिली, उस थाने पर कार्रवाई की. अगर रेप पीड़िता के मामले में लापरवाही बरती जा रही है तो उसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.**

**डॉ. विपिन टाडा,**
एसएसपी गोरखपुर

# भीम आर्मी के सोनू ने दी थी सीएम और मंदिर उड़ाने की धमकी

**UPDATE**

### चार फरवरी को ट्विट कर बम से उड़ाने की दी थी धमकी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (23 June): चार फरवरी 2022 को ट्वीट पर सीएम योगी आदित्यनाथ और गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी. धमकी देने वाला सोनू भीम आर्मी का कार्यकर्ता है. उसने लेडी डॉन नाम से ट्विटर प्रोफाइल बनाकर एक-एक कर तीन ट्विट किए और सीएम को बम से उड़ाने की धमकी दी थी. कैंट पुलिस उसे गुरुवार को वारंट बी पर गोरखपुर लाई और रिमांड बनवाकर जेल भेज दिया. सोनू पिछले एक माह से आगरा जेल में था.

### फिरोजाबाद का है आरोपी

इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि लेडी डॉन नाम से ट्विट कर सीएम योगी और उनके गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ने की धमकी दी गई थी. मामले में पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया था और जांच में जुटी थी. जांच में सामने आया कि यह ट्विट फिरोजाबाद के सिरसागंज थाने के अहमदपुर निवासी सोनू सिंह पुत्र रामनाथ ने किया था. पुलिस उसकी तलाश में थी.

### पुलिस पर किया था हमला

इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि एक माह पूर्व एक मामले में पकड़ने गई आगरा पुलिस पर उसने जानलेवा हमला कर दिया था. जिसके बाद मई 2022 के पहले सप्ताह में आगरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था. जिसके बाद पुलिस ने आगरा जेल से वारंट बी के तहत गोरखपुर लाई. उसे गोरखपुर कोर्ट में पेश कर रिमांड बनवाकर पुलिस ने जेल भिजवा दिया.



FILE PHOTO

### मानव बम बन करेंगी हत्या

4 फरवरी की रात एक के बाद एक कर तीन ट्विट किए गए. पहले में लिखा था कि यूपी विधानसभा लखनऊ, रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर बम लगा दिया गया है. यह भी लिखा गया कि योगी आदित्यनाथ की भी हत्या हो जाएगी. एक घंटा बाद भीम सेना की अध्यक्ष सीमा सिंह योगी आदित्यनाथ को मानव बम बनकर मारेंगी. राशिद ने बम लगा दिया है. इसके बाद ही पुलिस हरकत में आ गई.

### आठ जगह लगा दिया बम

तभी फिर ट्विट किया गया और लिखा कि गोरखनाथ मठ में 8 जगह सुलेमान भाई ने बम लगा दिया है. बम फटने से हाहाकार मचेगा. मेरठ में 10 जगह बम ब्लास्ट की बात लिखी गई. जब यह ट्विट आ रहे थे, तब सीएम गोरखपुर में ही थे. लिहाजा यहां की सुरक्षा और ज्यादा बढ़ा दी गई थी.

### ट्विट कर लगाई थी फोटो

20 जनवरी को ही भीम आर्मी की अध्यक्ष सीमा ने ट्विट कर एक फोटो चस्पा की थी. उसमें लिखा था कि यह गोरखपुर की योगी के जिले की एक लड़की की है. उस पर एसिड फेंककर चेहरा जलाया गया है. जांच में यह फोटो पाकिस्तान के चार साल पुराने घटना की तस्वीर निकली. इसके बाद पुलिस ने गोरखपुर में सीमा के खिलाफ केस दर्ज किया था.

---

**ग्रीन कॉरिडोर** खेत में काम करते समय सांप ने काटा तो बेटे ले गए सरकारी अस्पताल

# 45 मिनट में पहुंचे जिला अस्पताल, बच गई जिंदगी

### चौरीचौरा से जिला अस्पताल लाते समय शहर में बनाया गया ग्रीन कॉरिडोर

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (23 June): सांप काटने पर लोग अक्सर झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ कर जान गंवा बैठते हैं. कुछ लोग पीड़ित इधर-उधर लेकर भटकने भी लगते हैं, लेकिन चौरीचौरा एरिया मोतीपाकड़ गांव रहने वाले अजीत की समझदारी ने उनके 57 वर्षीय पिता ओमप्रकाश की जान बचा ली. उनकी समझदारी को एंबुलेंस की तत्परता और पुलिस का भी साथ मिल गया. खेत में काम करते समय ओमप्रकाश को सांप काटा तो बेटा उन्हें चौरीचौरा स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले गया. डॉक्टर ने वहां एंटी स्नेक वेनम देकर जिला अस्पताल रेफर किया गया. इस बीच पुलिस ने रास्ते को ग्रीन कॉरिडोर बनवाते हुए महज 45 मिनट में पहुंचवा दिया. इलाज के बाद ओमप्रकाश अब बिल्कुल स्वस्थ हैं.



### काम करते वक्त सांप ने काटा

अजीत ने बताया कि उनके पिता 21 जून को खेत में काम कर रहे थे कि शाम पांच बजे के आसपास सांप ने काट लिया. उनके भाई ने उन्हें फोन से इस बारे में बताया तो उन्होंने भाई को समझाया कि सर्पदंश वाले हाथ को बांध दें और फौरन लेकर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे. अजीत को यह पता था कि स्वास्थ्य केंद्र पर सर्पदंश से बचाव की सुई उपलब्ध होती है. निजी साधन से ओमप्रकाश को चौरीचौरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने के बाद डॉक्टर को दिखाया गया. गांव के लोग सांप को भी मार कर साथ ले गए थे. डॉक्टर ने दवा दी, लेकिन सांप की पहचान नहीं हो पाई. ऐसे में डॉक्टर ने सलाह दिया कि एंबुलेंस की मदद से ओमप्रकाश को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जाए. शाम को 5.46 पर 108 नंबर एंबुलेंस को कॉल किया गया और महज 13 मिनट में एंबुलेंस पहुंच गई.

### बदहवास हो रहे थे ओमप्रकाश

एंबुलेंस के इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निशियन (ईएमटी) सुनील कुमार ने बताया कि मामला उच्च जोखिम से जुड़ा होने के कारण उन्होंने तुरंत प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेद्वी को सूचना दी और बताया कि शहर में जाम से बचने के लिए ग्रीन कॉरीडोर बनवाएं. ओमप्रकाश को झटके आ रहे थे और वह बदहवास भी थे. समय से अस्पताल लेकर पहुंचना आवश्यक था. सुनील बताते हैं कि अगर शहर में जाम मिल जाए तो जिला अस्पताल पहुंचने में डेढ़ से दो घंटे का समय भी लग सकता है. यही वजह है कि ओमप्रकाश को लेकर चलते समय ही प्रोग्राम मैनेजर को ग्रीन कॉरीडोर बनवाने के बारे में सूचना दे दी. पॉयलट राजेश यादव ने भी पूरी तेजी के साथ एंबुलेंस ड्राइव किया. प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेद्वी ने बताया कि ग्रीन कॉरीडोर बनाने के लिए उन्होंने ट्रैफिक कंट्रोल रूम को सूचना दी और ट्रैफिक पुलिस एक्टिव हो गई. शहर के अंदर देवरिया गोरखपुर मार्ग से लेकर मोहद्दीपुर होते हुए जिला अस्पताल तक कॉरीडोर बनाया गया और एंबुलेंस 45 मिनट में ही जिला अस्पताल पहुंच गई. अगर यह कॉरीडोर नहीं होता तो शाम को लगने वाले जाम में एंबुलेंस फंस सकती थी. ओमप्रकाश के बेटे अजीत ने बताया कि उनके पिता का जिला अस्पताल में इलाज हुआ और वह ठीक हो गए. इसके बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया. अब वह ठीक हैं. यह सब संभव न हो पाता अगर चिकित्सक, एंबुलेंस और पुलिस का सहयोग न मिलता.

> **पुलिस के साथ समन्वय में विशेष परिस्थिति में ग्रीन कॉरीडोर बना कर पेशेंट्स को अस्पताल पहुंचाया गया. ग्रीन कॉरिडोर बनवाने की परिकल्पना जिले के एसएसपी विपिन टांडा, एसपी ट्रैफिक एमपी सिंह और मैंने मिलकर चर्चा के उपरांत गोरखपुर में किया. इस पहल में स्वास्थ्य विभाग के मुखिया सीएमओ डॉक्टर आशुतोष कुमार दुबे की अहम भूमिका रही है.**
>
> **डॉ. नंद कुमार,** नोडल अधिकारी एवं एसीएमओ आरसीएच

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**GORAKHPUR :** गगहा एरिया में शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट है. इस दौरा गजपुर इलाके में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर मॉक ड्रिल किया. साथ ही पुलिस ने लोगों को शांति बनाए रखने की अपील की. थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे मैसेज पर खास नजर रखी जा रही है. वहीं संवेदनशील इलाके में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है. इलाके में भारी फोर्स तैनात की दी गई है.

# शहर के सभी मोहल्लों में कैमरा लगवाएगी पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बाजार के साथ ही सुरक्षा के लिहाजा से अब शहर के मोहल्लों में भी सीसीटीवी कैमरा लगवाने की तैयारी शुरू हो गई है। शहर की पुलिस अपने-अपने इलाके के मोहल्लों में लोगों से सम्पर्क कर उन्हें सुरक्षा के बारे में बताते हुए कैमरा लगवाएगी। फिलहाल इसकी शुरुआत आठ मोहल्लों से होगी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शहरी क्षेत्र के आठ थानेदारों को उनके क्षेत्र के एक-एक मोहल्ले की जिम्मेदारी दी है उन मोहल्लों का चयन भी कर लिया गया है।

शहर में होने वाली तमाम घटनाओं का खुलासा सीसी टीवी कैमरों की वजह से आसानी से हो जाता है। घटना अंजाम देने के बाद बाजार से निकल कर मोहल्ले से होकर अक्सर बदमाश भागने का प्रयास करते हैं। मोहल्लों में कैमरे न होने से पुलिस को थोड़ी दिक्कत होती है। यही नहीं मोहल्लों में बंद घरों में चोरी की घटनाएं भी ज्यादा होती हैं। जहां कैमरा लगा होता है वहां चोरी या लूट की कोशिश बदमाशों द्वारा अन्य जगहों की अपेक्षा कम ही की जाती है।

- आठ मोहल्लों का पायलेट प्रोजेक्ट के तहत हुआ चयन
- थानेदार इन मोहल्लों से बात कर करेंगे कैमरे की व्यवस्था

## इन मोहल्लों का हुआ चयन

शाहपुर थानाक्षेत्र में राजीव नगर, गोरखनाथ में शास्त्रीपुरम व विकासनगर, राजघाट में तुर्कमानपुर, कोतवाली में मदीना मस्जिद से शाहमारुफ, तिवारीपुर में घासीकटरा, खोराबार में सहारा इस्टेट, रामगढ़ताल में वरदायनी मोहल्ला, कैंट थानाक्षेत्र के बेतियाहाता में पहले चरण में कैमरा लगाने का लक्ष्य दिया है।

## प्रवेश-निकासी के रास्ते पर अनिवार्य

मोहल्ले के सभी घरों और दुकानों में कैमरा लगाने के लिए पुलिसवाले लोगों से बात तो करेंगे ही लेकिन निकासी और प्रवेश के रास्ते पर कैमरे को प्राथमिकता दी जाएगी।

## एडीजी जोन चला रहे हैं त्रिनेत्र अभियान

गोरखपुर। एडीजी जोन अखिल कुमार ने त्रिनेत्र अभियान शुरू किया है। जिसके तहत जोन के सभी जिलों में प्रतिष्ठित संस्था, बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाके, पास कॉलोनी, सड़क के आसपास, बड़ी इमारतों के साथ सभी महत्वपूर्ण स्थान पर सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। पुलिस शहर के हर कोने को सीसीटीवी से लैस करने के लिए व्यापारी, कारोबारी, स्वयंसेवी संस्था, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रही है।

# असलहे के बल पर अपहरण करने वाले दे रहे धमकी

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर एक निवासी बरसाती देवी ने गुरुवार को एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को पत्र देकर उनके पुत्र का 18 जून को असलहे के बल पर अपहरण करने वाले मनबढ़ धमकी दे रहे हैं।

पीड़िता का आरोप है कि उसका पुत्र राजू 18 जून की सुबह चार बजे सो रहा था। घर की महिलाएं टहलने के लिए बाहर चली गई थी। इसी बीच सुनसान पाकर थाना क्षेत्र के सेमरा नंबर एक एवं जंगल डुमरी नंबर दो के तीन लोग पहुंचे और उसके पुत्र राजू को घर में घुसकर असलहा सटाकर अपहरण कर अज्ञात स्थान पर लेकर चले गए। पीड़िता ने बेटे से बात कर बताया कि जमीन रजिस्ट्री को लेकर अपहरण किया गया है।

# दहेज हत्या में आरोपी ननद को भेजा जेल

हरपुर बुदहट। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बरयाभीर में 19 फरवरी 2022 को विवाहिता प्रिया यादव की फांसी से लटकी हुई लाश मिली थी।

विवाहिता के पिता की तहरीर पर हरपुर बुदहट पुलिस ने दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओं में पति, सास और ननद पर मुकदमा दर्ज किया था। सूचना पर पुलिस ने गुरुवार को ननद रविन्दा यादव को थाना क्षेत्र के रसूलपुर चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव के चंद्रभान यादव अपनी बेटी प्रिया यादव की शादी 6 दिसम्बर 2021 को हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बरयाभीर निवासी इंद्रेश यादव के बेटे संजय यादव के साथ की थी। लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज के लिये प्रिया यादव पर जुल्म शुरू कर दिया था। 19 फरवरी को संदिग्ध अवस्था में प्रिया यादव का फांसी पर लटका हुआ शव मिला था। पिता ने आरोपी पति संजय यादव सास सुदामी देवी, और ननद रविन्दा यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

सीएम योगी आदित्यनाथ पर हमले के साथ गोरखनाथ मंदिर उड़ाने के किए थे ट्वीट

# भीम आर्मी से जुड़ा था मंदिर उड़ाने की धमकी देने वाला

**04** फरवरी को ट्वीट कर दी थ मंदिर उड़ाने की धमकी

**20** जनवरी को सीमा सिंह के नाम से भी हुए थे कई ट्वीट

**01** माह पूर्व आगरा पुलिस ने किया था गिरफ्तार

- मुकदमा दर्ज कर सोनू की तलाश में जुटी थी कैंट थाने की पुलिस
- पकड़ने गई आगरा पुलिस पर आरोपी सोनू ने किया था हमला

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमले के साथ ही गोरखनाथ मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाला सोनू आखिरकार गोरखपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। केस की विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय सोनू की तलाश में लगे थे।

इसी बीच उन्हें पता चला कि सोनू आगरा पुलिस की गिरफ्त में हैं। इस पर इंस्पेक्टर राय ने सोनू को गोरखपुर लाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। वारंट बी के जरिये कैंट पुलिस गुरुवार को उसे गोरखपुर लेकर आई और यहां कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि सोनू भीम सेना से जुड़ा है। लेडी डॉन नामक ट्वीटर हैंडल से हुए ट्वीट में उसने भीम आर्मी की महिला प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह का नाम भी उसने ट्वीट में शामिल किया था। पुलिस की जांच में ही पता चलेगा कि सीमा सिंह का इस ट्वीट से कोई संबंध है अथवा नहीं।

**मई के पहले हफ्ते में पकड़ा था आगरा पुलिस ने:** इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि एक माह पूर्व एक मामले में पकड़ने गई आगरा पुलिस पर उसने जानलेवा हमला कर दिया था। जिसके बाद मई के पहले सप्ताह में आगरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था। इसके बाद से ही गोरखपुर की कैंट थाने की पुलिस उसे गोरखपुर लाने के लिए प्रयास में जुटी थी। फिरोजाबाद के एसपी देहात अखिलेश नारायण ने बताया कि सिरसागंज में सोनू के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं है। लेडी डॉन के नाम से एकाउंट बनाने के बाद वह चर्चा में आया था।



गुरुवार को कैंट पुलिस गोरखनाथ मंदिर उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी सोनू को वारंट बी के जरिए गोरखपुर लेकर पहुंची। • हिन्दुस्तान

## सीमा सिंह नाम के ट्विटर हैंडल से भी ट्वीट

20 जनवरी को भीम आर्मी की महिला प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह के नाम से बने ट्विटर हैंडल से भी एक ट्वीट हुआ था। ट्वीट में एक फोटो के साथ लिखा था कि यह गोरखपुर की योगी के जिले की एक लड़की की फोटो है। उस पर एसिड फेंक कर चेहरा जलाया गया है। जांच में यह तस्वीर पाकिस्तान की निकली। इसके बाद पुलिस ने गोरखपुर में ट्वीटर हैंडलर सीमा सिंह के खिलाफ भी केस दर्ज किया था। जांच में पता चला कि उस ट्वीट को भी सोनू ने ही किया था।

## एक माह से था जेल में

इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि एक माह पूर्व एक मामले में पकड़ने गई आगरा पुलिस पर उस जानलेवा हमला कर दिया था। जिसके बाद मई के पहले सप्ताह में आगरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था।

## पोस्ट को लेकर चर्चा में रहता है सोनू

सोनू के गांव के लोगों की मानें तो वह अक्सर सोशल मीडिया पर पोस्ट डालता रहता है। जिसको लेकर वह चर्चाओं में रहता है। वह ज्यादातर समय दिल्ली में ही रहता है। सिरसागंज पुलिस के अनुसार करीब चार महीने पहले सोनू थाने पहुंचा था। उसने कहा था कि उसे तीन-चार लोगों ने घेरकर मारने की कोशिश की है। पुलिस ने जब घटनास्थल पूछा तो थाना नारखी क्षेत्र बताया। इसके बाद पुलिस ने थाने से लौटा दिया था। सोनू सिंह ने 24 अप्रैल को एसएन मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस पर बवाल का प्रयास किया था। वह पेट्रोल बम लेकर आया था।

---

**पहल** | सर्पदंश के मरीज की जान बचाने के लिए पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर बनाया, समय से अस्पताल पहुंचने से बच गई मरीज की जान

# ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मरीज को पहुंचाया अस्पताल

**सराहनीय**



- खेत में काम करते समय ओमप्रकाश को सांप ने डसा तो बेटे ले गये सरकारी अस्पताल
- चौरीचौरा से जिला अस्पताल लाते समय शहर में बनाया गया ग्रीन कॉरिडोर

"ग्रीन कॉरिडोर बनाने के लिए ट्रैफिक कंट्रोल रुम को सबसे पहले सूचना दी जिसपर ट्रैफिक पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस की मदद से पीड़ित 45 मिनट में जिला अस्पताल पहुंच गया। नंद कुमार, एसीएमओ

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सर्प दंश के मरीज की जान बचाने के लिए पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर बनाया। एम्बुलेंस को चौरीचौरा से जिला अस्पताल तक महज 45 मिनट में पहुंचाया। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से मरीज की जान बच गई।

मोतीपाकड़ गांव रहने वाले ओमप्रकाश खेत में काम कर रहे थे। मंगलवार शाम पांच बजे के आसपास सांप ने डस लिया। पुत्र अजीत ने सर्पदंश वाले हाथ को गमछे से बांध दिया। वह ओमप्रकाश को निजी साधन से लेकर चौरीचौरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। इस बीच ग्रामीणों ने सर्प को मार डाला। वह भी सांप को लेकर सीएचसी पहुंचे। चिकित्सक ने दवा दी लेकिन सांप की पहचान नहीं हो पाई। ऐसे में डॉक्टर ने सलाह दी कि एम्बुलेंस की मदद से ओमप्रकाश को जिला अस्पताल पहुंचाया जाए। शाम को 5.46 पर 108 नंबर एम्बुलेंस को कॉल किया गया और महज 13 मिनट में एम्बुलेंस पहुंच गई।

ईएमटी सुनील कुमार ने प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेद्वी को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि शहर में जाम से बचने के लिए ग्रीन कॉरीडोर बनवाएं। ओमप्रकाश को झटके आ रहे थे। वह बदहवास भी थे। समय से अस्पताल लेकर पहुंचना आवश्यक था। ओमप्रकाश को लेकर चलते समय ही प्रोग्राम मैनेजर को ग्रीन कॉरीडोर बनवाने के बारे में सूचना दे दी।

**पुलिस ने बनवाया ग्रीन कॉरिडोर:** एडिशनल सीएमओ डॉ. नंद कुमार ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर बनाने के लिए उन्होंने ट्रैफिक कंट्रोल रूम को सूचना दी और ट्रैफिक पुलिस सक्रिय हो गयी। शहर के भीतर देवरिया गोरखपुर मार्ग से लेकर मोहद्दीपुर होते हुए जिला अस्पताल तक कॉरीडोर बनाया गया। एम्बुलेंस 45 मिनट में ही जिला अस्पताल पहुंच गयी। अगर यह कॉरीडोर नहीं होता तो शाम को लगने वाले जाम में एम्बुलेंस फंस सकती थी। मरीज स्वस्थ होकर गुरुवार को डिस्चार्ज हो गया।

# गैंगस्टर के आरोपित को पुलिस ने पकड़ा

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी बुटन यादव उर्फ संतोष यादव निवासी राघो पट्टी पड़री टोला फैलहा थाना झंगहा को पकड़ लिया। उस पर दो केस दर्ज हैं। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# चोरी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने चोरी के आरोपी धीरज यादव पुत्र गुलाब यादव निवासी अजयपुरा (मरवट) थाना मदनपुर जनपद देवरिया को पकड़ लिया। उसने इलाके में वर्ष 2021 में चोरी किया था और तभी से फरार था।

# चिलुआताल में चोरी में तीन गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों शिवम कुमार मिश्रा, विकास यादव निवासी नरही थाना पीपीगंज और नंद कुमार पुत्र परमहंस झरना टोला को पकड़ लिया। पुलिस ने इनके पास से चोरी हुए तीन मोबाइल फोन बरामद किया है।

# अपहरण का आरोपित अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने गुरुवार की सुबह साढ़े दस बजे विवि चौराहे से मोहद्दीपुर जाने वाली सड़क पर अपहरण के आरोपित शनि गुप्ता निवासी बहुरिया टोला बड़वा राजा पाकर थाना तुर्कपट्टी जिला कुशीनगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि बेटी को शनि गुप्ता लेकर चला गया है।

# पुलिस ने लूट में फरार चल रहे आरोपित को पकड़ा

गोरखपुर। वर्ष 2021 में पिपराइच इलाके में बैंक से पैसा निकाल कर घर जा रही महिला से लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लुटेरे की पहचान दीपक कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी सेमरा नंबर 2 थाना गुलरिहा के रूप में हुई थी।

# गोवध एवं पशु क्रूरता अधिनियम का आरोपी गिरफ्तार

चौरीचौरा। चौरीचौरा पुलिस ने गुरुवार को फरार चल रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है। चौरीचौरा के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पीपीगंज थानाक्षेत्र के जंगल बिहुली बेलहवा बंजारा टोला निवासी कलीम पुत्र घुरहू उर्फ नन्हे को गिरफ्तार कर लिया।

# बिना जांच दीवानी कचहरी में प्रवेश नहीं

**सख्ती**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने गुरुवार को दीवानी कचहरी की सुरक्षा की जांच की और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत कर कचहरी में प्रवेश से पहले सभी की चेकिंग कराने पर सहमति बनाई है। एसपी सिटी ने कचहरी परिसर के लॉकअप की सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने का भी निर्णय लिया।

दीवानी कचहरी के मुख्य गेट के बाहर साइकिल स्टैंड में दुष्कर्म के आरोपी की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जब वह तारीख पर आया था। उसके बाद ही पुलिस अफसरों के आदेश पर दीवानी कचहरी की सुरक्षा को और सख्त की गई है। गुरुवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार ने कचहरी परिसर की सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बात की और कचहरी के लॉकअप से लेकर परिसर तक की जांच की।

# जुमे की नमाज आज, शांति और सौहार्द की अपील

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** जुमा पर गोरखपुर में अमन-चैन बरकरार रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। वहीं, उलमा ए किराम भी शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। जिले में धारा 144 भी लागू है। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है। वहीं शहर के उलमा ए किराम ने मुसलमानों से जुमा की नमाज शांति से अदा करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

चिश्तिया मस्जिद बक्शीपुर के इमाम हाफिज महमूद रजा कादरी ने कहा कि शुक्रवार को जुमे की नमाज अमन और शांति का साथ पढ़ें। नमाज के बाद युवा किसी प्रकार का प्रदर्शन या हंगामा न करें। युवा किसी के बहकावे में न आएं और कॅरिअर पर ध्यान दें। बच्चों पर अभिभावक खास ध्यान दें। उलमा ए किराम और मुस्लिम बुद्धिजीवियों से निवेदन है कि इस मामले में आगे आएं और शांति व्यवस्था स्थापित करने में सहयोग करें।

गौसिया जामा मस्जिद छोटे काजीपुर के इमाम मौलाना मोहम्मद अहमद निजामी ने कहा कि पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम तमाम जहान के लिए रहमत बनकर तशरीफ लाएं। पैगंबरे इस्लाम ने पूरी दुनिया को अमनो शांति व भाईचारे का पैगाम दिया। इसलिए हमें जुमा की नमाज पर अमन, चैन, आपसी प्रेम और भाईचारा बनाए रखना है। कोई भी सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करे। शांति से जुमा की नमाज अदा करें। सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाजार के इमाम हाफिज रहमत अली निजामी ने कहा कि गोरखपुर की जनता ने सदैव कौमी एकता, भाईचारा और सदभावना का संदेश दिया है।

## सौहार्द बिगाड़ने वाली तकरीर न करें

उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ में पंजीकृत अवकाफ के सभी मुतवल्लियों एवं प्रबंध कमेटियों तथा प्रशासकों को निर्देशित किया है। मस्जिदों में होने वाली पंजगाना नमाज और खास तौर से जुमे की नमाज में किसी भी तरह का खुतबा या तकरीर या कोई बयान ऐसा नहीं दिया जाएगा जिससे आपसी सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका हो। मस्जिदों में नमाज के अतिरिक्त किसी भी तरह के जलसे के लिए भीड़ इकट्ठी नहीं की जाएगी।

# जिंदा व्यक्ति को अभिलेख में 'मुर्दा' करने वाला लेखपाल गिरफ्तार

बेलीपार, हिन्दुस्तान संवाद। जिंदा व्यक्ति को सरकारी अभिलेखों में 'मुर्दा' करने वाले लेखपाल को गुरुवार शाम को बेलीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लेखपाल के ऊपर 11 साल पहले बेलीपार थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दिया था। एसडीएम सहजनवा से अनुमति लेकर गुरुवार को लेखपाल को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ चौकी अंतर्गत पेवनापुर गांव निवासी पराग विश्वकर्मा को एक साजिश के तहत गांव के कुछ लोगों ने लेखपाल तथा कानूनगो से मिलकर साजिश के तहत सरकारी अभिलेख में मृत दिखा दिया था। पराग को जब इसकी जानकारी हुई तब उन्होंने बेलीपार थाने में शिकायत की। पेवनापुर गांव उस वक्त बेलीपार थाने के इलाके में ही आता था। पराग ने तहरीर दी थी कि उसकी पत्नी फूलमती व बेटा गोपाल की जगह गांव के ही अजय मौर्या पुत्र श्याम राज मौर्या तथा एक अन्य महिला ने उन्हें मृत बताकर बेटा तथा पत्नी बनकर तत्कालीन कानूनगो मजिबुल्लाह, लेखपाल लव कुमार सिंह की मिलीभगत से करीब डेढ़ डिसमिल जमीन अपने नाम दर्ज करा लिया था। तत्कालीन थाना क्षेत्र बेलीपार में अपराध संख्या 281/11 धारा 419, 420, 476, 467, 468, 120 बी के तहत केस दर्ज हुआ था। बेलीपार पुलिस ने आरोपित अजय मौर्या एक अन्य महिला तथा कानूनगो के खिलाफ पहले ही आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। वर्तमान समय में सहजनवा थाना क्षेत्र में राजस्व लेखपाल के रूप में कार्यरत लव कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय राम दयाल सिंह मूल निवासी समुदा ,हरपुर बुदहट, हालमुकाम शिवाजी नगर कॉलोनी रानीबाग थाना रामगढ़ ताल को बेलीपार पुलिस ने उनके आवास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**कार्रवाई**

- आरोपी लेखपाल को बेलीपार पुलिस ने किया गिरफ्तार
- गीडा के पेवनापुर निवासी पराग ने 2011 में दर्ज कराया था मुकदमा

# कुसम्ही बाजार में खुलेगी पुलिस चौकी

गोरखपुर। बुढ़िया माई मंदिर और कुसम्ही जंगल में होने वाली वारदात को रोकने के लिए एसएसपी डा. विपिन ताडा ने कुसम्ही बाजार में पुलिस चौकी खोलने का फैसला किया है। रात को जंगल और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की मुस्तैदी कम हो जाती है। जिसकी वजह से आए दिन वारदात होती है। कुसम्ही में चौकी खुलने के बाद स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

# फिरोजाबाद के सोनू ने दी थी मंदिर उड़ाने की धमकी

**खुलासा**

- आगरा से वारंट बी पर गोरखपुर लाई पुलिस
- एक महीने से आगरा जेल में था सोनू

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। 'लेडी डॉन' नाम के ट्वीटर हैंडल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमले के साथ ही गोरखनाथ मंदिर को उड़ाने की धमकी फिरोजाबाद के सोनू सिंह नामक शातिर ने दी थी। सोनू को गोरखपुर पुलिस गुरुवार को आगरा से वारंट बी पर यहां लाई और पूछताछ की तब सारा मामला खुला। सोनू एक महीने से एक अन्य मामले में आगरा पुलिस की गिरफ्त में था।

दरअसल, बीते 4 फरवरी को 'लेडी डॉन' नामक ट्वीटर हैंडल से एक के बाद एक कर तीन ट्वीट किए गए थे। ट्वीट में यूपी विधानसभा, लखनऊ रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर बम लगाने की बात लिखी थी। सीएम पर भी हमले की धमकी दी गई थी।

पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की तब पता चला कि लेडी डॉन नाम से ट्वीटर हैंडल चलाने वाला फिरोजाबाद के सिरसागंज थाना क्षेत्र के अहमदपुर का सोनू सिंह पुत्र रामनाथ है। एक टीम उसे दबोचने फिरोजाबाद भी गई थी पर तब वह हत्थे नहीं चढ़ा।

> भीम आर्मी से जुड़ा था P 05

# दहेज हत्यारोपित युवती को भेजा जेल

**हरपुर बुदहट** : दहेज हत्या के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को मृतका की ननद को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। मामला हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम बरयाभीर का है। प्रिया यादव ने शादी के ढाई माह बाद बीते 19 फरवरी को फंदे से लटककर जान दे दी थी। मृतका के संतकबीर नगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के सोनडीहा निवासी पिता का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए उनकी पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति संजय यादव, सास सुदामी देवी, ननद रविन्दा यादव के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

# रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगने वाले दो दबोचे गए

गोरखपुर। रेलवे में फर्जी नियुक्ति पत्र देकर युवकों से ठगी करने वाले दो जालसाजों को गुरुवार रात पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में गोरखपुर का जितेंद्र कुमार त्रिपाठी रेलवे से रिटायर्ड है तो बलिया का रहने वाला अनिल कुमार सिंह रेलकर्मी है। P04

# असलहे के साथ पकड़ा गया आरोपित

मुंडेरा बाजार : गोवध अधिनियम व पशु क्रूरता के आरोप में फरार चल रहे आरोपित को गुरुवार को चौरी चौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित कलीम पीपीगंज थाने के जंगल बिहुली बेलहवा बंजारा टोला का रहने वाला है। आरोपित के पास से पुलिस ने एक असलहा व एक कारतूस भी बरामद किया है। (जासं)

# 10 हजार के इनामिया को पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

महादेव बाज़ार : सिकरीगंज थाना पुलिस ने गुरुवार को 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपित सोनू सिकरीगंज थाना क्षेत्र के कासिमपुर के टोला लोना का रहने वाला है। वह लूट के आरोप में फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष सिकरीगंज दीपक सिंह ने गुरुवार दोपहर में आरोपित को उसके घर के पीछे से गिरफ्तार किया।

# कुसम्ही बाजार में खुलेगी पुलिस चौकी

**जासं. गोरखपुर :** बुढ़िया माई मंदिर और कुसम्ही जंगल में होने वाली वारदात रोकने के लिए एसएसपी ने कुसम्ही बाजार में पुलिस चौकी खोलने का फैसला किया है।

रात को जंगल और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की मुस्तैदी कम हो जाती है। जिसकी वजह से आए दिन वारदात होती है। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि खोराबार थाना क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में चौकी खोलने के लिए जगह की तलाश चल रही है।

# आगरा जेल से सोनू को ले आयी पुलिस

## 'लेडी डान' की आइडी से गोरखनाथ मंदिर व रेलवे स्टेशन उड़ाने की दी थी धमकी

**जासं., गोरखपुर** : 'लेडी डान' के नाम से बने फर्जी ट्विटर हैंडल से मुख्यमंत्री पर हमला व गोरखनाथ मंदिर उड़ाने की धमकी देने वाले सोनू कुमार को कैंट थाना पुलिस गुरुवार को वारंट बी पर आगरा से गोरखपुर ले आई। आरोपित सोनू फिरोजाबाद जिले का रहने वाला है। एक माह पहले उसे आगरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था।



कैंट पुलिस की गिरफ्त में फिरोजाबाद का रहने वाला सोनू ● जागरण

आरोपित ने चार फरवरी को 'लेडी डान' के नाम से बने ट्विटर हैंडल से गोरखनाथ मंदिर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। इस आइडी से लगातार तीन ट्वीट किए गए थे। पहले ट्वीट में लिखा था कि उत्तर प्रदेश विधानसभा, रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर बम लगा दिया गया है। दूसरे ट्वीट में लिखा, भीम सेना की अध्यक्ष सीमा सिंह मानव बम बनकर मुख्यमंत्री पर हमला करेगी। राशिद ने गोरखनाथ मंदिर में बम लगा दिया है। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। तभी फिर ट्वीट किया गया और लिखा कि गोरखनाथ मंदिर में सुलेमान भाई ने बम लगा दिया है। एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस 'लेडी डान' के नाम से बनी आइडी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी, जिसमें पता चला कि धमकी देने वाला सोनू कुमार फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज थाना क्षेत्र के अहमदपुर का रहने वाला है। तलाश में साइबर सेल व क्राइम ब्रांच की टीम फिरोजाबाद पहुंची, लेकिन सफलता नहीं मिली। एक माह पहले आगरा पुलिस ने अपने यहां दर्ज मुकदमे में उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक कैंट थाना शशिभूषण राय ने बताया कि वारंट बी पर सोनू कुमार को गुरुवार की सुबह आगरा से गोरखपुर लाया गया। यहां कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया।

# जुमे को लेकर अलर्ट पर पुलिस

## तीन जोन व नौ सेक्टर में बंटा शहर, अधिकारियों ने की पैदल गश्त

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले की पुलिस अलर्ट पर है। सुरक्षा के लिहाज से शहर को तीन जोन व नौ सेक्टर में बांटा गया है। गुरुवार की शाम को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पैदल गश्त करने के साथ ही दुकानदारों व धर्म गुरुओं से बात की।

एसएसपी डा.विपिन ताडा ने गुरुवार की शाम जिले के सभी पुलिस अधिकारी व थानेदारों के साथ आनलाइन मीटिंग की। जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग क्षेत्र में रहें। बाजार में गश्त कर दुकानदारों के साथ ही धर्मगुरुओं से मुलाकात कर बातचीत कर लें। यदि कोई गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साइबर सेल की टीम इंटरनेट मीडिया पर अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों की निगरानी कर रही है। मीटिंग के बाद एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी साउथ अरुण सिंह, एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने थानेदारों के साथ पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। एसएसपी डा.विपिन ताडा ने बताया कि किसी ने कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की तो पुलिस सख्ती से निपटेगी।

## डीआइजी ने लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने का दिए निर्देश

**जासं, गोरखपुर** : पुलिस उप महानिरीक्षक जे रविन्दर गौड ने साइबर थाने की टीम को लंबित मामले के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि साइबर थाने की टीम को बेहद सक्रियता अपनानी होगी। उसकी सक्रियता व मेहनत से ही साइबर ठगी के लंबित मामलों का निस्तारण होगा।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने गुरुवार को साइबर थाने की स्थापना के दो वर्ष पूरे होने पर उसका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फाइलों का रखरखाव देखा। रखरखाव व सफाई पर संतोष जताया। उप निरीक्षक उपेंद्र सिंह से थाने में रोजाना आने वाले मामलों की संख्या पूछी। उप निरीक्षक ने बताया कि थाने में रोजाना साइबर ठगी के चार से पांच मामले आते हैं। इसमें एक लाख रुपये से ऊपर ठगी होने पर मामला दर्ज होता है। शेष मामलों को संबंधित थाने पर भेज दिया जाता है। बताया कि दो साल में साइबर ठगी के शिकार नागरिकों के तकरीबन करीब एक करोड़ रुपये वापस कराए जा चुके हैं।

# दुष्कर्म के आरोपित अधिवक्ता की जमानत निरस्त

**जासं. गोरखपुर** : दुष्कर्म के आरोपित कोतवाली थाना क्षेत्र के रुद्दलपुर निवासी अब्दुल वहाब का जमानत प्रार्थना पत्र अपर सत्र न्यायाधीश कमालुद्दीन ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद पांडेय एवं सिद्धार्थ सिंह का कहना था कि पीड़िता का विवाह विच्छेद का मुकदमा वर्ष 2017 से दीवानी कचहरी में चल रहा था। मुकदमे की पैरवी के दौरान ही उसका संपर्क अधिवक्ता अब्दुल वहाब से हुआ। आरोपित परामर्श के बहाने पीड़िता के घर आने जाने लगा। पीड़िता के लिए खाने पीने का सामान तथा मिठाई लेकर उसके घर आया। मिठाई खाने के बाद पीड़िता बेहोश हो गई। आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उसका वीडियो भी बना लिया। वह पीड़िता को धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता के गर्भवती होने पर आरोपित ने परिचित अजमल व अन्य को घर पर बुलाकर पीड़िता का गर्भपात करा दिया। आरोपित ने पीड़िता का जबरन मतांतरण कराकर निकाह किया। विरोध पर सिगरेट से जलाया और प्रतिबंधित मांस भी खिलाया।

# निजी सीसी कैमरों से और पुख्ता होगी शहर की सुरक्षा व्यवस्था

- आठ थाना क्षेत्रों के एक-एक मोहल्ले में हो रही शुरुआत
- जनसहयोग से लगेंगे कैमरे, जुलाई तक पूरा होगा पहला चरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** निजी सीसी कैमरों के जरिये पुलिस शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करेगी।संस्थानों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने का नया प्लान तैयार किया गया है।अभियान के पहले चरण में शहर क्षेत्र के आठ थाना क्षेत्रों के एक-एक मोहल्ले में सीसी कैमरे लगेंगे।थानेदारों ने एसपी सिटी को सूची भेज दी है।चयनित मोहल्ला/कालोनी को जुलाई के आखिरी सप्ताह तक कैमरे से लैस कर लेने का लक्ष्य है।

एडीजी जोन अखिल कुमार ने त्रिनेत्र अभियान शुरू किया है।इसके तहत जोन के सभी जिलों में प्रतिष्ठित संस्था, बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाकों, पाश कालोनी, सड़क के आसपास, बड़ी इमारतों के साथ सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं।पुलिस शहर के हर कोने को सीसी कैमरे से लैस करने के लिए व्यापारियों, कारोबारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रही है।

पुलिस अधिकारी सभी लोगों से संस्थान के अंदर व बाहरी हिस्से में सीसी कैमरे लगाने की अपील कर रहे हैं।कैमरे लगने के बाद उसका लिंक पुलिस लाइन में बने कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा।इसके जरिये पुलिस शहर में हो रही हर गतिविधि पर नजर रखेगी।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पहले चरण में एक थानाक्षेत्र के एक मोहल्ले में सीसी कैमरे लगेंगे।नाम का चयन होने के बाद कैमरे लगवाने की तैयारी शुरु हो गई है।

**पहले इन मोहल्लों में लगेंगे कैमरे** : पहले चरण में कैंट थानाक्षेत्र के बेतियाहाता, कोतवाली के शाहमारुफ, राजघाट के तुर्कमानपुर, तिवारीपुर के घासीकटरा, खोराबार के सहारा इस्टेट, रामगढ़ताल के बुद्ध बिहार, शाहपुर के राप्तीनगर और गोरखनाथ के शास्त्रीपुरम, विकास नगर मोहल्ले में सीसी कैमरे लगेंगे।जिन स्थानों पर कैमरे लगने है पुलिस उसकी गूगल मैपिंग कर रही है।

## कचहरी में लगेंगे तीन और बैग स्कैनर व 20 सीसी कैमरे

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : दीवानी कचहरी की सुरक्षा-व्यवस्था और चौकस होगी। मुख्य गेट के अलावा तीन अन्य रास्तों पर भी बैग स्कैनर लगेंगे। पुराने के अलावा 20 सीसी कैमरे लगेंगे। गुरुवार को एसपी सिटी ने कचहरी में बम निरोधक दस्ता व डाग स्क्वाड के साथ जांच की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।



कचहरी मे चेकिंग के दौरान अधिवक्ताओ से बात करते एसपी सिटी। जागरण

दोपहर एक बजे एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ कैंट श्यामदेव बिंद, प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय के साथ दीवानी कचहरी पहुंचे। बम निरोधक दस्ता व डाग स्क्वाड के साथ परिसर की जांच की। सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। कचहरी लाकअप पहुंचने पर आसपास कई बाहरी लोग घूमते मिले। एसपी सिटी ने उन्हें चेतावनी देकर हटाने के साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को चौकसी बरतने के निर्देश दिए। न्यायालय सुरक्षा-व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों के सुस्त मिलने पर एसपी सिटी ने नाराजगी जताई। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत कर तय किया गया कि बिना चेकिंग के कचहरी में किसी को प्रवेश न दिया जाए। एक घंटे तक एसपी सिटी फोर्स के साथ कचहरी में मौजूद रहे।

# दस्तावेजों में हेराफेरी करने के आरोप में लेखपाल गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बेलीपार :** दस्तावेज में हेराफेरी करने के आरोप में बेलीपार पुलिस ने गुरुवार को लेखपाल को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने एक जीवित व्यक्ति को मृत घोषित दिखाकर उसकी संपत्ति गांव के दूसरे व्यक्ति के नाम कराने में मदद की थी।

गीडा थाना क्षेत्र के पेवनपुर निवासी पराग विश्वकर्मा को 11 वर्ष पूर्व गांव के तत्कालीन लेखपाल लव कुमार सिंह व कानूनगो मजिबुल्लाह की मिलीभगत से मृत दिखाकर गांव के अजय मौर्या व एक अन्य महिला उनकी भूमि अपने नाम करा ली थी। पराग विश्वकर्मा को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने अजय मौर्या, कानूनगो व लेखपाल के विरुद्ध जालसाजी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी थी। गुरुवार को पुलिस ने लेखपाल लव कुमार सिंह(वर्तमान में सहजनवां क्षेत्र में कार्यरत) निवासी समुदा, हरपुर बुदहट को गिरफ्तार किया है। लेखपाल ने वर्तमान में अपना आवास रामगढ़ताल थाने के शिवाजी नगर कॉलोनी रानीबाग में बना रखा है।



**11 वर्ष पूर्व जीवित को मृत दिखाकर दूसरे के नाम हस्तांतरित करा दी थी भूमि**

# सांप के डंसने पर पहुंचे अस्पताल, बच गई जान

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : सांप डंसने पर लोग अक्सर झाड़-फूंक के चक्कर में पड़कर जान गंवा बैठते हैं। चौरी चौरा क्षेत्र के मोतीपाकड़ गांव के अजीत की समझदारी ने उनके 57 वर्षीय पिता ओमप्रकाश की जान बचा ली। तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने ग्रीन कारिडोर बनाकर 45 मिनट में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचा दिया। तत्काल उपचार से उनकी जान बच गई।

ओमप्रकाश 21 जून को खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान एक सांप ने उन्हें डंस लिया। स्वजन तत्काल उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरी चौरा पहुंचे। वे लोग सांप को मारकर साथ ले गए थे, लेकिन सांप की पहचान नहीं हो पाई। चिकित्सक ने एंटी स्नेक वेनम लगा दिया और जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी।

फोन करने पर 13 मिनट में एंबुलेंस पहुंच गई। इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निशियन (ईएमटी) सुनील कुमार की सूचना पर प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेदी ने पुलिस को फोन किया। पुलिस ने शहर के भीतर देवरिया रोड से जिला अस्पताल तक ग्रीन कारिडोर बनाकर पीड़ित की मदद की। अजीत ने बताया कि उनके पिता अब ठीक हैं। घर आ चुके हैं।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने में दो रेलकर्मी गिरफ्तार

## कैंट थाना पुलिस की मदद से आरपीएफ की टीम ने पकड़ा, बलिया व गोरखपुर जिले के रहने हैं आरोपित

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर कोच अटेंडेंट से 40 हजार रुपये की ठगी करने वाले दो रेल कर्मियों को आरपीएफ व कैंट थाना पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोपितों में एक चिलुआताल व दूसरा बलिया जिले के उभाव क्षेत्र का रहने वाला है। उनके कब्जे से कूटरचित नियुक्ति पत्र, अनुमोदन पत्र व मेडिकल प्रोफार्मा बरामद हुआ।



कैंट पुलिस की गिरफ्त में रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपित रेलकर्मी • सौ. पुलिस मीडिया सेल

हरदोई जिले के तड़यावां थाना क्षेत्र स्थित अलीशाबाद निवासी रियासत अली, सीतापुर के खैराबार थाना क्षेत्र स्थित सकरारा निवासी दिनेश यादव व पिसावां क्षेत्र के फतेपुर निवासी अनुज कुमार कोच अटेंडेंट हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में रियासत ने लिखा है कि नवंबर 2019 में वह गोमती एक्सप्रेस से लखीमपुर जा रहे थे। एसी कोच में चिलुआताल क्षेत्र के बलुआ निवासी सेवानिवृत्त रेलकर्मी जितेंद्र त्रिपाठी से मुलाकात हुई। बातचीत में खुद को रेलवे का कर्मचारी बताते हुए जितेंद्र ने कहा कि तुम्हारी नौकरी परमानेंट करा दूंगा। इच्छा जताने पर अपना नंबर देते हुए गोरखपुर आकर बात करने के लिए कहा। मामले की जानकारी होने पर दिनेश व अनुज ने भी जितेंद्र से संपर्क किया। तीनों साथियों से कई बार में उन्होंने 40 हजार रुपये ले लिए। अक्टूबर 2021 में उन्होंने ज्वाइनिंग लेटर दिया, जिसमें तीन साथियों समेत आठ लोगों के नाम थे। कुछ दिन बाद जितेंद्र ने फोन कर बताया कि नियुक्ति कैंसिल हो गई है। नवंबर 2021 में उन्होंने यह कहते हुए दूसरा पत्र दिया कि एक व्यक्ति को 2.50 लाख रुपये देने होंगे। मेडिकल कराने के लिए 16 जून को जितेंद्र ने तीनों को गोरखपुर रेलवे स्टेशन बुलाया। यहां उनकी मुलाकात रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी (परिचालन) के कार्यालय में लिपिक अनिल कुमार सिंह से कराई।

बलिया जिले उभांव के हल्दीरामपुर निवासी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 21 जून को सभी लोगों का मेडिकल होगा। संदेह होने पर बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य कार्मिक कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि नियुक्ति पत्र फर्जी है। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कर आरपीएफ की मदद से आरोपितों को बुधवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया।

# सांप ने डसा, बेटे की समझदारी और ग्रीन कॉरिडोर से बची जान

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** चौरीचौरा क्षेत्र के मोतीपाकड़ गांव में 57 वर्षीय ओमप्रकाश को सांप ने डस लिया। बेटे ने झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़कर फौरन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल ने एंबुलेंस मुहैया कराई और पुलिस ने गोरखपुर तक के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 45 मिनट में पहुंचा दिया। इलाज के बाद ओमप्रकाश खतरे से बाहर हैं।

बेटे अजीत के मुताबिक उनके पिता 21 जून को खेत में काम कर रहे थे कि शाम पांच बजे के आसपास सांप ने डस लिया। उनके भाई ने उन्हें फोन से इस बारे में बताया तो उन्होंने भाई को समझाया कि सर्पदंश वाले हाथ को बांध दें और फौरन लेकर सरकारी स्वास्थ्य

### 13 मिनट में स्वास्थ्य केंद्र और 45 मिनट में जिला अस्पताल लेकर पहुंच गई एंबुलेंस

केंद्र पहुंचें। निजी साधन से ओमप्रकाश को चौरीचौरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने के बाद डॉक्टर को दिखाया गया।

गांव के लोग सांप को भी मार कर साथ ले गये थे। चिकित्सक ने दवा दी लेकिन सांप की पहचान नहीं हो पाई। ऐसे में चिकित्सक ने सलाह दी कि एंबुलेंस की मदद से ओमप्रकाश को अतिशीघ्र जिला अस्पताल पहुंचाया जाए। शाम को 5:46 पर 108 नंबर एंबुलेंस को कॉल किया गया और महज 13 मिनट में एंबुलेंस पहुंच गई। एंबुलेंस के इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निशियन (ईएमटी) सुनील कुमार ने बताया कि तत्काल प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेदी को सूचना दी और बताया कि शहर में जाम से बचने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनवाएं। ओमप्रकाश को झटके आ रहे थे और वह बदहवास भी थे। पुलिस की मदद से ग्रीन कॉरिडोर बनवाया गया और मरीज को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अजीत ने बताया कि उनके पिता का जिला अस्पताल में इलाज हुआ और वह ठीक हो गए हैं। इसके बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। एसीएमओ डॉ. नंद कुमार ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली, पुलिस के साथ समन्वय बनाकर ग्रीन कॉरिडोर बना कर मरीज को अस्पताल पहुंचाया गया। मरीज का समय से इलाज हुआ और वह स्वस्थ हैं।

# जीवित को मृत दिखाने का आरोपी लेखपाल गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**बेलीपार।** असल दस्तावेज में हेरफेर कर जीवित व्यक्ति को मृतक दिखाकर संपत्ति दूसरे के नाम करने के आरोपी लेखपाल को बेलीपार पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के समुदा निवासी लव कुमार सिंह के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, पेवनपुर थाना गीडा निवासी पराग विश्वकर्मा

## जांच में लेखपाल पाया गया था आरोपी, पुलिस ने भेजा जेल

पुत्र सदल की तहरीर पर वर्ष 2011 में पुलिस ने केस दर्ज किया था। जिसमें वादी पराग विश्वकर्मा की पत्नी व बेटा तथा तत्कालीन कानूनगो के खिलाफ पहले ही आरोप पत्र दाखिल हो चुका था। बृहस्पतिवार को वर्तमान में सहजनवां क्षेत्र में राजस्व लेखपाल के रूप में कार्यरत लव सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



एसपी सिटी ने डॉग स्क्वायड के साथ कचहरी की सुरक्षा की जांच की। संवाद

# दीवानी कचहरी में जांच के बाद ही हो सकेंगे दाखिल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** दीवानी कचहरी में प्रवेश से पहले हर किसी की जांच की जाएगी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बृहस्पतिवार को कचहरी के सुरक्षा की जांच की और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बात करके सहमति बनाई। वहीं, कचहरी परिसर के लॉकअप की सुरक्षा और परिसर में सीसी टीवी कैमरों को बढ़ाए जाने का भी फैसला किया गया।

जानकारी के मुताबिक, दीवानी कचहरी के मुख्य गेट के बाहर साइकिल स्टैंड में दुष्कर्म के आरोपी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद ही पुलिस अफसरों के आदेश पर दीवानी कचहरी की सुरक्षा को और पुख्ता कर दिया गया था।

## परिसर में बढ़ाई जाएगी कैमरों की संख्या, लॉकअप की सुरक्षा भी बढ़ेगी

बृहस्पतिवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार ने एक बार फिर कचहरी परिसर की सुरक्षा का जायजा लिया।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से साथ कचहरी के लॉकअप से लेकर परिसर तक की जांच की। इसके बाद सुरक्षा को और बढ़ाने पर फैसला हुआ। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि लॉकअप की सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही परिसर में सीसी टीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। दंगा नियंत्रण, डॉग स्क्वाड के साथ पुलिस और एलआईयू को और सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है।

# लेडी डॉन के नाम से पुरुष दे रहा था मंदिर उड़ाने की धमकी

## फिरोजाबाद जिले के अहमदपुर का है रहने है वाला आरोपी सोनू , गया जेल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर/आगरा।** लेडी डॉन के नाम से ट्विटर पर गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला पुलिस की जांच में महिला नहीं, बल्कि पुरुष निकला। मामला मुख्यमंत्री और गोरखनाथ मंदिर से जुड़ा होने के कारण आगरा पुलिस ने तेज गति से जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि धमकी देने वाले का नाम सोनू है और वह फिरोजाबाद के सिरसागंज थाना क्षेत्र के अहमदपुर का निवासी है।

इधर गोरखपुर क्राइम ब्रांच की टीम तलाश में फिरोजाबाद में एक सप्ताह तक डेरा डाले रही, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। इस बीच पता चला कि आगरा पुलिस ने एक मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

केस की विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने सोनू को गोरखपुर लाने का प्रयास शुरू किए। बी वारंट के जरिए बृहस्पतिवार को कैंट पुलिस उसे गोरखपुर लाई और यहां कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भिजवा दिया।

### युवक की मौत के मामले में पोस्टमार्टम हाउस में लाया था पेट्रोल बम

**आगरा।** फतेहपुरसीकरी के गांव दूरा निवासी बोलेरो चालक सुनील का शव 23 अप्रैल को तेहरा मोरी के पास फांसी पर लटका मिला था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। 24 अप्रैल को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान कुछ लोग पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर हंगामा करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने तीन को पकड़ लिया था। इनमें अछनेरा के सांथा निवासी रवि, चित्राहाट निवासी देवेश और फिरोजाबाद निवासी सोनू था। सबके पास से डंडे, दो बोतल पेट्रोल बम और दो शीशी तेजाब बरामद किया गया था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ बलवा, सरकारी कार्य में बाधा, सेवन सीएलए एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों को जेल भेजा गया था। सोनू की जमानत मंजूर हो गई थी। वह बाहर आता, उससे पहले ही गोरखपुर पुलिस पहुंच गई। पुलिस उसे बी वारंट पर अपने साथ ले गई। ब्यूरो

# आठ मोहल्ले, आठ पहर पुलिस रखेगी पैनी नजर

## अपराधियों से बचाने के लिए लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सीएम सिटी को सेफ सिटी बनाने की मुहिम के तहत पुलिस शहर के आठ मोहल्लों पर आठों पहर यानी 24 घंटे नजर रखेगी। अपराधियों की गलत नजर से बचाने के लिए एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शहर के आठ थाना क्षेत्रों के आठ मोहल्लों का चयन कर लिया है, जहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

जल्द ही पूरे शहर और जिले को कैमरे की जद में कर लिया जाएगा और इसका कंट्रोल रूम भी बनेगा। ताकि, कोई भी घटना होने पर कैमरे की मदद से पुलिस तत्काल बदमाश तक पहुंच सके। फिलहाल, आठ मोहल्लों का चयन कर इसकी शुरुआत की गई है। इसमें पुलिस आम लोगों की मदद ले रही है। जानकारी के मुताबिक, एडीजी अखिल कुमार ने एसपी सिटी को शहर को कैमरे की जद में लाने का नोडल अफसर बनाया है।



### सेफ सिटी योजना के तहत जल्द बनेगा कंट्रोल रूम, कैमरों की संख्या भी बढ़ेगी

एसपी सिटी ने शहर के सभी थानेदार और पुलिसकर्मियों के साथ विचार-विमर्श कर आठ मोहल्लों का चयन किया है। इसका एक कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। एसपी सिटी के मुताबिक, कैमरों को इस तरह से लगाया जाएगा कि अगर कोई एक चौराहे से निकले तो दूसरे चौराहे तक कैमरे की जद में रहे। इससे वारदात के बाद आरोपी को दबोचा जा सकेगा। अपराध रोकने के साथ ही आम लोगों में सुरक्षा की भावना भी बढ़ेगी।

### इन मोहल्लों से होगी शुरुआत

खोराबार में सहारा इस्टेट, शाहपुर में राप्तीनगर, गोरखनाथ में शास्त्रीपुरम विकास नगर, राजघाट में तुर्कमानपुर, कोतवाली में शाहमारुफ, तिवारीपुर में घासीकटरा, रामगढ़ताल में वरदायनी मोहल्ला, कैंट में बेतियाहाता

सेफ सिटी के तहत शहर में सीसी टीवी कैमरों को लगवाना है। इसके लिए पुलिस वालों से बातचीत कर के शहर के आठ थाना क्षेत्रों के आठ मोहल्लों को चिह्नित किया गया है। यहां पर संभ्रात लोगों के सहयोग से कैमरे लगाए जाएंगे। इसका कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा, जिससे नियमित निगरानी भी होगी। – **कृष्ण कुमार विश्नोई**, एसपी सिटी

# जेसीबी मशीन तोड़ने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

चौरीचौरा। झंगहा इलाके के ग्राम पंचायत भैसही में जेसीबी मशीन तोड़ दी गई। पुलिस जेसीबी मालिक नरेश गांव के मूल निवासी रामकृपाल की तहरीर पर जेसीबी मशीन तोड़ने व मारपीट करने की धारा में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। रामकृपाल सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व तेंदुआ खुर्द गांव की सटी सीमा पर जेसीबी से अपने खेत में मिट्टी बराबर कर रहे थे तभी तेंदुआ खुर्द गांव के वीरेंद्र यादव समेत चार लोगों बिना कारण ही उलझ गए और उनकी जेसीबी तोड़ दी जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ब्यूरो

# दहेज उत्पीड़न और अप्राकृतिक दुष्कर्म का केस

चौरीचौरा। इलाके की एक महिला ने अपने पति, ससुरालियों सहित आठ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व अप्राकृतिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक के साथ 15 फरवरी 2022 को हुई। उसके पिता की मौत पहले ही हो चुकी है। शादी के कुछ दिन बाद पति मोटरसाइकिल न मिलने को लेकर प्रताड़ित करने लगा और उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म भी करने लगा। 26 मई 2022 को उसके ससुराल के लोगों ने उसे मारपीट कर उसे निर्वस्त्र कर दिया और एक गाड़ी में बैठा कर उसके गांव बघाड़ के पास छोड़कर फरार हो गए। ब्यूरो

# दस हजार का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

गोरखपुर। सिकरीगंज पुलिस ने 23 अक्तूबर 2021 को हुई लूट में वांछित चल रहे आरोपी सोनू को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सिकरीगंज के कासिमपुर का मूल निवासी है। फरारी के दौरान आरोपी पर एसएसपी ने दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। थानेदार दीपक सिंह ने बताया कि आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। ब्यूरो

# गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार किया

खोराबार। पुलिस ने गैंगस्टर आरोपी बुटन यादव उर्फ संतोष यादव को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी झंगहा के राघोपट्टी का स्थायी निवासी है। आरोपी पर हत्या और आपराधिक साजिश का भी केस दर्ज है और उसमें पहले भी जेल गया था। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। ब्यूरो

# जालसाजी की आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश राहुल दूबे ने फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर दूसरे की जमीन का बैनामा करने की आरोपी संतकबीरनगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के बेलहरा पीड़िया बाजार निवासी उर्मिला देवी की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र दूबे व अभयानंदन त्रिपाठी ने वादिनी आभा मल्ल व अन्य खातेदारों का पक्ष रखा। उनका कहना था कि आरोपी व उनके अन्य सयोगियों का एक संगठित गिरोह है जो दूसरे की जमीन का बैनामा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अन्य व्यक्ति को कर देते हैं। ब्यूरो

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। बड़हलगंज पुजिस ने चोरी के आरोपी धीरज यादव को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर थाने में केस दर्ज था। पकड़ा गया धीरज देवरिया के मदनपुर के अजयपुरा गांव का निवासी है। आरोपी को पुलिस ने देवरिया से उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

## चोरी के पांच मोबाइल के साथ तीन गिरफ्तार

चिलुआताल। पुलिस ने चोरी के पांच मोबाइल के साथ तीन युवकों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आवास विकास कॉलोनी निवासी शिवम कुमार मिश्रा, पीपीगंज के नरही निवासी विकास यादव और झरना टोला निवासी नंद कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को करीमनगर चौराहा से गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

## युवती को लेकर भागने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने युवती को साथ लेकर भागने के आरोपी शनी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शनी गुप्ता कुशीनगर के तुर्कपट्टी का मूल निवासी है। उसके गांव के पास की युवती की मां ने कैंट थाने में केस दर्ज कया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने मोहद्दीपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

## दुष्कर्म के आरोपी वहाब की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। धर्म परिवर्तन, दुष्कर्म और गो मांस खिलाने के लिए आरोपित कोतवाली थाना क्षेत्र के रुद्दलपुर निवासी अब्दुल वहाब की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश कमालुद्दीन ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद पांडेय व सिद्धार्थ सिंह का कहना था कि पीड़िता का विवाह विच्छेद का मुकदमा वर्ष 2017 से दीवानी कचहरी में चल रहा था। मुकदमे की पैरवी के दौरान ही उसका संपर्क अधिवक्ता अब्दुल वहाब से हुआ। आरोपित इसी दौरान परामर्श के लिए पीड़िता के घर आने जाने लगा और पीड़िता के लिए खाने पीने का सामान, मिठाई आदि लाया। जिसे खाने के बाद पीड़िता बेहोश हो गई और आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया व उसका वीडियो बना लिया। आरोप है कि धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। ब्यूरो

## किशोरी को बहला-फुसला कर भगाने पर केस

गुलरिहा। इलाके के एक गांव से 14 वर्षीय किशोरी को लेकर भागने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोप है कि शुक्रवार की रात गांव का ही युवक उसे लेकर भागा है। शक के आधार पर किशोरी के घरवाले युवक के घर किशोरी के बारे में पूछताछ करने पहुंचे तो युवक के घरवालों ने गाली देकर भगा दिया। बुधवार की शाम किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। ब्यूरो

# सेवानिवृत्त सीओ को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करे पुलिस

अलीगढ़। बन्नादेवी क्षेत्र के वर्ष 2009 के हत्या व चोरी के एक मुकदमे में गवाही देने न आने पर गोरखपुर के दाउदपुर निवासी सेवानिवृत्त सीओ हरी सिंह के गिरफ्तारी आदेश अदालत ने जारी किए हैं।

## गोरखपुर के दाउदपुर में रहते हैं हरी सिंह

अदालत ने एसएसपी गोरखपुर को पत्र लिखा है, जिसमें उन्हें विशेष टीम बनाकर गिरफ्तार कराकर 28 जून को अदालत में पेश करने को कहा है।

अभियोजन अधिवक्ता एडीजीसी जेपी राजपूत के अनुसार, 25 जून 2009 को नगला तिकोना क्वार्सी के निरंजनलाल को घर से बुलाकर हत्या कर दी गई थी। इस मुकदमे में सभी गवाह हो चुके हैं। मात्र पुलिस के साक्षी हरी सिंह की गवाही शेष है।

# रेलवे में नौकरी के नाम पर जालसाजी में दो गिरफ्तार

## एक रेल कर्मचारी तो दूसरा रिटायर्ड रेलकर्मी, फर्जी नियुक्ति पत्र देकर करते थे जालसाजी, कैंट पुलिस ने कई दस्तावेज बरामद किए

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रेलवे में नौकरी के नाम पर फर्जी नियुक्तिपत्र देकर जालसाजी करने के मामले में बृहस्पतिवार को पुलिस ने एक रेल कर्मचारी और एक रिटायर्ड रेल कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस ने रेलवे के कार्मिक कार्यालय से गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के पास से पुलिस ने फर्जी कूटरचित नियुक्तिपत्र, अनुमोदपत्र मेडिकल हेतु प्रोफार्मा बरामद कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी की धारा में केस दर्ज कर जेल भिजवा दिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र के हल्दीरामपुर निवासी और रेलवे लिपिक अनिल कुमार सिंह व बिसुआताल इलाके के बलुआ निवासी रिटायर्ड रेलकर्मी जितेंद्र कुमार त्रिपाठी के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, हरदोई जिले के लंडियाखेड़ा थाना क्षेत्र के अलीशाबाद निवासी रियासत अली, उनके दो मित्र सीतापुर के खैराबाद निवासी दिनेश कुमार यादव और सीतापुर के पिसावां फर्दपुर निवासी अनुज कुमार निवासी के साथ जितेन्द्र और अनिल ने नौकरी के नाम पर जालसाजी की है। पीड़ितों ने बताया कि ट्रेन में एसी कोच में वह अटेंडेंट का काम करते थे। 2019 के नवंबर महीने में रियासत अली और अनुज कुमार गोरखपुर रेलवे स्टेशन से गोमती एक्सप्रेस लेकर लखीमपुर जा रहे थे इसी दौरान एसी कोच में जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी से उनकी मुलाकात हुई। जितेन्द्र ने बताया कि वह रेलवे में नौकरी करता। बातचीत में जितेन्द्र ने उन दोनों से पूछा कि तुम लोग इस नौकरी मे कितना कमा लेते हो। दोनों ने बताया कि उन्हें हाथ में 7-8 हजार रुपये मिल जाते हैं। जितेन्द्र ने कहा कि रेलवे में उसके परिचित साहब हैं जो तुम्हारी नौकरी संविदा पर लगवा देंगे बाद में परमानेंट नौकरी होने पर दो से ढाई लाख रुपये देने होंगे। झांसे में आए रियासत और अनुज को जितेन्द्र ने अपना मोबाइल नंबर दिया और यहीं से जालसाजी की शुरुआत हो गई।

जनवरी 2021 में उनका एक मित्र दिनेश यादव भी जाल में फंस गया और तीनों की बातचीत जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी से रेलवे में संविदा पर भर्ती के संबंध में होने लगी। आरोप है कि जितेन्द्र कुमार उनसे कभी एक हजार, कभी दो हजार, कभी तीन हजार रुपये वसूलता रहता था।



पकड़े गए आरोपित।

### अक्तूबर में दे दिया था नियुक्तिपत्र

अक्तूबर 2021 में जितेन्द्र ने तीनों को एक नियुक्तिपत्र भी दे दिया था। नौ नवम्बर 2021 को लेटर में लिखे रेलवे स्टेशन पर कुल आठ लोगों की नियुक्ति हुई थी, जिसमें रियासत अली ,अनुज तथा दिनेश का भी नाम था। बाद में जितेन्द्र ने aफोन करके बताया कि वह लेटर निरस्त हो गया है। नवंबर 2021 में उसने एक दूसरा लेटर दिया जिसमें तीनों की पोस्टिंग सीतापुर रेलवे स्टेशन पर होनी बताया गया था। दूसरा लेटर मिलने के बाद भी जब उनकी नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने फिर जितेन्द्र संपर्क किया तो उसने कहा कि जैसे ही तुम लोगों की पोस्टिंग होगी मैं फोन करके बताऊंगा।

### रेलवे स्टेशन पर बुलाए गए थे पीड़ित

दस जून 2022 को जितेन्द्र ने फोन करके बताया कि तुम लोगों का लेटर मिल गया है। 20 जून 2022 को रिपोर्ट करना है। उसने 16 जून को रियासत अली और अनुज गोरखपुर रेलवे स्टेशन बुलाया। रियासत अली और अनुज रेलवे स्टेशन के सामने मालकिन होटल के पास मिले जहां जितेन्द्र के साथ एक और व्यक्ति था। जितेन्द्र ने उस व्यक्ति का परिचय कराते हुए बताया कि यही रेलवे के साहब हैं उसका नाम अनिल सिंह बताया। उस व्यक्ति ने एक लेटर दिया जिस पर रियासत अली और अनुज का नाम था। दोनों को 20 जून को यान्त्रिक कारखाना गोरखपुर में उपस्थित होना था। दोनों लेटर लेकर घर चले गए इस दौरान जितेन्द्र ने दिनेश यादव को भी फोन करके बताया कि तुम भी 20 जून को गोरखपुर आ जाना एक ही दिन तीनों का मेडिकल करा दिया जाएगा। 20 जून को रियासत अली ,अनुज तथा दिनेश गोरखपुर पहुंचे। जितेन्द्र रेलवे स्टेशन पर मिला और बताया कि आज भारत बंद है इसलिए 21 जून मेडिकल होगा। उसी दौरान उसने अनिल कुमार सिंह का नंबर भी दिया और बताया कि यदि मेरा मोबाइल न मिले तो इस नंबर पर साहब से बात कर लेना। 21 जून को दिनेश ने जितेन्द्र को फोन मिलाया तो उसका नंबर बंद मिला। इसके बाद उसने अनिल के नंबर पर फोन किया। अनिल ने बताया कि त्रिपाठी जी ही तुम्हारा मेडिकल रेलवे अस्पताल में कराएंगे उसके बाद तुम्हें लेटर मिल जाएगा। उसी दिन 10 बजे जितेन्द्र त्रिपाठी का फोन उठा और उसने मालकिन होटल पर बुलाया। तीनों मालकिन होटल पहुंचे यहां जितेन्द्र त्रिपाठी ने उन्हें संविदा पर नियुक्ति के लिए मेडिकल कराने के बदले 16 सौ रुपये जमा कराने को कहा। लेटर देकर जितेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि तुम लोग सीपीओ आफिस पहुंचो, मैं वहीं मिलता हूं। तीनों बताए जगह पर पहुंचे तो जितेन्द्र त्रिपाठी उन्हें बिल्डिंग के अंदर आफिस में ले गया। बताया कि यहीं पर 16-16 सौ रुपये जमा होंगे इसके बाद रसीद मिलेगी और मेडिकल के लिए भेज देंगे। तीनों ने आफिस के सामने एक पेड़ के नीचे बैठे थे उसी दौरान एक व्यक्ति से उन्होंने अपना नियुक्तिपत्र दिखाया तो उस व्यक्ति ने पत्र देखते ही इसे फर्जी बता दिया। उसने कहा कि रेलवे में इस तरह का कोई भी नियुक्तिपत्र जारी नहीं होता है। उसके बाद बाद पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत की।

# फिरोजाबाद के सोनू ने दी थी गोरखनाथ मंदिर को उड़ाने की धमकी

अमर उजाला ब्यूरो

## लेडी डॉन नाम से ट्विटर हैंडल एकाउंट पर किए थे ट्वीट, बी वारंट पर गोरखपुर ले आई पुलिस

गोरखपुर/आगरा। लेडी डॉन के नाम से ट्विटर पर गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी फिरोजाबाद के सोनू सिंह ने की थी। आगरा पुलिस ने उसे जेल भेजा था। तब से जेल में बंद था। वह भीम आर्मी का सदस्य है। आरोपी को बृहस्पतिवार को पुलिस बी वारंट पर गोरखपुर ले आई। उसे यहां कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, लेडी डॉन नामक एक ट्विटर हैंडल से चार फरवरी की आधी रात गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। लिखा गया था कि यूपी विधानसभा भवन, रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर बम लगा दिया गया। राशिद ने भी बम लगा दिया। सुलेमान भाई ने गोरखनाथ मठ में आठ जगह बम लगाया है। उसने मुख्यमंत्री को लेकर भी कई आपत्तिजनक ट्वीट किए थे। जब ट्वीट किए जा रहे थे, तब मुख्यमंत्री गोरखपुर में ही थे। लिहाजा, सुरक्षा और सख्त कर दी गई थी। >> संबंधित खबर पेज 4



गोरखनाथ मंदिर को उड़ाने की धमकी देने का आरोपी सोनू सिंह।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-06-2022

हिन्दुस्तान दि० 24-6-22

# पुलिस ने 8 को नामजद किया

रुद्रपुर। क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुए मारपीट के मामलों में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

क्षेत्र के कोइलगढ़हा गांव के रहने वाले दीपक यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीस जून को बिजली का केबिल काटने की बात को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसमें दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके चाचा की बाइक को भी तोडफोड़ दिए थे। पुलिस ने दूसरे पक्ष के मेघनाथ चौहान, छोटेलाल, अशोक व लोरिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

हिन्दुस्तान 24-6-22

# किशोरी को भगाने में पांच पर केस

देवरिया। किशोरी को भगाने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी के पिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के एक परिवार के लोगों ने नाबालिग बेटी को भगा ले गए है। तहरीर पर पुलिस ने गुलाब , राबड़ी देवी , सीमा, संगीता, राधेश्याम , अखिलेश निषाद के विरुद्ध किशोरी को भगाने का मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि0-24-6-22

# भारत बंद में भाग लेगा बहुजन क्रांति मोर्चा

देवरिया। भारत क्रांति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चन्द्रेश्वर प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के आह्वान पर देश की एकता, अखंडता को खतरे में डालने वाली ताकतों के खिलाफ विरोध में 25 जून को भारत बंद किया जायेगा। इसके तहत देवरिया में भी बंद कराया जायेगा। भारत बंद का देश के कई सामाजिक व राजनैतिक संगठनों ने समर्थन दिया है।

दैनिक जागरण दि0-24-6-22

# लंबित विवेचना पर एसपी ने लगाई फटकार

## पुलिस अधीक्षक ने महिला थाना व सदर कोतवाली के विवेचकों की ली क्लास

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** सदर कोतवाली में गुरुवार को रात आठ बजे एसपी संकल्प शर्मा ने महिला थाना व सदर कोतवाली में लंबित विवेचना की समीक्षा की। उन्होंने विवेचना लंबित मिलने पर विवेचकों को फटकार लगाई। एसपी ने विवेचना में आ रही दिक्कतों को दूर करने का निर्देश दिया।

एसपी रात करीब आठ बजे सदर कोतवाली में पहुंचे। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कक्ष में महिला थाना व सदर कोतवाली के सभी विवेचकों को बुलवाया। एक-एक कर सभी से लंबित विवेचना के बारे में पूछा। उनसे विवेचना के दौरान आ रही कठिनाइयों के बारे में जाना। उन्होंने कई विवेचकों की कार्यशैली खराब मिलने पर नाराजगी जाहिर की। सदर कोतवाली में करीब 400 विवेचना लंबित हैं। महिला थाना में करीब पांच मुकदमे लंबित मिले। जिसे शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। सीओ श्रीयश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना अर्चना सिंह आदि मौजूद रहीं।



कोतवाली परिसर में विवेचना की समीक्षा करते एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

**समय से निस्तारित करें विवेचना, लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त**

# खुखुंदू पुलिस पर दुर्व्यवहार का आरोप

देवरिया : पूर्व सैनिक ने खुखुंदू पुलिस पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत एसपी को शिकायती भेजकर की है। खुखुंदू के रहने वाले रवि कुमार राय का कहना है कि पुलिस ने 19 मई को मेरे पक्ष के तीन लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया। इसकी जानकारी होने पर पुलिस को बताया कि मुझसे कोई विवाद नहीं हुआ है। जिनका चालान किया गया है, उनमें मंटू राय हरिद्वार में है, जबकि रमेश यादव पुत्री की शादी में व्यस्त हैं।

दैनिक जागरण दि०-24-6-22

अमर उजाला दि० 24-6-22

# अग्निपथ योजना : 414 युवाओं के भविष्य पर संकट

## विरोध-प्रदर्शन और तोड़फोड़ के मामले में बरहज और देवरिया सदर कोतवाली में दर्ज कराए गए हैं तीन मुकदमे

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। अग्निपथ योजना का विरोध करने वाले करीब 414 युवाओं के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। पुलिस ने इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अज्ञात उपद्रवियों की पहचान में भी पुलिस जुटी हुई है।

पुलिस की सख्ती से प्रदर्शनकारियों के तेवर ढीले पड़ गए हैं। पुलिस एक-एक उपद्रवी की पहचान में जुटी हुई है। पुलिस विभाग के सूत्रों का कहना है कि बरहज थाने में दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र की तहरीर पर 34 नामजद हैं और 60 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

पेट्रोल पंप मालिक की तहरीर पर लूट और तोड़फोड़ में 150 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज है। इसी तरह सदर रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम करने वाले 150 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में रेलवे रोड चौकी प्रभारी ने पिंटू यादव की तहरीर पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने इन तीनों मामलों में शामिल आरोपियों का पोस्टर भी जारी कर दिया है। कुछ अज्ञात आरोपियों की पहचान भी की जा चुकी है। इससे नौकरी से पहले ही इनका कैरियर खराब हो सकता है। सेना के अफसरों ने भी ऐलान कर दिया है कि जिन लोगों ने बवाल किया है, उनको नौकरी नहीं दी जाएगी। ऐसे में इनके कैरियर पर संकट के बादल छा गए हैं।



बरहज में अग्निपथ योजना के विरोध में हुए बवाल के बाद हर्ष चंद इंटर कॉलेज गेट पर तैनात पुलिस। अमर उजाला

### उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित

बरहज। अग्निपथ योजना का विरोध करने वालों की धरपकड़ के लिए पुलिस सक्रिय हो गई है। गिरफ्तारी के लिए सीओ के नेतृत्व में तीन टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर भी दबिश दी जा रही है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक जगहों पर दबिश दी। पुलिस ने आरोपियों के रिश्तेदारों के यहां छापा मारा है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र, एसएसआई सुधाकर पांडेय और एसआई अमरनाथ सोनकर के नेतृत्व में गठित टीमों ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। पुलिस ने भगुआरी, सलेमपुर, लार, भाटपार के अलावा गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज और मऊ जनपद के मुरादपुर, मधुबन आदि जगहों पर छापा मारा है। आरोपियों के आत्मसमर्पण की संभावना को लेकर देवरिया बस स्टेशन, कचहरी के इर्द-गिर्द सादे लिबास में चौकसी बढ़ा दी गई है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि टीमें वापस नहीं जाएंगी। जल्द ही सभी आरोपी पकड़ लिए जाएंगे।

## सातवें दिन भी सदर रेलवे स्टेशन पर हाई अलर्ट

देवरिया। सदर रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को भी चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने संदिग्ध वस्तुओं और व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिला।

अग्निपथ योजना के विरोध में सदर रेलवे स्टेशन लगातार सातवें दिन भी हाई अलर्ट पर रहा। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एस चेक टीम (तोड़फोड़ विरोधी जांच) ने सघन अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों की चेकिंग की गई।

इसमें जीआरपी, आरपीएफ, जिला पुलिस टीम ने संयुक्त टीम बनाकर सभी प्लेटफार्म, सरकुलेटिंग एरिया समेत कई ट्रेनों की बोगी को भी चेक किया गया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सदर रेलवे स्टेशन कुछ देर के लिए छावनी में तब्दील रहा।

### सर्विलांस के जरिए मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर रही पुलिस

सदर में अग्निपथ योजना के विरोध में युवाओं ने भीड़ जुटाने के लिए सोशल प्लेटफार्म का प्रयोग किया था। पुलिस का मानना है कि रविवार को व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज के जरिए स्थान परिवर्तित कर ईदगाह के निकट बगीचे में पहुंच गए थे। जहां से सभी ने सड़क पर घंटों बवाल काटा था। मामले में धरपकड़ के लिए पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप में मिले फोटो, वायरल 16 नामजद सहित सार्वजनिक तस्वीर के युवाओं के मोबाइल नंबर ट्रेस करा रही है। जिसे सर्विलांस पर लगाकर उनका लोकेशन पता कराया जा रहा है।



*मुकदमा दर्ज किया गया है, अज्ञात आरोपियों की पहचान की जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। युवाओं को धैर्य के साथ काम लेना चाहिए। नौकरी पाने के लिए पूरे मनोयोग से मेहनत करनी चाहिए।* -एसपी

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-06-2022

# दुष्कर्म के मामले में वांछित पुलिस के हत्थे चढ़ा

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस गुरूवार को पकड़ियार बाजार के पास से दुष्कर्म के मामले में वांछित अजय प्रसाद पुत्र बांकेलाल निवासी बारीगांव पक्का टोला थाना घुघली जनपद महराजगंज को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित गिरफ्तार

**कुशीनगर।** जिले की अहिरौली बाजार थाने की पुलिस टीम द्वारा विजय चौराहा थाना पिपराइच के पास से अपहरण कर दुष्कर्म करने एवं पॉक्सो एक्ट में वांछित सोनू निषाद पुत्र निरंजन निवासी मकान नं. 566 नौसड़ थाना गीडा गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# तीन वांछितों को पुलिस ने दबोचा

**कुशीनगर।** कोतवाली पडरौना पुलिस टीम ने गुरूवार को बावली चौक के पास से धोखाधड़ी के मामले में वांछित चन्द्रभान विश्वकर्मा पुत्र राम प्यारे विश्वकर्मा, तारकेश्वर चौहान पुत्र गब्बूलाल निवासी बभनौली थाना नेबुआ नौरंगिया एवं रमेश शर्मा पुत्र बुन्नी शर्मा निवासी त्रिलोकपुर खिरकिया को गिरफ्तार कर लिया।

# 3 किलो गांजा संग तस्कर गिरफ्तार

**पडरौना।** जिले की विशुनपुरा थाने की पुलिस ने गुरूवार को थाना क्षेत्र के जंगल नौगांवा के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से तीन किलो गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा की कीमत करीब 20 हजार रुपये बतायी जा रही है।

सीओ तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को विशुनपुरा थाने की पुलिस टीम द्वारा जंगल नौगांवा पुल के पास से मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान प्रियेश चौहान पुत्र राम सुभग चौहान निवासी खनवार बकलोलही थाना कुबेरस्थान के रूप में हुई।

# पकड़े गये दलाल जेल भेजे गए

पडरौना। जिला अस्पताल में बुधवार को एसडीएम महात्मा सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने चार महिलाओं समेत पांच दलालों को धर दबोचा था। इस मामले गुरूवार को विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पकड़े गये दलालों को जेल भेज दिया।

जिला अस्पताल में 15 दिनों के भीतर दूसरी बार बुधवार को एसडीएम पडरौना महात्मा सिंह के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चला। इसमें चार महिलाओं समेत पांच दलाल पकड़े गये। इस संबंध में कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अखिलेश पुत्र चन्द्रभान राय निवासी भिसवा सरकारी थाना कोतवाली पडरौना व 4 महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# कारोबारी की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

कसया। अवैध शराब का कारोबार कारोबारी सेमरा धुसी निवासी अमरनाथ कुशवाहा की तीन मकानों को कुर्क कर लिया है। इसकी कीमत करीब 4 करोड़ 95 लाख रुपये है।

जिलाधिकारी ने एसपी की आख्या पर कुर्की का आदेश जारी करते हुए तहसीलदार कसया को कुर्क की जाने वाली संपत्ति का प्रशासक नियुक्त किया है। अमरनाथ पर 11 केस चल रहे हैं। गैंगेस्टर के तहत मुकदमा दर्ज हुआ।

# जुमे को लेकर पुलिस ने ड्रोन कैमरे से की निगरानी

**पडरौना, निज संवाददाता।** एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर शुक्रवार को जुमे की नमाज के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी थानों की पुलिस ने संवेदनशील जगहों की गुरूवार से ही ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू कर दी। सभी थानों की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भी एहसास कराया।

जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह एवं सीओ सदर कुन्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स पर पडरौना नगर सहित कोतवाली क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

इसी तहर सभी सर्किल के सीओ एवं समस्त थानों के एसओ के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने पैदल मार्च किया। बाजारों में स्थित प्रतिष्ठानों एवं दुकानदारों से वार्ता कर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु प्रेरित किया गया।

# हत्या के खुलासे को लेकर कांग्रेसियों का धरना शुरू




हत्या का खुलासा करने की मांग को लेकर नारायणपुर में धरना देते कांग्रेस नेता

**फाजिलनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के नारायणपुर कोठी में पिछले छह जून की रात में एक आभूषण कारीगर का गला रेतकर हुए हत्या की घटना के दो सप्ताह बाद भी खुलासा नहीं होने पर कांग्रेसी नेता मनोज सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने गुरुवार से नारायणपुर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया।

धरने को संबोधित करते हुए मनोज सिंह ने कहा कि यह घटना प्रदेश सरकार के भयमुक्त और अपराध मुक्त दावों का पोल खोल रही है। एक व्यापारी की गला रेत कर हत्या होने के दो सप्ताह बाद भी अपराधी पुलिस के पहुंच से दूर हैं। इसके पहले भी 12 जून को कांग्रेसिय नेताओं ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर तीन दिन के अंदर घटना का खुलासा नहीं होने पर अनिश्चिकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, पलटन यादव, हरिकेश पाण्डेय, शोभा गुप्ता, पवन कुशवाहा, बिक्की सोनी, उमेश रावत, हरिहर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# अस्पताल संचालक से मांगी रंगदारी, दी तहरीर

**नेबुआ नौरंगिया, हिन्दुस्तान संवाद।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कोटवा बाजार स्थित एक हॉस्पिटल के संचालक ने एक मनबढ़ दबंग व्यक्ति पर रंगदारी मांगने व विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र सौंप कार्रवाई की मांग की है।

कोटवा बाजार स्थित खुशी हॉस्पिटल के संचालक राजू श्रीवास्तव ने थानाध्यक्ष को अपने दिये गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उक्त हॉस्पीटल वैध कागजात के साथ 2016 से संचालित है। यह हॉस्पिटल भारत सरकार के आयुष्मान भारत योजना का सेंटर भी है जो विभाग द्वारा संचालित है। बीते 18 जून को खड्डा थाना क्षेत्र के कोहरगड्डी गांव निवासी एक दबंग मनबढ़ युवक अपने आधा दर्जन अज्ञात सहयोगियों के साथ हॉस्पीटल पर पहुंच कर रंगदारी मांगने लगा। जब हमने इसका विरोध किया तो वह तमाम तरह की धमकी देने लगा। साथ ही विभिन्न माध्यमों से हॉस्पीटल की छवि खराब करने के उद्देश्य से दुष्प्रचार करने लगा। अस्पताल के संचालक राजू ने बताया कि पहले भी उक्त व्यक्ति द्वारा कई बार वसूली की गई है लेकिन विवाद न बढ़े इसलिए हर बार नजरंदाज किया जा रहा था। इस संबंध में एसओ नेबुआ नौरंगिया गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है।

# ईओ और एसओ करेंगे विवादित भूमि की सुरक्षा


**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा कस्बे में एक दुकान को लेकर दो कब्जाधारियों के बीच हुए विवाद के बाद चल रहे मुकदमे में वाद पोषणीय नहीं होने के कारण एसडीएम ने दुकान सहित आबादी बाजार के नाम दर्ज जमीन से स्टे निरस्त कर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी व थानाध्यक्ष को भूमि की सुरक्षा को निर्देश दिया है।

खड्डा कस्बे के स्टेशन रोड पर 1.125 हेक्टेयर भूमि आबादी बाजार के नाम दर्ज है। इसी भूमि का कुछ हिस्सा नासिर अराफात के कब्जे में है, जिसमें वर्षों से दुकान बना हुआ है। उसी दुकान में प्रेमलाल जायसवाल ने दुकान खोल रखा था। जब दुकान मालिक नासिर अराफात ने दुकानदार प्रेमलाल से दुकान खाली करने का अल्टीमेटम दिया तो दुकानदार के सहयोगी राजू तुलस्यान ने आबादी बाजार के नाम दर्ज जमीन को बेचने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत तत्कालीन एसडीएम से की। इस पर एसडीएम ने मौके पर कोर्ट लगाकर दुकान को सील कर चाभी नगर पंचायत प्रशासन के हवाले कर दिया। इसके बाद वादी राजू ने भूमि पर यथा स्थिति बनाये रखने को स्टे ले लिया।

# गैंगस्टर अमरनाथ की पांच करोड़ की संपत्ति जब्त

**जागरण संवाददाता, कसया:** गैंगस्टर अमरनाथ कुशवाहा के विरुद्ध गुरुवार को कार्रवाई की गई। कसया के सेमराधूसी गांव में उसके घर पहुंची प्रशासनिक व पुलिस टीम ने मकान सहित पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की। जब्ती की कार्रवाई घंटों चली। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

गैंगस्टर अमरनाथ के विरुद्ध कसया एवं तुर्कपट्टी थाने में आबकारी एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। उसके विरुद्ध कई वाद न्यायालयों में विचाराधीन हैं। एसपी धवल जायसवाल ने आरोपित के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किए जाने की रिपोर्ट एक जून 2022 को भेजी थी। डीएम ने इस आधार पर आरोपित की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया था। शाम लगभग चार बजे तहसीलदार मांधाता सिंह व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस गांव में पहुंची। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत के दो मकान जब्त किए।



सेमराधूसी गांव में गैंगस्टर का मकान जब्त करने की कार्रवाई कराते दाएं से तहसीलदार मांधाता सिंह व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ● जागरण

इसके बाद बाड़ीपुल स्थित आरोपित का दो मंजिला मकान कटरा सहित कीमत लगभग चार करोड़ की संपत्ति जब्त की गई। दो ट्रैक्टर और एक मोटर साइकिल भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित शराब तस्कर है। जिलाधिकारी के आदेश के तहत कुर्की व जब्ती की कार्रवाई की गई है।

# दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खिरकिया बाजार :** जटहां बाजार पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रामकोला थाने के घोसीपुर नौका टोला के रहमतुल्लाह के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है, इसी प्रकार बाजूपट्टी के विश्वनाथ यादव के विरुद्ध मारपीट के मामले में कोर्ट ने वारंट जारी किया है। वारंटियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआइ सतीश कुमार, राजनारायण यादव, कांस्टेबल अरविंद यादव, आजाद चौहान आदि शामिल रहे। (जासं)

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**पडरौना :** नेबुआ नौरंगिया के प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि दुष्कर्म के वांछित आरोपित को पकड़ीयार बाजार के पास गिरफ्तार किया गया। आरोपित महराजगंज थाना घुघली के बारीगांव पक्का टोला निवासी अजय प्रसाद को जेल भेज दिया गया। (जासं)

## गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना :** क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा ने बताया कि विशुनपुरा पुलिस ने जंगल नौगावां पुल के पास से प्रियेश चौहान निवासी खनवार बकलोलही कुबेरस्थान को संदेह के आधार पर पकड़ा, उसके पास से 3.150 किग्रा गांजा बरामद हुआ। (जासं)

# जालसाज दूल्हे का फूटा भांडा

- **बरात आने से पूर्व पहली पत्नी ने दूल्हे का खोला राज**
- **सच्चाई सामने आने पर नहीं पहुंचे बराती**

**जागरण संवाददाता, हेतिमपुर:** क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात शादी समारोह का आयोजन था। बरात आने से पहले ही एक महिला दो बच्चों संग आई और बताया कि शादी करने आ रहा दूल्हा उसका पति है। इस बात की जानकारी लड़के पक्ष को भी हो गई तो वह बरात लेकर ही नहीं आए। एक लड़की जहां जालसाज के झांसे में फंसने से बच गई। वहीं दूल्हे का भांडा फूट गया।

बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के एक गांव निवासी व्यक्ति की शादी यहां तय थी। शाम को लड़की पक्ष वाले बरात की राह देख रहे थे। इसी बीच झारखंड की एक महिला दो बच्चों संग देवरिया जिले के महुआडीह के हेतिमपुर पुलिस चौकी पहुंची और पूरी कहानी बताई। बताया कि शादी करने का आ रहा युवक उसका पति है, उससे उसे दो बच्चे भी हैं। यहां खुद को कुंवारा बताकर लड़की वालों के साथ जालसाजी कर रहा है।

चौकी इंचार्ज दिनेश मौर्य, सिपाही अरविंद कुशवाहा व अश्वनी राय के साथ महिला को लेकर लड़की वालों के घर पहुंचे और जब उन्हें असलियत बताया तो सब लोग सन्न रह गए। लड़की वालों ने मोबाइल पर लड़के वालों से पूछताछ की तो असलियत सामने आ गई। जिससे एक लड़की जालसाज के चंगुल में फंसने से बच गई।

# पेट्रोल, डीजल व यूरिया की हो रही तस्करी

- **दिन में बाइक व रात में बड़े वाहनों से होती है ढुलाई**
- **बिहार में पेट्रोलियम पदार्थ व यूरिया की कीमत अधिक**

जागरण संवाददाता, खड्डाः यूपी-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र में मादक द्रव्य और खाद्य सामग्रियों की तस्करी तो हो ही रही है, अब डीजल, पेट्रोल व यूरिया की तस्करी भी होने लगी है। यूपी से कम कीमत पर डीजल, पेट्रोल व यूरिया खरीदकर तस्कर बिहार भेज रहे हैं।

खड्डा क्षेत्र में पेट्रोल 96.88 व डीजल 90 रुपये प्रति लीटर और यूरिया की कीमत 266 रुपये बोरी है। जबकि बिहार में पेट्रोल 110.83 व डीजल 97.84 और यूरिया की कीमत 280 रुपये बोरी है। बिहार के चौक, चौराहों और गांव के बाजारों में खुले तौर पर पेट्रोल 125 व डीजल 105 रुपये प्रति लीटर और यूरिया 330 से 350 रुपये बोरी बेची जा रही है। बिचौलिए मूल्य में इसी अंतर को लेकर तस्करी कर रहे हैं। इस कारण से बिहार के धंधेबाज यूपी से पेट्रोल, डीजल और यूरिया की तस्करी कर रहे हैं। जबकि छितौनी-बगहा पुल के दक्षिण हनुमानगंज थाने की पीकेट है और उत्तर सालिकपुर में खड्डा थाने की पुलिस चौकी है। यहां तैनात पुलिसकर्मी तस्करों को रोकते नहीं हैं। बाइक और बसों पर पेट्रोल, डीजल, यूरिया लादकर ले जाया जाता है। रात में बड़े वाहनों से पेट्रोल, डीजल और यूरिया की खेप बिहार के कस्बों तक पहुंचाई जाती है। मटर, मसाला, बालू, बेंत, खैरा, सागौन की लकड़ी, सुपारी, शराब की तस्करी कर टैक्स की चोरी की जा रही है। जिससे दोनों प्रांतों को राजस्व की क्षति हो रही है।

एसडीएम उपमा पांडेय ने बताया कि खड्डा तहसील क्षेत्र से होकर पेट्रोल, डीजल व यूरिया की तस्करी का मामला संज्ञान में नहीं है। इसे दिखवाया जाएगा, धंधेबाजों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# हत्या के मामले को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**जासं, फाजिलनगर :** बीते दिनों स्वर्ण व्यवसायी जयराम वर्मा की हत्या के मामले का पर्दाफाश व अभियुक्तों की गिरफ्तारी में विलंब को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नारायनपुर में धरना प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेता मनोज सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में जंगलराज कायम है। आए दिन व्यापारियों की हत्या और लूट की घटनाएं हो रही हैं। ब्लाक अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह ने कहा कि जल्द ही जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। पलटन यादव, हरिकेश्वर पांडेय, पवन कुशवाहा आदि ने संबोधित किया। शोभा गुप्ता, सतेंद्र सिंह, मुमताज अंसारी आदि मौजूद रहे।

# बोदरवार में हटवाया गया अतिक्रमण

**बोदरवार।** एसडीएम गोपाल शर्मा के निर्देश पर तहसील क्षेत्र के बोदरवार बाजार में प्रशासन का बुलडोजर चला। सड़क किनारे से दुकानदारों व स्थानीय लोगों का अतिक्रमण हटवाया गया। भारी पुलिस की बल की मौजूदगी में बुधवार की शाम तहसीलदार कप्तानगंज कृष्ण गोपाल त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित राजस्व व पुलिस विभाग की टीम बोदरवार बाजार पहुंची। टीम ने कप्तानगंज गोरखपुर मुख्य मार्ग के स्थानीय बाजार में सड़क किनारे दुकानदारों का अतिक्रमण हटवा दिया। इस दौरान बोदरवार के चौकी इंचार्ज राकेश रोशन सिंह, तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी, कानूनगो श्रीप्रकाश सिंह, लेखपाल संजय गुप्ता, चंद्रहास सिंह, राकेश तिवारी, विचित्रमणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। संवाद

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना/रामकोला।** थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी को बीते 14 जून को घर से एक युवक बहला फुसलाकर अगवा कर लिया था। किशोरी की मां के तहरीर पर पुलिस ने 22 जून को अपहरण का केस दर्ज किया। बुधवार को मेहदीगंज के समीप किशोरी सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा था कि उसकी किशोरी बेटी को गांव ही एक युवक बहला-फुसलाकर कहीं लेकर चला गया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। रामकोला के एसएचओ नीरज राय बताया कि मेहदीगंज के समीप किशोरी के साथ आरोपी युवक को पकड़ लिया गया। संवाद

# विमान यात्रियों की सुरक्षा के लिए हुआ मंथन

## डीएम के नेतृत्व में एरोड्रम कमेटी व एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक हुई

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने के बाद से यात्रियों की सुरक्षा के लिए मंथन हो रहा है। हवाई जहाज से सफर करने वालों को बंधक बनाकर और कानूनी गतिविधियों को अंजाम देने वालों के मंसूबे कैसे नाकाम किए जाएंगे, उसके लिए एयरोड्रम कमेटी और एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक बृहस्पतिवार कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने की। इसमें हवाई जहाज के हाईजैक की दशा में कानून विरोधी गतिविधियों से निपटने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। हाईजैक परिस्थिति को प्रबंधित करने के लिए गठित कमेटी के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया।



कलेक्ट्रेट सभागार में एरोड्रम कमेटी व एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक करते डीएम एस. राजलिंगम। संवाद

एयरोड्रम कमेटी की बैठक में एयरक्राफ्ट हाईजैक परिस्थिति में मीडिया प्रबंधन, पॉलिसी ऑफ नेगोशिएशन, कम्युनिकेशन सिस्टम, अग्रिम तैयारियों आदि के संदर्भ में चर्चा हुई। कमेटी की ओर से जिलाधिकारी के सामने इस संबंध में प्रोजेक्टर के जरिए विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। अधिकारियों के बीच इस बात की चर्चा हुई कि यदि कोई कोई जहाज हाईजैक होता है तो उस हालात से निपटने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए। किसी भी जहाज में कानून विरोधी गतिविधियां क्या होती हैं, उनकी रोकथाम के लिए क्या उपाय होने चाहिए, सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई।

यह भी बताया गया कि किसी भी जहाज को या तो जमीन पर या फिर फ्लाइट के वक्त हाईजैक किया जाता है तो उस परिस्थिति से निपटने के लिए अग्रिम रूप से एक कमेटी का गठन होता है। बताया गया कि कोई भी सूचना मीडिया को उपयुक्त प्राधिकारी की अनुमति के बिना शेयर नहीं की जा सकती। जहाज को हाईजैक करने पर क्या दंड के प्रावधान हैं, उसकी भी चर्चा की गई। यह बताया गया कि उक्त परिस्थिति में पॉलिसी आफ नेगोशिएशन के वक्त सबसे महत्वपूर्ण बात यात्रियों की सुरक्षा होती है। इस संबंध में कम्युनिकेशन सिस्टम व हाईजैक से निपटने के लिए अग्रिम तैयारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

### एयरपोर्ट के आसपास पशु-पक्षी के मारे जाने पर प्रतिबंध

एयरफील्ड मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में वाइल्ड लाइफ या पक्षियों के टकराने से जो दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न होती है, उसके बारे में चर्चा की गई। बैठक में साफ कहा गया कि एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में खुले में पशु-पक्षी को मारे जाने और उनके मांस के कारोबार को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। खुले में इस प्रकार की गतिविधियों से एयरपोर्ट के आसपास दुर्घटना होने की आशंका रहती है। इस बारे में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता कुशीनगर प्रेम शंकर गुप्ता को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व उप जिलाधिकारी कसया पूर्ण बोरा, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, प्रभागीय वन अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से एयरपोर्ट निदेशक एके द्विवेदी, संतोष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मृत व्यक्ति के नाम से तहरीर मिलने पर पुलिस चकराई

## व्यक्ति को अगवा कर पीटने व स्टैंप पर अंगूठा लगवाने का था आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना/खड्डा।** जिले के खड्डा थाना क्षेत्र में मृत व्यक्ति के नाम से तहरीर मिलने के बाद जांच में जुटी पुलिस चकरा गई। तहरीर में जिस व्यक्ति को अगवा करके पीटने और उससे सादे स्टैंप पर अंगूठे का निशान लगवाने का आरोप है, उसकी 20 साल पहले मौत हो चुकी है। थाने में तहरीर लेकर आने वाले दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

22 जून को मदनपुर सुकरौली गांव निवासी महावीर पुत्र बदरी के नाम से थाने में तहरीर दी गई थी। तहरीर में लिखा गया था कि 21 जून को दो लोगों ने महावीर का घर से अपहरण कर लिया और पीटते हुए चार पहिया में बैठाकर ले गए। रास्ते में सादे स्टांप पेपर पर अंगूठा लगवाकर सड़क पर फेंककर आरोपी भाग गए। बृहस्पतिवार को पुलिस हरकत में आई।

### थाने में तहरीर लेकर आने वाले दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

सिपाही मामले की जांच करने पहुंचे तो पता लगा कि जिस महावीर मुसहर के नाम से तहरीर दी गई है, उनकी 20 साल पहले मौत हो चुकी है। गांव के लोगों ने भी इस बात पर हैरत जताई। उसके बाद पुलिस ने गहराई से छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने छानबीन की तो गांव के ही दो लोग इसके सूत्रधार निकले। उनमें से एक ने महावीर बनकर और फर्जी अंगूठा लगाकर रंजिशन तहरीर देने की बात स्वीकार की। दोनों कुछ लोगों को तंग करना चाह रहे थे। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी पीके सिंह ने बताया की मामला संज्ञान में आया है। जिनके नाम से तहरीर दी गई है, उनकी पहले ही मौत हो चुकी है। इस मामले में दो लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# बदमाशों को पकड़ने में पुलिस नाकाम

## जनपद में हत्या और लूट के मामलों का नहीं हो सका पर्दाफाश

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना (कुशीनगर)।** जिले में होने वाले अपराध में शामिल बदमाशों को पकड़ने में पुलिस टीम नाकाम नजर आ रही है। लूट और हत्या के कुछ मामलों में पुलिस अभी तक बदमाशों को नहीं गिरफ्तार कर पाई है।

जांच के दौरान हेड कांस्टेबल को पिकअप से रौंदने के आरोपी पशु तस्करों के गिरोह तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। घटना में शामिल सिर्फ दो तस्कर ही मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए हैं। जिले में एक माह के भीतर तुर्कपट्टी, तरयासुजान, पटहेरवा, कसया, हाटा क्षेत्रों में हुई गंभीर घटनाओं के पर्दाफाश में पुलिस नाकाम रही है।

**हेड कांस्टेबल को रौंदकर भाग गए थे पशु तस्कर :** 4 जून की रात में तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के जोकवा बाजार में हाईवे पर पशु तस्करों को रोकने की कोशिश में तरयासुजान थाने के हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव (39) को पशु तस्करों ने वाहन से रौंद दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। घेराबंदी के दौरान उनके साथ यह घटना हुई। इस मामले में अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज करके पुलिस पशु तस्करों की तलाश कर रही है। तरयासुजान थाना क्षेत्र के गोपालपुर बाजार के समीप चार दिन पूर्व ग्राहक सेवा केंद्र के कर्मचारी पर चाकू से हमला करके सात लाख पांच हजार रुपये लूट लिए गए थे। इस घटना में सीसीटीवी फुटेज से भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसके पूर्व तरयासुजान कस्बे में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से एक लाख 82 हजार रुपये की लूट हो चुकी है। असलहे के जोर पर बदमाश नकदी लेकर भाग गए थे।

### इन घटनाओं से फैली थी दहशत

- 25 जनवरी को हाटा थाना क्षेत्र के जोंल्हिनिया में दिनदहाड़े ग्राहक सेवा संचालक से डेढ़ लाख रुपये की लूट की गई थी। इस घटना में शामिल बदमाशों का पता पुलिस नहीं लगा सकी है।
- छह जून को पटहेरवा थाना क्षेत्र के नारायनपुर कोठी में सर्राफा व्यवसायी जयराम वर्मा (50) की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में भी पटहेरवा पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस वारदात में बिहार के बदमाशों का हाथ है।
- 19 मई को विशुनपुरा थानाक्षेत्र के गगलवा पुल के पास पुलिस और अंतर प्रांतीय गिरोह के बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। वहीं एक तस्कर फरार हो गया था। इसके पहले इसी थाने क्षेत्र में 28 अप्रैल को पुलिस और पशु तस्कर से मुठभेड़ में एक बदमाश फरार हुआ था। 21 अप्रैल को कसया थाने की पुलिस की नहर की पटरी पर पशु तस्करों से मुठभेड़ हुई, जिसमें एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी फरार हो गया।
- 29 अप्रैल की रात तरयासुजान पुलिस ने मुकुंदपुर गांव के पास हुई मुठभेड़ में बाइक सवार अंतरप्रांतीय बदमाश को गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी थी। यह बदमाश 28 अप्रैल को अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान भाग निकला था। इस मुठभेड़ में भी एक बदमाश फरार हो गया।

*हत्या के मामले में पुलिस जांच कर रही है। हेड कांस्टेबल को रौंदने वाले पशु तस्करों की टीम के दो सदस्य पकड़े जा चुके हैं। अन्य मामलों में पुलिस, बदमाशों के बेहद करीब है। जल्द ही गिरफ्तारी हो जाएगी।*

*- धवल जायसवाल, एसपी*

# मिट्टी निकलवाने पर केस दर्ज कराने के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**जौरा बाजार।** क्षेत्र के गांव जोकवा बुजुर्ग में पोखरी में मजदूरों से कार्य नहीं कराकर जेसीबी से खुदाई कराने के मामले में जांच हुई। इसमें जांच अधिकारी ने पट्टा धारक पर ही मिट्टी निकलवाने का संदेह व्यक्त करते हुए एमबी में 40190.69 रुपये प्राक्कलन की धनराशि कम करते हुए प्रधान को मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। ग्राम सभा के निवासी चंद्रशेखर यादव ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की थी।

आरोप लगाया था कि गांव की पोखरी में मजदूरों के बजाय जेसीबी से खुदाई कराई जा रही है। इसकी जांच का कार्य अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को सौंपा गया। जांच अधिकारी ने तकनीकी सहायक सुनील कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। शक जाहिर किया गया कि पट्टाधारक ही मिट्टी निकलवाने का प्रयास किया है। पोखरी अमृत सरोवर योजना के तहत चयनित है। इसका एमबी भी हो चुका है। इस लिए जितनी मिट्टी की खुदाई जेसीबी से हुई है, उतनी धनराशि एमबी में कम कर पट्टाधारक के खिलाफ मौजूदा ग्राम प्रधान को केस दर्ज कराने के निर्देश दिए।

शिकायतकर्ता का कहना है कि पोखरी से सैकड़ों ट्राली मिट्टी की खुदाई कर बेच दी गई है। ब्लॉक के अधिकारी मामले की लीपापोती कर रहे हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान पूनम गुप्ता ने कहा कि पोखरी से मिट्टी किसने निकलवाई है, यह पता चल गया है। शीघ्र ही केस दर्ज कराया जाएगा।

# बालू लदी तीन बैलगाड़ी पकड़ी

पकड़ियार बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कुशीनगर व महराजगंज सीमा पर बहने वाली छोटी गंडक से बालू लादकर ले जा रहे तीन बैलगाड़ी को पकड़ लिया गया।

खनन ठेका बंद होने से माफिया, छोटी गंडक को ठिकाना बना लिए हैं। बृहस्पतिवार की भोर में क्रांति पुलिस चौकी पर तैनात सिपाहियों ने गश्त के दौरान लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मी पट्टी, नौकाटोला, डाड़ टोला के पास से बालू लदी तीन बैलगाड़ी को पकड़ लिया। ग्रामीणों के अनुसार, कुर्मी पट्टी, मलाही पट्टी, नौकाटोला, अन्हरी स्थान, रायपुर खास के पास प्रतिदिन नाव से बड़े पैमाने पर बालू खनन कर ट्रालियों से ढुलाई की जाती है। मलाही पट्टी में मेन रोड पर ही नदी से बालू लाकर स्टोर कर शाम को चुनिंदा जगहों पर ट्रॉली से पहुंचाई जा रही है। क्षेत्राधिकारी खड्डा संदीप वर्मा ने कहा कि अगर ऐसा है तो कार्रवाई की जाएगी। संवाद



कप्तानगंज में हॉस्पिटल को सील करती टीम। संवाद

# अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल किया सील

संवाद न्यूज एजेंसी

**कप्तानगंज।** कस्बे के नहर रोड स्थित एवन हॉस्पिटल के खिलाफ शिकायत मिलने पर बृहस्पतिवार को एसडीएम गोपाल शर्मा ने जांच की। मौके पर कोई कागज और डॉक्टर न मिलने पर एसडीएम ने कार्रवाई की। अस्पताल में भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल भेजकर एसडीएम ने हॉस्पिटल को सील कर दिया। मौके पर संचालक नहीं मिले।

कप्तानगंज में अवैध पैथालॉजी ,अल्ट्रासाउंड सेंटर और हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम गोपाल शर्मा और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रीतेश कुमार सिंह ने कस्बे के एवन हॉस्पिटल की जांच की। कागजात व डॉक्टर मौजूद न होने ऑपरेशन होने के काद सुनीता देवी, रामजीत, रूपा देवी, रामेश्वर सहित पांच मरीजों को जिला अस्पताल एंबुलेंस से भेजा गया। एसडीएम गोपाल शर्मा ने कहा कि भारी अव्यवस्था के बीच अस्पताल संचालित किया जा रहा था। किचन में ही पैथालॉजी की व्यवस्था की गई थी। न तो अस्पताल का रजिस्ट्रेशन ही हुआ था और न ही मौके पर कोई डॉक्टर मौजूद था। इस दौरान टीम में डॉ. परवेज आलम, शैलेष कुमार, राजेश पोरवाल आदि मौजूद रहे।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-06-2022

# दो पक्षों में मारपीट

**बृजमनगंज (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सभा गुजरौलिया के टोला रसोइया में विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी जिसमें कई लोगों को काफी चोटे लगी है। गांव की निवासी निर्मला देवी पत्नी रम्पत ने इस सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर तहरीर दिया है। जिसके अनुसार उनके पट्टीदार लक्ष्मन व उनकी पत्नी तथा दामाद के द्वारा जूठा पानी ऊपर फेंकने की बात को लेकर लाठी,डंडा से मारापीटा गया तथा गाली गलौज किया गया। मारपीट में कइ लोगों को काफी चोटे लगी है और एक की हालत को गम्भीर देखते हुए महराजगंज भी रेफर किया गया है। इस सम्बन्ध में प्रभारी थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

**कई लोगों को काफी चोटें लगीं, एक की हालत गंभीर**

# गैंगरेप व हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार

**ठूठीबारी (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम भरवलिया के भौरहिया बंधा के समीप से चार साल से फरार चल रहा गैंगरेप व हत्या का आरोपित वांछित व इनामी एक अभियुक्त को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**बिहार का रहने वाला अभियुक्त चार साल से था फरार**

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार व सीओ सुनील दत्त दुबे के पर्यवेक्षण में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे, एसओजी प्रभारी जयप्रकाश सिंह यादव व उप निरीक्षक मनोज कुमार यादव की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आज दोपहर बाद ग्राम भरवलिया के सटे भौरहिया नाला के समीप से वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। वह विगत 4 वर्षों से फरार चल रहा था। गैंगरेप व हत्या का आरोपी इनामी अभियुक्त मोटर शेख उर्फ मोमान पुत्र मोहम्मद सईद (35) निवासी भेड़ियारी थाना पुरुषोत्तमपुर जिला पश्चिमी चंपारण बिहार को गिरफ्तार किया गया है। इसका खुलासा आज क्षेत्राधिकारी निचलौल सुनील दत्त दुबे ने पत्रकार वार्ता में किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त वर्ष 2017 में अपने साथी अरमान व इलियास के साथ ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ गैंग रेप कर उसकी हत्या कर दी थी। महिला के शव को जंगल में फेंक दिया था। आरोपितों के विरुद्ध ठूठीबारी कोतवाली में आईपीसी की धारा 302, 201 व 376-डी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त लगभग 4 साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपित युवक के अन्य साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अनतरराज्यीय भगौड़ा वांछित के घर की कुर्की भी की गई थी।

# नौतनवा के नवागत सीओ ने पदभार ग्रहण किया

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय का पुलिस मुख्यालय स्थानांतरण के बाद रिक्त हुए पद पर नवागत सीओ अनुज कुमार सिंह ने गुरूवार को नौतनवा में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत सीआ ने सर्किल के सभी थाना प्रभारियों से रूबरू हुए। अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण और फरियादी को त्वरित न्याय दिलाने को लेकर दिशा निर्देश दिया। कहा कि फरियादी के प्रार्थना पत्र पर जांच पड़ताल कर गुण-दोष के आधार पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

## उप निरीक्षकों का गैर जनपद तबादला

**महराजगंज।** डीआईजी गोरखपुर के आदेश पर एसपी डॉ. कौस्तुभ ने भरत भूषण यादव गोरखपुर, पुरन्दरपुर थाना में तैनात एसआई सूर्यभान यादव का कुशीनगर, कृष्ण गुप्ता का गोरखपुर, कोतवाली में तैनात रवीन्द्र सिंह का गोरखपुर, बृजमनगंज में तैनात दिनेश पांडेय का गोरखपुर, कोतवाली में तैनात कमलेश प्रताप सिंह का गोरखपुर व कोठीभार थाना में तैनात एसआई उमेश शर्मा को स्थानांतरित जिला गोरखपुर के लिए रिलीव किया गया है।

# घर का ताला तोड़कर नगदी व गहने चोरी

**भगवानपुर**। परसामलिक थाना क्षेत्र के महदेईया में दिन दहाड़े घर का ताला तोड़ चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर दस हजार नगदी समेत जेवरात व कपड़ा उठा ले गए। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। महदेइया खास निवासी रामेन्द्र का पूरा परिवार गुरुवार को घर में ताला बंद कर खेत की रोपाई के लिए चला गया। कमरे के अन्दर बाक्स टूटा था। उसमें रखा दस हजार नगद, पांच साड़ी, एक पावजेब, एक मंगलसूत्र, एक झुमका, एक पायल, एक खील गायब था।

# चार बोरी यूरिया के साथ एक गिरफ्तार

**भगवानपुर**। परसामलिक पुलिस ने गस्त के दौरान सीमावर्ती गांव अहिरौली से गुरुवार की दोपहर लगभग दो बजे नेपाल की चार बोरी यूरिया लेकर जा रहे बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने अपना नाम मोहन(19) बताया। वह अहिरौली गांव निवासी है। पुलिस ने केस दर्ज कर कस्टम भेज दिया।

# पांच घंटा चुराकर भाग रहे चोर की धुनाई

**भगवानपुर।** परसामलिक क्षेत्र के महदेइया कारणमाता मंदिर से गुरुवार की सुबह घंटा चुराकर भाग रहे एक चोर को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। नेपाल के रहने वाले इस चोर की जमकर धुनाई करने के बाद लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

नेपाल का रहने वाला एक चोर इस मंदिर में पहुंचकर घंटा निकाल लिया। ग्रामीणों को आता देख चोर भागने लगा। भागने के दौरान घंटी की आवाज सुनकर ग्रामीणों को शक हुआ कि शायद मंदिर से घंटा चुराकर भाग रहा है। ग्रामीणों ने दौड़ाकर चोर को पकड़ लिया। चोर के पास मंदिर के छोटे-बड़े पांच घंटे मिले।

### सोनौली में यात्रियों की जांच के दौरान एसएसबी जवानों ने पकड़ा

# भारत में प्रवेश कर रही रोहिंग्या महिला पकड़ी

**इंडो-नेपाल सीमा**

**सोनौली (महराजगंज), हिसं।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली में यात्रियों की जांच के दौरान एसएसबी जवानों ने बुधवार देर शाम भारत में प्रवेश करते हुए रोहिंग्या महिला को पकड़ लिया। संदेह के आधार पर जवानों ने पूछताछ की तो उसकी असलियत सामने आई। म्यांमार की यह महिला दस साल पूर्व अपने पति और पांच बच्चों के साथ बांग्लादेश के रास्ते जलमार्ग से मणिपुर पहुंची थी और ट्रेन से दिल्ली और फिर जम्मू कश्मीर पहुंची। उसके पर केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

बुधवार की देर शाम सीमा पर एसएसबी जवान नेपाल से आने वाले वाहनों की रूटीन जांच कर रहे थे। जांच के दौरान जवानों को संदेह हुआ। उसे रोककर इमीग्रेशन अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। इमीग्रेशन अधिकारियों और एसएसबी जवानों की पूछताछ में महिला राशदा बेगम ने बताया कि दो माह पहले सीतामढ़ी, बिहार के रास्ते नेपाल में वह अपने खोए हुए पुत्र की तलाश में आयी थी। अब जा रही है। कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि वह रोहिंग्या मुस्लिम है और म्यांमार की रहने वाली है। करीब



सोनौली सीमा पर पकड़ी गई रोहिंग्या महिला से गुरुवार को एसएसबी व इमीग्रेशन की टीम ने पूछताछ की। • हिन्दुस्तान

> इमीग्रेशन अधिकारियों की तहरीर पर म्यांमार नागरिक के अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहने और फर्जी भरतीय पहचान पत्र बनवाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। उसे जेल भेजा जा रहा है। **-मनोज कुमार राय,** कोतवाल, सोनौली

दस साल पूर्व जलमार्ग से बांग्लादेश पहुंची फिर सड़क मार्ग से मणिपुर के रास्ते भारत मे प्रवेश किया। फिर मणिपुर से गुवाहाटी पहुंचे। ट्रेन से दिल्ली और वहां से जम्मू कश्मीर। कुछ दिन बाद भारत में अवैध रूप से प्रवेश के दौरान उसके पति के भाई, बहन सहित दस लोग असम में पकड़े गए, जो तेजपुर, असम की जेल में बन्द हैं। उन्हें छुड़ाने के लिए प्रयास किया है।

बताया कि करीब पांच साल बाद उसका पति उसे तलाक देकर बांग्लादेश के रिफ्यूजी कैम्प चला गया। फिर उसने जम्मू के मुहम्मद हुसैन नामक युवक से शादी कर ली। तीन साल बाद उसने भी तलाक दे दिया। बच्चों में सबसे बड़ा अब्दुल कासिम (26) दिल्ली जाफराबाद के एक मदरसे में पढ़ाई कर रहा है। उसके बाद बेटी दिलवारा बेगम (21) की शादी जम्मू में मोहम्मद आलम से हुई। उससे छोटा मु. इस्माइल (20) जम्मू में मिस्त्री है। इसमन तारा बेगम (13) और मु. नयन (10) जम्मू के एक मदरसे में पढ़ते हैं।



चार साल से फरार इनामी बदमाश की गिरफ्तारी का सीओ निचलौल ने खुलासा किया।

# गैंगरेप और हत्या का इनामी बदमाश गिरफ्तार हुआ

- गिरफ्तार आरोपी पर घोषित था 25 हजार का इनाम
- 2017 में क्षेत्र की एक महिला के साथ गैंगरेप के बाद की थी हत्या

ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद। एसओजी व ठूठीबारी कोतवाली की संयुक्त टीम ने हत्या व गैंगरेप के मामले चार साल से फरार बिहार के वांटेड बदमाश को गुरुवार की भोर में ग्राम भरवलिया के भंवरहिया नाला के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। सीओ सुनील दत्त ने खुलासा किया।

ठूठीबारी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि पकड़ा गया ईनामी बदमाश मोटर शेख उर्फ मोमान(35) ग्राम भेड़ियारी थाना पुरुषोत्तमपुर जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार का रहने वाला था। वह जंगल पार्टी का बदमाश था। वर्ष 2017 मे मोटर शेख उर्फ मोमान अपने साथी अरमान व इलियास के साथ ठूठीबारी क्षेत्र की एक महिला के साथ गैंगरेप के बाद हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया था। इस मामले में उसके खिलाफ हत्या व गैंगरेप समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज था। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था।

**बदमाश के घर को कुर्क कर चुकी है पुलिसः** ठूठीबारी पुलस के मुताबिक मोटर शेख उर्फ मोमान की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया था। उसके दोनों साथी अरमान व इलियास को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। वह दोनों जेल में बंद हैं। मोटर शेख उर्फ मोमान का पुलिस टीम तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी नहीं होने पर उसके उसके घर को न्यायालय के आदेश पर कुर्क किया जा चुका है। मुखबिर से सूचना मिली कि हत्या व गैंगरेप का वांटेड मोटर शेख उर्फ मोमान क्षेत्र में आया है।

# सामूहिक दुष्कर्म व हत्या के आरोपित को भेजा गया जेल

**जागरण संवाददाता, दूठीबारी:** कोतवाली थाना पुलिस ने सामूहिक दुष्म व हत् के मामले में चार वर्ष से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी को गुरुवार को भवरहिया



नाला के पास से गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

अभियुक्मोटर शेख उर्फ मोमान पुत्र मोहम्मद सईद भेडियारी थाना पुरुषोत्तमपुर जिला पश्चिमी चंपारण बिहार का रहने वाला है। उसने अपने साथियों अरमान व इलियास के साथ जंगल पार्टी बनाकर थाना ठूठीबारी क्षेत्र की एक महिला के साथ सामूहिक दुष्म कर हत्या कर दी थी, वही शव को जंगल में फेंक दिया था। इस मामले में विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त इस मुकदमे में फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक ने उस पर 25000 रुपये का इनाम घोषित किया था। दो अभियुक् पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। गिरफ्तारी टीम में ठूठीबारी प्रभारी निरीक्षक संजय व एसओजी प्रभारी जयप्रकाश सिंह यादव उप निरीक्षक मनोज कुमार यादव सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर में

# मंदिर से घंटा चुराने वाले आरोपित को जेल

**महराजगंज:** क्षेत्र के महदेइयां गांव के काड़र माता मंदिर से पांच अदद घंटा चुराकर भाग रहे आरोपित को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित राधेश्याम तिवारी गांव बरसौली थाना भैरहवा जनपद रुपनदेही नेपाल का निवासी है। (जासं)

# सोनौली सीमा पर रोहिंग्या महिला गिरफ्तार

## पोखरा से दिल्ली जा रही भारत-नेपाल मैत्री बस में जांच के दौरान एसएसबी ने पकड़ा

- आव्रजन अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर भेजा गया जेल
- महिला के पांच बच्चों के खिलाफ भी दर्ज किया गया मुकदमा

**जागरण संवाददाता, सोनौली:** सोनौली सीमा पर बुधवार देर शाम पोखरा से दिल्ली जा रही मैत्री बस की जांच के दौरान एसएसबी ने रशिदा बेगम नामक महिला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में वह रोहिंग्या मुसलमान निकली। आव्रजन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

आव्रजन अधिकारी के अनुसार पोखरा से दिल्ली जा रही भारत-नेपाल मैत्री बस में एक महिला की आइडी की जांच के दौरान एसएसबी जवानों को संदेह हुआ, उन्होंने इसकी जानकारी उन्हें दी। पूछताछ में महिला ने बताया कि दो माह पहले सीतामढ़ी बिहार के रास्ते वह अपने खोए हुए पुत्र की तलाश में नेपाल गई थी। वह रोहिंग्या मुसलमान है और म्यांमार की रहने वाली है। करीब 10 वर्ष पूर्व जलमार्ग से बांग्लादेश पहुंची, फिर सड़क मार्ग से मणिपुर पहुंच गई। मणिपुर से गुवाहाटी आकर ट्रेन से दिल्ली और वहां से जम्मू कश्मीर चली गई। साथ में पति और पांच बच्चे भी थे।



सोनौली कोतवाली में महिला से पूछताछ करती एसएसबी की टीम। ● सौजन्य से एसएसबी

महिला ने बताया कि करीब पांच वर्ष बाद उसका पति उसे तलाक देकर बांग्लादेश रिफ्यूजी कैंप चला गया। पति के जाने के बाद जम्मू के मुहम्मद हुसैन से शादी कर ली, और आधार कार्ड भी बनवा लिया। तीन वर्ष बाद उसने भी तलाक दे दिया। बच्चों में सबसे बड़ा अब्दुल कासिम दिल्ली जाफराबाद एक मदरसे में पढ़ाई कर रहा है। पुत्री दिलबारा बेगम की शादी जम्मू में मो. आलम से हुई है, जो प्लम्बर मिस्त्री है। उससे छोटा मो.इस्माइल जम्मू में मिस्त्री है। इसमनतारा बेगम और मो.नयन जम्मू में एक मदरसे में पढ़ते हैं।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि आव्रजन अधिकारी की तहरीर पर म्यांमार नागरिक रशिदा बेगम के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने, रहने और फर्जी भारतीय पहचान पत्र बनवाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। महराजगंज के सोनौली सीमा पर भारत में प्रवेश के दौरान पकड़ी गई रोहिंग्या महिला रशिदा बेगम की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसके परिवार की जांच में जुट गई है। इधर सोनौली पुलिस ने रशिदा बेगम व जम्मू में निवासरत उसके पांच बच्चों समेत कुल छह लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी व विदेशी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नेपाल से भारत में प्रवेश कर रही रोहिंग्या महिला गिरफ्तार

महराजगंज। भारत नेपाल सीमा सोनौली बॉर्डर पर यात्रियों की जांच के दौरान बुधवार देर शाम एसएसबी के जवानों ने संदेह के आधार पर एक रोहिंग्या मुस्लिम महिला को रोक लिया। आब्रजन अधिकारियों की संयुक्त पूछताछ के दौरान महिला की असलियत सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। महिला दस साल पूर्व अपने पति और पांच बच्चों के साथ बांग्लादेश के रास्ते जलमार्ग से मणिपुर पहुंची और ट्रेन से दिल्ली और फिर जम्मू कश्मीर जाकर वहां रहने लगी।

बुधवार को सीमा पर एसएसबी जवान नेपाल से आने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान पोखरा से दिल्ली जा रही नेपाली मैत्री बस में महिला की आईडी की जांच के दौरान जवानों को संदेह हुआ। उसे रोककर इसकी जानकारी आब्रजन अधिकारियों को दी गई। मौके पर पहुंचे आब्रजन और

## सोनौली बॉर्डर पर यात्रियों की जांच के दौरान पकड़ी गई

एसएसबी जवानों की पूछताछ में उसने अपना नाम रचिता बेगम निवासी कल्याणी तालाब, जम्मू कश्मीर बताया। उसने बताया कि दो माह पहले सीतामढ़ी बिहार के रास्ते नेपाल में वह अपने खोए हुए पुत्र को खोजने आयी थी। कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि वह रोहिंग्या मुस्लिम है। मूलतः बर्मा की रहने वाली है। दस साल पूर्व जलमार्ग से बांग्लादेश पहुंची फिर सड़क मार्ग से मणिपुर के रास्ते भारत में प्रवेश किया। प्रवेश के दौरान उसके साथ पति और पांच बच्चे भी थे। हमें भारत पहुंचाने के लिए एक आदमी को प्रति व्यक्ति एक हजार रुपये दिए, फिर मणिपुर से गुवाहाटी, आसाम पहुंचे। उसके बाद ट्रेन से दिल्ली और वहां से जम्मू कश्मीर गई। संवाद

>> संबंधित पेज 7 पर

# रोहिंग्या महिला ने जम्मू कश्मीर में बनवाया फर्जी आधार कार्ड

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भारत नेपाल सीमा के सोनौली बॉर्डर पर पकड़ी गई रोहिंग्या मुस्लिम महिला रचिता बेगम ने जम्मू-कश्मीर में अपना और परिवार के लोगों का फर्जी आधार कार्ड बनवाया था।

आव्रजन अधिकारियों की संयुक्त पूछताछ के दौरान उसने बताया कि भारत में अवैध रूप से प्रवेश के दौरान पति के भाई बहन सहित दस लोग आसाम में पकड़े गए, जो तेजपुर आसाम जेल में बंद हैं। जिन्हें छुड़ाने के लिए दो बार प्रयास किया था उसने बताया कि करीब पांच साल के बाद पति उसे तलाक देकर बांग्लादेश रिफ्यूजी कैंप चला गया।

रोहिंग्या महिला रचिता बेगम ने एसएसबी को बताया कि भारत में अवैध रूप से प्रवेश के दौरान उसने जम्मू के मुहम्मद हुसैन से शादी कर ली। तीन साल बाद उसने भी तलाक दे दिया। बच्चों में सबसे बड़ा अब्दुल कासिम (26) दिल्ली, जाफराबाद में एक मदरसे में पढ़ाई कर रहा है। उसके बाद पुत्री दिलवारा बेगम (21) की शादी जम्मू में मोहम्मद आलम से हुई है। उससे छोटे पुत्र मोहम्मद इस्माइल (20) जम्मू में मिस्त्री है। इसमनतारा बेगम (13) और मोहम्मद नयन (10) जम्मू में एक मदरसे में पढ़ते हैं।

पूछताछ के बाद आव्रजन अधिकारियों ने अग्रिम कार्रवाई के लिए सोनौली पुलिस को सौंप दिया। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि आव्रजन अधिकारियों की तहरीर पर आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया।

**भारत-नेपाल सीमा के सोनौली बॉर्डर पर पकड़ी गई रोहिंग्या मुस्लिम महिला रचिता**



सोनौली बॉर्डर पर पकड़ी गई रोहिंग्या महिला। संवाद

# नवागत सीओ ने कार्यभार संभाला

**नौतनवां।** नवागत सीओ नौतनवां अनुज कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को कार्यभार ग्रहण किया। 2016 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। ये मूलतः प्रतापगढ़ जनपद के निवासी हैं। इनका पहली तैनाती झांसी में हुई थी, जहां स्थानांतरित होकर नौतनवां आए हैं। इनकी यह दूसरी तैनाती है।



अनुज कुमार सिंह।

इन्होंने बताया कि जन शिकायतों का निस्तारण, आईजीआरएस का निस्तारण, कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखना, भारत नेपाल सीमा खुली पर अवैध कारोबार तथा अपराध पर अंकुश लगाना और लोगों को त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता होगी। संवाद

# अभियान से अवैध शराब उन्मूलन का होगा प्रयास

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** शासन के निर्देश पर अवैध शराब उन्मूलन के लिए जिले में पांच जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए तहसीलवार चार टीमों का गठन किया गया है, जिम्मेदार संबंधित क्षेत्रों में पहुंचकर न सिर्फ जांच करेंगे, बल्कि कमी मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित करेंगे।

आबकारी विभाग को अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए पहले दो तरह की समस्या से गुजरना होता था। देसी शराब की शीशी में हो रही गड़बड़ी को रोकने के लिए विभाग की पहल पर शीशी को बंद कर टेट्रा पैक शुरू कर दिया गया। टेट्रा पैक से शीशी की गड़बड़ी तो रुक गई, मगर अभी भी कच्ची पर लगाम लगाने के लिए काफी प्रयास करने की जरूरत है। वन क्षेत्र व उसके आसपास फलने-फूलने वाले कच्ची पर अंकुश लगाने के लिए शासन के निर्देश के क्रम में एक बार फिर पांच जुलाई तक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

अवैध शराब उन्मूलन के लिए विभाग गंभीर है। शासन के निर्देश के क्रम में पांच जुलाई तक विशेष अभियान के माध्यम से गतिविधियों पर लगाम लगाने की कवायद की जाएगी। - **जितेंद्र पांडेय**, जिला आबकारी अधिकारी

जिसे दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग ने तहसीलवार चार टीमों का गठन किया है। आबकारी निरीक्षक के नेतृत्व में टीम संबंधित तहसील क्षेत्र में चिह्नित स्थलों पर पहुंचकर कच्ची पर अंकुश लगाने का कार्य करेगी।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-06-2022

# जानलेवा हमले के आरोपी हुए हाजिर

बभनान। किन्नर पर जान लेवा हमला करने वाले दो आरोपियों ने थाने में गुरुवार को सरेंडर कर दिया। गौर पुलिस ने इन आरोपियों का शांति भंग में चालान कर इतिश्री कर ली। जिसे लेकर किन्नर समुदाय ने गहरा आक्रोश व्याप्त है।

गौर थाना क्षेत्र के अजगैवा जंगल बजहिया निवासिनी सुमन किन्नर पर 12 जून को अमित , संजय यादव, पति राम व अमित यादव की मां ने जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर दिया था। सुमन किन्नर की तहरीर पर पुलिस ने ईंटों से सिर पर वार कर मरणासन्न करने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। 10 दिन बाद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित किन्नरों का समुदाय बुधवार को गौर थाने पहुंचा। किन्नरों ने दिन भर थाने का घेराव कर सड़क पर प्रदर्शन किया।

# ओबीसी मोर्चा ने बनाई भारत बंद की रणनीति

बस्ती। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा की बैठक गुरुवार को आवास विकास स्थित जिला कार्यालय पर अध्यक्ष राम सुमेर यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 25 जून को आयोजित भारत बंद की रूप रेखा पर विचार किया गया। राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा एवं बहुजन क्रान्ति मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक वामन मेश्राम ने 25 जून को भारत बंद का आवाहन किया है।

# शादी का झांसा देकर दो युवतियों से दुष्कर्म, केस

## शर्मनाक

बस्ती, निज संवाददाता। कोतवाली और छावनी पुलिस ने शादी का झांसा देकर दो युवतियों संग दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों के धरपकड़ के प्रयास में जुटी है।

आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र की मूल निवासी 26 वर्षीय पीड़ित युवती वर्तमान में शहर कोतवाली की एक कॉलोनी में रह रही है। युवती का आरोप है कि विपिन कुमार नाम के युवक ने उसे शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद उसने उसका शारीरिक शोषण/ बलात्कार किया। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने इंकार दिया। वह व उसके घरवालों ने अपशब्द कहते हुए फोन पर जानमाल की धमकी दी। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि आरोपी विपिन कुमार निवासी सिधारी जिला मुजफ्फरनगर समेत छह के खिलाफ आईपीसी 376, 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। छावनी थाना क्षेत्र की रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले अनिल यादव ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। किसी से कुछ बताने पर जानमाल की धमकी भी दी। जब युवती की शादी कहीं और तय होने लगी तो उसकी अश्लील फोटो व्हाट्सअप पर भेज दिया। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी अनिल यादव के खिलाफ आईपीसी 376, 506 व 67बी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# ठगी करने वाले गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार, 5.95 लाख बरामद



गुरुवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने आठ लाख की ठगी की घटना का खुलासा किया।

- गौर थाना क्षेत्र के एक सेवानिवृत शिक्षक को बनाया था शिकार
- बाराबंकी के रहने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, चार की तलाश जारी

**बस्ती/बभनान, हिन्दुस्तान टीम।** सेवानिवृत्त शिक्षक से आठ लाख रुपये की ठगी करने वाले दो जालसाजों को गौर थाना, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के कब्जे से पांच लाख 95 हजार नगदी के अलावा दो चाकू व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में धरपकड़ का खुलासा करते हुए बताया कि जमीन के समतलीकरण के नाम पर झांसा देकर आठ लाख रुपये ठगने वाले आरोपी सलीम और अनीस निवासी जगदीशपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को मुखबिर की सूचना पर रमवापुर पेट्रोल पम्प के पास से दबोच लिया। पूछताछ में इनके चार अन्य साथियों के नाम भी प्रकाश में आया है। उनकी धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है। एसपी के अनुसार गौर थाना क्षेत्र के मेहनिया गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अगनू प्रसाद ने 14 जून को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वे गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। इसी साल अप्रैल माह में रिटायर हुए हैं। 11 जून को कुछ व्यक्ति उन्हें बाइक पर बैठाकर एसबीआई गौर ले गए। उनके खाते से आठ लाख रुपये निकलवा लिया और लेकर फरार हो गए। जाते-जाते धमकी दी कि यदि घटना की जानकारी किसी को दी तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। पुलिस के अनुसार इन आरोपितों ने अंबेडकरनगर, बहराइच व बस्ती के ही पुरानी बस्ती क्षेत्र में भी लोगों को समतलीकरण के नाम पर झांसे में फंसाने का प्रयास किया था, लेकिन सफल नही हुए थे। दो आरोपितों को गिरफ्तार 5.95 लाख बरामद कर लिया गया है। चार फरार आरोपितों की तलाश जारी है। खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गौर ब्रजेन्द्र पटेल, एसओजी प्रभारी उमेशचन्द्र, रामेश्वर, एसआई जयविन्द, कमलेश, प्रभारी सर्विलांस टीम शशिकांत, थाने की महिला कांस्टेबल पूजा राज शामिल रहीं।

# 24 घंटे में बुजुर्ग दंपति की मौत

बस्ती। लालगंज थाना छेत्र के पाकरडांड निवासी राम चन्द्र अग्रहरि (65) की बुधवार को चौराहे पर किराने की दुकान में अचानक मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई। उसके बाद परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। 24 घण्टे के अंदर ही उनकी पत्नी गंगा देवी (60) की भी मौत हो गई। वह अपने पति के मौत का सदमा बर्दास्त नहीं कर पाई।

# फैक्ट्री की केबिल काट ले गए

बस्ती। परसरामपुर थाना क्षेत्र के परसपुर निवासी प्रिंस कुमार पांडेय का आरोप है कि सलेमपुर निवासी गोविन्द गुप्ता व तीन अन्य अज्ञात लोग फैक्ट्री की मोटी केबिल काट कर उठा ले गए। उनके पिता ने जब इस बारे में जानकारी जुटाई तो उन्हें अपशब्द कहते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। पुलिस आईपीसी 379, 504 व 352 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# जेठ ने जबरन बनाया शारीरिक सम्बन्ध, किया ब्लैकमेल

नगर बाजार। नगर थाने में एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुराल में उसके जेठ ने छेड़छाड़ की। मायके आने पर भी यहां आकर जेठ ने अश्लील हरकत की। जबरन शारिरिक सम्बन्ध बनाया। इसके बाद तलाक दिलाने की धमकी देकर शारिरिक सम्बन्ध बनाने के दौरान पति ने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। आरोप है कि इसके बाद जेठ व पति ने मिल मारपीट की। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

# गैरइरादतन हत्या का चौथा आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

दुबौलिया। पुलिस ने गैरइरादतन हत्या के चौथे आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के सांडपुर भरवटिया गांव में सोमवार देर रात बीच-बचाव करते समय घायल हुए हनुमान (50) की मौत के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया था। मृतक की पत्नी प्रभावती देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपी बाबा और गप्पू को गिरफ्तार कर लिया था। तीसरे आरोपी भोला उर्फ राम तीरथ को बुधवार को गिरफ्तार किया गया था।

# फोरलेन पर सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

नगर बाजार(बस्ती)। फोरलेन पर नगर थाना क्षेत्र में बस्ती-अयोध्या वाली लेन में बसहवा चौराहे के पास एक बाइक सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर चोट आने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर थाने के गोटवा निवासी अशोक सोनी ने बताया कि उनके पिता ओमप्रकाश सोनी (55) को बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे बसहवा चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी।

# छह बच्चों को संयुक्त टीम ने कराया मुक्त

बस्ती। एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग यूनिट व श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने बचपन बचाओ, बाल भिक्षावृत्ति व बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत गुरुवार को कोतवाली, पुरानी बस्ती क्षेत्र के विभिन्न होटलों, जनरल स्टोर व अन्य दुकानों पर चेकिंग की। इस दौरान ऐसे बालकों की जांच हुई, जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम हो व उनसे काम कराया जाता हो।

पुलिस कार्यालय के अनुसार चेकिंग के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों पर काम करते मिले छह बच्चों को श्रम विभाग एवं एएचटीयू की संयुक्त टीम ने मुक्त कराया। इनके सेवायोजकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई है। साथ ही इन पर बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# आरएफसी के खिलाफ खोला मोर्चा

## इंस्पेक्टर्स एसो.



गुरुवार को आयुक्त बस्ती मंडल कार्यालय के समक्ष आरएफसी बस्ती के खिलाफ प्रदर्शन करते खाद्य विभाग के इंस्पेक्टर्स।

बस्ती, निज संवाददाता। संभागीय खाद्य नियंत्रक बस्ती मंडल पर तीनों जिलों के इंस्पेक्टरों ने अभद्रता का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया। यूपी फूड एंड सिविल सप्लाईज इंस्पेक्टर आफिसर्स एसोसिएशन ने गुरुवार को दोपहर बाद आयुक्त कार्यालय पहुंचा और आयुक्त को ज्ञापन देकर आरएफसी के उत्पीड़न से निजात की मांग किया। आरएफसी के खिलाफ प्रदर्शन भी किया।

यूपी फूड एंड सिविल सप्लाईज इंस्पेक्टर्स आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बाल्मीक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिशिर सिंह, महामंत्री धीरेन्द्र सिंह, विपणन निरीक्षक आशीष कुमार मिश्र, कविता चौधरी, मो. जीशान, राजेश राम, अखिलेश कुमार, अनिल आर्या, अभय शुक्ला, संजय जयसवाल, दीपक शुक्ला ने आयुक्त को दिए ज्ञापन में बताया कि आरएफसी बस्ती अपने मातहत अधिकारियों व कर्मचारियों को जातिगत व अश्लील संबोधन करते हुए अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। उन्होंने शासन को लगातार ऐसे पत्र भेजे जिससे शासन की छवि धूमिल हुई। इसके साथ ही वित्तीय हानि पहुंचाने का प्रयास किया। जिसका उदाहरण सिंगल स्टेज सिस्टम प्रारंभ होने के बाद भी गोदाम को बनाए रखने संबंधी प्रस्ताव शामिल है। गोदाम बनाए रखने से शासन को करोड़ों रुपये की वित्तीय हानि होगी। एसोसिएशन के सदस्यों ने आरोप लगाया कि आरएफसी कार्यालय में धूम्रपान व अन्य नशीले तत्वों का सेवन किया जाता है। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल व कई मंत्रियों ने भी इनके कार्य व्यवहार पर सवाल उठाया है, जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है। इन्होंने कई प्रशासनिक अधिकारियों के विरूद्ध अनर्गल आरोप लगाया था, इस संबंध में इन्हें मानहानि की नोटिस भी मिली हुई है। इस बाबत पूछे जाने पर आरएफसी सरयू प्रसाद ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि उनके खिलाफ साजिश की जा रही है।

### पुरानी बस्ती क्षेत्र में 11 जून को बाइक सवार बदमाशों ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे से की थी लूटपाट

# मुठभेड़ में लुटेरे को लगी गोली, दरोगा भी घायल

**कामयाबी**

- कम्प्यूटर सीखने आ रहे युवक से लैपटॉप छीन मार दी थी गोली
- बलरामपुर के रहमतपुर के अभय ने अपने साथी संग की थी लूट



मुठभेड़ में घायल बदमाश से पूछताछ करने गुरुवार की सुबह जिला अस्पताल पहुंचे एसपी आशीष श्रीवास्तव। • हिन्दुस्तान

**बस्ती, निज संवाददाता।** लखनऊ हाईवे पर चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास कम्प्यूटर सीखने जा रहे दो भाइयों से गोली मारकर लैपटॉप लूटने वाले आरोपित को मुठभेड़ में पुरानी बस्ती, कोतवाली, वाल्टरगंज थाना व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। बलरामपुर जिले के रहने वाले आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ में दरोगा रिजवान भी घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी की निशानदेही पर गोण्डा के रहने वाले उसके साथी को भी लैपटॉप के साथ दबोच लिया गया है।

एसपी ने बताया कि 11 जून 2022 को हुई लूट की वारदात के फुटेज आदि के आधार पर बदमाशों को गिरफ्तार में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार की रात करीब दो बजे फोरलेन पर कोतवाली के पटेल चौक के पास घेराबंदी की। बाइक सवार आरोपी अभय निषाद निवासी रहमतपुर, थाना सादुल्लाह, बलरामपुर ने पुलिस को देख कट्टे से फायर झोंक दिया। गोली एसआई रिजवान के दाहिने हाथ को छूते हुए निकल गई और वह घायल हो गए। मौके से टीम ने बाइक, तमंचा-कारतूस बरामद किया है। आरोपी अभय ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से चैनपुरवा के पास युवक को गोली मारी थी। पिस्टल बरामद कर मिलान करने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा है। पुष्टि होने पर उसके पिता के विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई होगी।

घायल बदमाश की निशानदेही पर उसके साथी सौभाग्य श्रीवास्तव निवासी गायत्रीपुरम, जिला गोण्डा को लखनऊ से लूटे गए लैपटॉप के साथ दबोच लिया गया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन पर काफी कर्ज हो गया था। उसे चुकाने के लिए छिनैती की योजना बनाई थी। घूम-घूमकर रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस के मुताबिक जनवरी 2022 में पचपेड़िया कोतवाली के पास बाइक सवार से एक लाख 64 हजार रुपये लूटने की वारदात भी बदमाशों ने स्वीकार की है। इसमें उनका एक अन्य साथी भी था, जिसकी तलाश की जा रही है। न्यायालय से आरोपितों की रिमांड लेकर अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जाएगी। आरोपी अभय के खिलाफ बस्ती व गोंडा में आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं। दोनों पर अन्य जनपदों में दर्ज मुकदमे के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## व्यापारी समझ बाइक सवार भाइयों को बनाया था निशाना

बस्ती। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी अभय निषाद ने बताया गया कि 11 जून 2022 को दिन में पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास मैं, अपने साथी सौभाग्य श्रीवास्तव के साथ अपाची गाड़ी से आया था। इसी दौरान चैनपुरवा पुल पर हड़यि की तरफ से दो व्यक्ति एक बाइक से आते दिखाई पड़े। जिसमें से गाड़ी चलाने वाले व्यक्ति ने एक बैग अपने मोटरसाइकिल की टंकी पर आगे रखा हुआ था। उन दोनों को व्यापारी समझकर हम लोग चैनपुरवा पुल पर चढते समय उन्हें रोकने लगे तो वाहन से लड़खड़ा कर दोनों नीचे गिर गए। फिर इनमें से एक का बैग छिनने लगे। इसका विरोध करने पर अभय ने उसे गोली मारी और फिर दोनों चैनपुरवा पुल के नीचे होते हुए हम लोग भाग निकले थे।

बैग खोला तो उसमें एक लैपटाप व कुछ कागजात थे और पैसा नहीं था। लैपटाप और कागज को अभय ने अपने दोस्त सौभाग्य को दे दिया। अभय ने पुलिस को बताया कि घटना में जिस शस्त्र से लूट की घटना में गोली मारी थी, वह पिस्टल है, मेरे पिता की लाइसेंसी पिस्टल है। घटना के बाद इसे ले जाकर वापस घर में पर रख दिया। पुलिस के मुताबिक दोनों ने कोतवाली के पचपेड़िया में मार्ग 12 जनवरी 2022 की दोपहर तमंचा दिखाकर आरसीएमएस कंपनी के कलेक्शन एजेंट राहुल सिह से 1 लाख 64 हजार 500 रूपये लूटने की घटना भी कबूल की है। इस लूट में शामिल इनके तीसरे साथी की तलाश की जा रही है।

### पूर्व जिपं सदस्य के बेटे को 11 जून को मारी थी गोली

संतकबीरनगर के दुधौरा थानांतर्गत सिसवा तालिफ निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सलेमुल्लाह सिद्दीकी का बड़ा बेटा वजेदुल्लाह (18) बस्ती शहर के राजकीय इंटर कालेज के पास एक दुकान पर कम्प्यूटर का काम सीख रहा है। 11 जून 22 को दोनों भाई एक साथ बाइक से बस्ती शहर आने को अपने घर से निकले थे। फोरलेन पर पुरानी बस्ती थानांतर्गत चैनपुरा ओवरब्रिज पर करीब 12 बजे बाइक पर आए दो हमलावरों ने गोली मार दी थी।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

पटेल चौक पर मुठभेड़ व लखनऊ से दूसरे आरोपी की धरपकड़ करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संजय कुमार, थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती आलोक श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिह, चौकी प्रभारी रौता अरविन्द यादव, चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा जितेन्द्र सिह, रिजवान अली, हेड कांस्टेबल कमलेश यादव, जितेन्द्र पासवान, कांस्टेबल पवन यादव, भगवान दयाल और सिर्वलांस सेल के कांस्टेबल हिन्दे आजाद शामिल रहे।




गुरुवार को चीनी मिल वाल्टरगंज में चल रहे धरने को समर्थन देने पहुंचे सदर विधायक महेंद्रनाथ यादव व धरने पर बैठे मिलकर्मी व किसान। • हिन्दुस्तान

# विधायक ने मिल श्रमिकों के आंदोलन को दिया समर्थन

- किसानों, मजदूरों को हक दिलाने के लिए तेज होगा संघर्ष
- मिल कर्मियों, मजदूरों व किसानों ने विधायक का किया स्वागत

वाल्टरगंज, हिन्दुस्तान संवाद। वाल्टरगंज चीनी मिल चलाए जाने, गन्ना किसानों, मिल श्रमिकों के बकाया गन्ना मूल्य व वेतन भुगतान आदि के सवाल को लेकर वाल्टरगंज चीनी मिल के निकट चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को गुरुवार को वहां पहुंचकर सदर विधायक एवं सपा जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव ने अपना समर्थन दिया। अपने बीच विधायक महेन्द्रनाथ को पाकर वाल्टरगंज चीनी मिल के श्रमिकों ने उनका फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

विधायक ने कहा कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण समस्या को लेकर विधानसभा में बजट सत्र के दौरान सवाल उठाकर सरकार का ध्यान केन्द्रित किया है। भाजपा सरकार और उनके नेता उपलब्धियां गिनाते हैं, किन्तु उन्हें गन्ना किसानों, मिल श्रमिकों की समस्या दिखाई नहीं पड़ती। चीनी मिल पर मिल श्रमिकों, गन्ना किसानों का कुल 62 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है भाजपा सरकार के जिम्मेदार खामोश है, यह स्थितियां खतरनाक है। मिल कर्मचारी अंगद वर्मा, महेश पांडेय, शेषराम, कमलेश, परमेश्वर, रामजनक मौर्य, गोपाल आदि रहे।

# डेढ़ साल से अराजक तत्व नहीं बनने दे रहे पीएम आवास

- चालीस वर्ष से छप्पर के घर में रह रहा है गरीब कुनबा
- एडीएम ने एसडीएम को पट्टे की पत्रावली पूरा करने के दिए निर्देश

बभनान, हिन्दुस्तान संवाद। डेढ़ साल से अराजक तत्व गरीब का पीएम आवास नहीं बनने दे रहे हैं। पीड़ित ने समाधान दिवस से लेकर सीएम तक गुहार लगाई। एडीएम ने एसडीएम हर्रैया को पट्टे की पत्रावली पूर्ण करा आवास निर्माण कराने का निर्देश दिया है।

हर्रैया तहसील क्षेत्र के गौर गांव निवासी राजेन्द्र ने समाधान दिवस से लेकर सीएम तक सैकड़ों प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि वह गांव के लोगों से यह जमीन बहुत पहले कुछ रूपए देकर लिया था। तभी से वह अपने आठ सदस्यों के कुनबे के साथ रह रहा है। वह चालीस वर्ष से छप्पर के मकान में जीवन-यापन कर रहा है। डेढ़ साल पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिला है। जब-जब आवास बनाने की कवायद शुरू करता है तो गांव के कुछ अराजक तत्व काम रोक देते हैं। ग्राम प्रधान राजेश मिश्रा ने बताया कि यह गरीब परिवार काफी दिनों से यहां छप्पर का मकान बनाकर रहता है।

# कहीं घर से निकाला तो कहीं दहेज उत्पीड़न

बस्ती। महिला थाना व कलवारी पुलिस ने दहेज के लिए दो विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। नगर क्षेत्र की रहने वाली लक्ष्मी पाल की शादी बलरामपुर जनपद के सादुल्ला नगर थानांतर्गत विशुनपुर खरहना निवासी वीरेन्द्र पाल के साथ हुई है। महिला थाने पर तहरीर देकर लक्ष्मी ने आरोप लगाया कि ससुराल में दहेज में पांच लाख रुपये की मांग की गई। तहरीर पर पति वीरेन्द्र पाल, ससुर गोवर्धन, सास झिनका, देवर सुरेन्द्र पाल, जेठ धर्मेन्द्र पाल और ननद नन्दनी पाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच एसआई रामजी मिश्र को सौंप दी है। कलवारी थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी आयशा खातुन की ससुराल वालों ने कम दहेज लाने की बात को लेकर बेटी को प्रताड़ित किया, पुलिस ने मो. रफीक, हुसैन, इजहार, शहनाज, नुरू समेत छह पर केस दर्ज किया है।

# चिकित्सक व एएनएम की छात्रा को कोरोना

बस्ती। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक व एएनएम की छात्रा सहित कुल तीन लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इस समय जिले में कोविड के एक्टिव केस की संख्या नौ है।

मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक ने बुधवार को कैली अस्पताल में अपनी आरटीपीसीआर जांच कराई थी। जांच में वह पॉजिटिव मिले हैं। मेडिकल कॉलेज में इस लहर में अब तक तीन चिकित्सक कोविड पॉजिटिव हो चुके हैं। कोरोना की जांच करने वाले लैब में काम करने वाला कई स्टॉफ भी कोविड की चपेट में आ चुका है। कप्तानगंत ब्लॉक के अजगरा गांव की रहने वाली बाराबंकी जिले में एएनएम की पढ़ाई कर रही एक छात्रा भी कोरोना पॉजिटिव मिली है।

# श्रमिकों के आंदोलन को विधायक का समर्थन

**जासं. बस्ती:** वाल्टरगंज चीनी मिल चलाये जाने, गन्ना किसानों और श्रमिकों के बकाया मूल्य भुगतान को लेकर वाल्टरगंज चीनी मिल के निकट चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को सदर विधायक एवं सपा जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव ने अपना समर्थन दिया। कहा कि उन्होंने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान सवाल उठाकर सरकार का ध्यान खींचा है। वह गन्ना किसानों, मिल श्रमिकों के साथ है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे।



श्रमिकों के साथ बैठे सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ● जागरण

विधायक ने कहा कि वाल्टरगंज चीनी मिल पर मिल श्रमिकों, गन्ना किसानों का कुल 62 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है किन्तु प्रशासन अधिकारी और भाजपा सरकार के जिम्मेदार इस बड़ी समस्या पर खामोश है, यह स्थितियां खतरनाक है। अपने बीच सदर विधायक को पाकर वाल्टरगंज चीनी मिल के श्रमिक खुश हुए। फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। धरने में मिल कर्मचारी अंगद वर्मा, महेश पाण्डेय, शेषराम वर्मा, कमलेश पटेल, परमेश्वर पाण्डेय, रामजनक मौर्य, गोपाल मौर्य, किसान सुमित चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, जयदीप चौधरी, किसान नेता गनीराम, डा. राम बहादुर चौधरी, प्रधान अमरनाथ चौधरी आदि शामिल रहे।

# युवक से लैपटाप लूटने का आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पैर में घुटने के नीचे लगी गोली, एसआइ के हाथ को छूते निकली गोली, खोराखार गांव के पास हुई मुठभेड़

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पिछले दिनों हाईवे पर पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के चैनपुरवा ओवरब्रिज पर बस्ती आ रहे बाइक सवार एक युवक की जांघ में गोली मारकर उसका लैपटाप लूटने के आरोपित को पुलिस ने गुरुवार की भोर में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपित की ओर से चलाई गई गोली एक एसआइ के दाहिने हाथ को छूते हुए निकल गई, जबकि पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपित के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी, जिससे वह गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने अस्पताल पहुंचकर घायल से पूछताछ की।



जिला अस्पताल में मुठभेड़ में घायल बदमाश से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी ● जागरण

एसपी ने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा बड़ेवन से आगे हरदिया की तरफ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी बीच एक बाइक सवार अचानक तेजी से हरदिया की तरफ निकला। शक होने पर आसपास के थानों को सूचना देकर अलर्ट किया गया। कोतवाली पुलिस ने वाल्टरगंज व पुरानी बस्ती पुलिस के साथ घेराबंदी की। घिरता देख बाइक सवार अचानक मुख्य मार्ग से पटेल चौक की तरफ मुड़ गया।

सामने से पुलिस को आते देख वह खोराखार गांव की ओर अपनी बाइक मोड़ लिया। बाइक की स्पीड तेज होने के कारण अचानक वह फिसल कर गिर गया। गिरते ही उसने असलहे से पुलिस पर फायर कर दिया जिससे उसकी गोली एसआइ रिजवान अली के दाहिने हाथ में छूती हुई निकल गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपित के दाहिने पैर में घुटने से नीचे गोली लगी। उसकी पहचान अभय निषाद ग्राम रहमतपुर थाना सादुल्लाह नगर जनपद बलरामपुर के रूप में हुई। उसके पास से एक बाइक, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर आरोपित ने बताया कि उसने पुरानी बस्ती क्षेत्र में चैनपुरवा ओवरब्रिज पर अपने साथी के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था।

**पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे से की थी लूट:** संतकबीरनगर जिले के सिसवा तालिब निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सलेमुल्लाह का बड़ा बेटा वजेदुल्लाह अपने छोटे भाई वसामुल्लाह के साथ 11 जून को बाइक से बस्ती में कंप्यूटर क्लास करने आ रहा था। दोपहर 12 बजे के करीब जैसे वह हाईवे पर चैनपुरवा ओवरब्रिज पर पहुंचा, अचानक एक बाइक पर सवार दो युवक आए और उसकी जांघ में गोली मारकर उसका लैपटाप छीनकर भाग निकले। पुरानी बस्ती पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:** लूट के आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल संजय कुमार, थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह, चौकी प्रभारी रैता अरविंद यादव, चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा जितेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी जिला अस्पताल रिजवान अली, कमलेश यादव, आरक्षी जितेंद्र पासवान, प्रदीप सिंह, संजय यादव, भगवान दयाल, हिन्दे आजाद शामिल रहे।

### लैपटाप लूटने का दूसरा आरोपित लखनऊ में धराया

**बस्ती :** 11 जून को चैनपुरवा ओवरब्रिज पर एक युवक की जांघ में गोली मारकर उससे लैपटाप लूटने के एक आरोपित को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने के बाद उसके साथी को भी पुलिस ने लखनऊ से धर दबोचा। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार अभय निषाद ने पूछताछ में बताया कि लूट की घटना में उसका एक साथी सौभाग्य श्रीवास्तव निवासी गायत्रीपुरम जनपद गोंडा भी शामिल था। इस समय वह चिनहट, लखनऊ में है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटी गई लैपटाप, पांच हजार रुपये बरामद हुआ। वहीं अभय निषाद के पिता पुरुषोत्तम के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त की गई पिस्टल के साथ ही पांच कारतूस भी बरामद किया है। पूछताछ में सौभाग्य ने बताया कि पिस्टल अभय की लाइसेंसी है। इसी को लेकर वह घूमा करते थे। बताया कि जनवरी 2022 में भी उन्होंने कोतवाली क्षेत्र के कचपेड़िया में एक व्यक्ति से लूट की थी। पूछताछ में उसने चैनपुरवा ओवरब्रिज पर उन लोगों ने युवक का बैग व्यापारी समझ कर छीना था। उन्हें लगा था कि बैग में रुपये हैं।

# ठगी के दो आरोपित पकड़े गए, 5.95 लाख बरामद



प्रेसवार्ता कर ठगों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** गौर थानाक्षेत्र के रहने वाले एक सेवानिवृत्त शिक्षक से आठ लाख रुपये की ठगी करने वाले दो जालसाजों को गौर पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस सेल की मदद से गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से 5.95 लाख रुपये नकदी के अलावा दो चाकू व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया गया है।

यह जानकारी एसपी आशीष श्रीवास्तव ने गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को दी। बताया कि जमीन के समतलीकरण के नाम पर झांसा देकर आठ लाख रुपये ठगने वाले आरोपित सलीम और अनीस निवासी जगदीशपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को एक सूचना के आधार पर रमवापुर पेट्रोल पंप के पास से पकड़ लिया गया। पूछताछ में इनके चार अन्य साथियों के नाम भी प्रकाश में आए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगी हुई है।

एसपी के अनुसार गौर थाने के मेहनिया गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अगनू प्रसाद ने 14 जून को गौर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वे इसी साल अप्रैल में रिटायर हुए हैं। 11 जून को कुछ लोग उन्हें बाइक पर बैठाकर एसबीआइ गौर ले गए। उनके खाते से आठ लाख रुपये निकलवा लिया और लेकर फरार हो गए। जाते-जाते धमकी भी दी कि यदि घटना की जानकारी किसी को दी तो जान मार देंगे। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी व धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया था।

- **बाराबंकी के रहने वाले हैं दोनों आरोपी, चार अन्य की तलाश**
- **गौर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम को मिली सफलता**

पुलिस की विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि आरोपितों ने अगनू प्रसाद को जमीन समतलीकरण कराने के नाम पर झांसा दिया। इसके बाद इन लोगों ने उनकी जमीन का समतलीकरण कराया, जिस पर कुछ हजार रुपये का ही खर्च आया। इसके बदले में उनसे 15 लाख रुपये की डिमांड की गई। बाद में उन्हें अपने साथ बैंक ले जाकर खाते से आठ लाख रुपये निकलवा लिया और पूरी रकम लेकर फरार हो गए। पुलिस की माने तो इस गिरोह के सदस्य अंबेडकरनगर, बहराइच व बस्ती के ही पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में भी लोगों को समतलीकरण के नाम पर झांसे में फंसाने का प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हुए थे।

**इस टीम ने की गिरफ्तारी:** दोनों ठगों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गौर ब्रजेंद्र प्रसाद पटेल, एसओजी प्रभारी उमेश चंद्र वर्मा, थाने के एसएसआइ रामेश्वर यादव, एसआइ जयविंद कुमार यादव, एसआइ कमलेश कुमार गौड़, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार, विजय प्रकाश दीक्षित, अजय कुमार यादव, विजय यादव, कांस्टेबल अभिषेक तिवारी, संतोष यादव और थाने की महिला कांस्टेबल पूजा राज शामिल रहीं।

# सोलर प्लेट चोरी, अज्ञात पर मुकदमा

**बस्तीः** सोनहा थाना क्षेत्र के सगरा गांव निवासी सतेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 जून की रात चोरों ने उनका सोलर प्लेट चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# छह बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**जासं, बस्ती** : बालश्रम उन्मूलन अभियान के तहत गुरुवार को छह बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) व श्रम विभाग संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली, पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में स्थित विभिन्न होटलों, ढाबों, मेडिकल स्टोर, जनरल स्टोर व अन्य दुकानों पर ऐसे बालकों की चेकिंग की गई जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम हो और उनसे काम कराया जाता हो। कुल छह बच्चे विभिन्न दुकानों पर काम करते हुए पाए गए। उन्हें मुक्त कराया गया। सेवायोजकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई। सेवायोजकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। टीम में एएचटीयू प्रभारी महिला निरीक्षक विभा पांडेय, श्रम प्रवर्तन अधिकारी नागेंद्र त्रिपाठी, महिला उप निरीक्षक संजू यादव, हेड कांस्टेबल अरुण कुमार यादव, रामकिशुन आदि शामिल रहे।



गांधी नगर स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले बच्चों के बारे में जानकारी लेते श्रम प्रवर्तन अधिकारी नागेन्द्र त्रिपाठी व एएचटीयूटीम ● सौ.स्वयं

# खड़ंजा उखाड़ने के आरोप में पांच लोगों पर मुकदमा

**देईसांड़, बस्ती :** लालगंज थाना क्षेत्र के विशुनपुरवा निवासी रमेश तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के ही पांच लोगों ने मिलकर 100 फिट खड़ंजा उखाड़कर उसकी ईंट उठा ले गए। एसपी के आदेश पर लालगंज पुलिस ने गुरुवार को थानाक्षेत्र के विशुनपुरवा निवासी छांगुर, झिनकू, निनकू, रितेश तथा आदर्श के विरुद्ध लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रमेश का आरोप है कि उनके घर से रसूलपुर-सुअरहा मुख्य मार्ग तक लगे खड़ंजे को 19 से 21 जून तक आरोपितों ने उखाड़ दिया। मना करने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। (जासं)

# बाल विवाह के मामले में लड़की के माता-पिता व दूल्हा नामजद

- **लड़की के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**
- **वाल्टरगंज थानाक्षेत्र का माम्ला पुलिस कर रही छानबीन**

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में एक बाल विवाह का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए लड़की के चाचा की तहरीर पर उसके माता-पिता, दूल्हा और अन्य रिश्तेदारों पर मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 21 जून को उनके बड़े भाई ने 14 वर्षीय भतीजी की शादी लालगंज थाना क्षेत्र के एक युवक से कर दी। वह अभी नाबालिग है और उसकी शादी करना बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का उल्लंघन है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता की ओर से नाबालिग का अंक प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें उसकी उम्र 14 वर्ष हैं। अंक प्रमाणपत्र का स्कूल से सत्यापन कराया जा रहा है। छानबीन के दौरान पता चला है कि शादी में ही नाबालिग की विदाई हो गई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद दूल्हे ने उसके मायके पहुंचा दिया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक जितेंद्र मिश्र को सौंपी गई है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बाल विवाह पूर्णतया प्रतिबंधित है।

# कार की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

**जासं, रुधौली :** बस्ती- बांसी मार्ग पर पड़िया चौराहे पर बुधवार की रात एक अनियंत्रित कार की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।



जसवंत फाइल फोटो

वाल्टरगंज पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

रुधौली थाने के पड़िया खास गांव निवासी 35 वर्षीय जसवंत उर्फ कन्हैया पुत्र बहरैची बस्ती रेलवे गोदाम पर पल्लेदारी करता था। वहां से काम निपटाने के बाद वह साइकिल से घर लौट रहा था। अभी वह गांव के चौराहे पर पहुंचा ही था कि बांसी से बस्ती की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गया। हादसे के बाद कार चालक गाड़ी रोकने के बजाए उसकी स्पीड और तेज कर दी। कार में फंसे जसवंत कुछ दूर घिसटते चले गए। जैसे ही वह कार से अलग हुए चालक गाड़ी लेकर बस्ती की तरफ भाग गया। पुलिस ने पीछा कर कार को पकड़ लिया। पत्नी प्रमिला देवी, बेटी प्रियंका, आकृति व बेटा अंकित, माता सोमना देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

- बस्ती-बांसी मार्ग पर पड़िया चौराहे पर हुआ हादसा
- जसवंत बस्ती रेलवे गोदाम पर करता था पल्लेदारी



रोते-बिलखते स्वजन ● जागरण

# झांसा देकर दो युवतियों से दुष्कर्म, मुकदमा

**जासं, बस्ती :** शादी का झांसा देकर युवतियों से दुष्कर्म के मामले में कोतवाली और छावनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास में लग गई है।

आजमगढ़ के सिधारी थानाक्षेत्र की मूल निवासी 26 वर्षीय युवती वर्तमान में बस्ती शहर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। युवती का आरोप है कि विपिन कुमार नाम के एक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया और उसका शारीरिक शोषण किया। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपित ने इंकार दिया। वह व उसके घरवालों ने उसे अपशब्द कहते हुए फोन पर जानमाल की धमकी भी दी। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि आरोपित विपिन निवासी छापर थाना छापर जिला मुजफ्फरनगर और पांच अन्य पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

वहीं छावनी थाना क्षेत्र की रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले अनिल यादव ने उसके साथ शादी करने का झांसा दिया और बाद में शारीरिक संबंध बनाया। जब युवती की शादी कहीं और तय होने लगी तो उसकी अश्लील फोटो को इंस्टाग्राम व वाट्सएप पर भेज दिया। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि आरोपित अनिल यादव पर केस दर्ज कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# आरएफसी के विरुद्ध विपणन निरीक्षकों का प्रदर्शन

## मंडल के सभी जिलों के निरीक्षकों ने खोला मोर्चा, आयुक्त कार्यालय पर कार्रवाई को लेकर बुलंद की आवाज

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** यूपी फूड एंड सिविल सप्लाइज के बैनर तले मंडल के बस्ती, संतकबीर नगर और सिद्धार्थनगर के क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों और विपणन निरीक्षकों ने गुरुवार को संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आयुक्त कैंप कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए। इस मौके पर चार सूत्री ज्ञापन देकर कार्रवाई करने की मांग की।

संगठन के अध्यक्ष क्षेत्रीय विपणन अधिकारी वाल्मीकि सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपणन निरीक्षक शिशिर सिंह और महामंत्री धीरेंद्र सिंह की अगुवाई में जिलेभर के विपणन निरीक्षकों ने संभागीय खाद्य नियंत्रक सरयू प्रसाद की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाए। कहा इनके उत्पीड़नात्मक कार्रवाई से टीम भावना समाप्त हो रही है। खुद के बचाव के लिए शासन को मनगढ़ंत सूचनाएं भेजकर गुमराह कर रहे हैं। इससे खरीद और खाद्यान्न ढुलाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



आयुक्त कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करते क्षेत्रीय विपणन निरीक्षक ● सौ.स्वयं

ज्ञापन में बताया कि आरएफसी की मनमाना कार्यशैली से मंडल की स्थिति खराब हो रही है। इनके द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों की जाति की टाइटिल का प्रयोग करते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया जाता है। विभाग की छवि धूमिल करने और वित्तीय क्षति पहुंचाने के लिए सिंगल विंडोज सिस्टम के बीच गोदाम बनाए रखने का प्रस्ताव भेज दिया गया है। इससे शासन को करोड़ों रुपये की चोट लगेगी। कार्यालय अवधि में धूमपान और नशीले पदार्थों का सेवन करने के साथ ही कंप्यूटर पर बैठक ताश खेला जाता है।

ज्ञापन में आगे बताया गया है कि इनकी कार्यशैली को लेकर सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल के साथ ही कई मंत्रियों और विधायकों ने आपत्ति की लेकिन कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। वह कई प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाने के अनर्गल प्रलाप कर चुके हैं।

इसको लेकर बस्ती के एडीएम ने इनको मानहानि की नोटिस भी दी है। ज्ञापन में 22 जून को अपर आयुक्त खाद्य को भेजे गए प्रस्ताव को झूठ का पुलिंदा बताया। आरोप लगाया निज स्वार्थों के लिए वह शासन की पारदर्शी व्यवस्था को बदलने का प्रयास कर रहे हैं।

इस मौके पर विपणन निरीक्षक आशीष कुमार मिश्र, कविता चौधरी, मो.जीशान, राजेश राम, अखिलेश कुमार, अनिल मौर्या, अभय कुमार शुक्ला, संजय जायसवाल, दीपक शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

**अपर आयुक्त को सौंपी जांच,आज दर्ज किए जाएंगे बयान:** संभागीय खाद्य नियंत्रक के खिलाफ मंडल के तीनों जिलों के विपणन निरीक्षकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान लगाए गए गंभीर आरोपों को आयुक्त गोविंद राजू एनएस ने गंभीरता से लिया है।

इस मामले में अपर आयुक्त प्रशासन गौरेलाल शुक्ल जांच अधिकारी नामित किए गए हैं। आयुक्त ने दो दिन में जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

अपर आयुक्त ने मंडल के सभी अधिकारियों को बयान दर्ज कराने के लिए शुक्रवार की दोपहर 12 बजे आयुक्त कार्यालय में बुलाया है।

# दरवाजे पर बकरी जाने को लेकर मारपीट

बस्ती : सोनहा थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में बुधवार की शाम दरवाजे पर बकरी जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें तीन महिलाओं को चोट आई है। गांव निवासी मंजू का आरोप है कि बकरी दरवाजे पर जाने की बात को लेकर गांव के रामदीन, जयविंद, गोविंद व सुशीला ने उन्हें, उनकी बेटी नेहा व नीता को लाठी-डंडे से मारा पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। (जासं)

# जमा कराई गई रकम वापस न करने पर मुकदमा

**बस्ती:** गौर थाना क्षेत्र के डुहवा निवासी महबूब का आरोप है कि इसी थाने के कठिया निवासी श्रीनिवास ने डेली कलेक्शन 140 रुपया प्रतिदिन के हिसाब से कुल 44 हजार रुपया जमा करा लिया। जमा कराई गई रकम जब वापस मांगी तो देने से मना कर दिया। अपशब्द कह जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध रकम हड़पने व जानमाल की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। (जासं)

# मारपीट मामले में दो पर केस

**बस्ती :** महूघाट स्थित एक कबाड़ की दुकान पर काम करने वाले मनोज निवासी मल्लाहपुरवा दुलारपुर थाना नवाबगंज, गोंडा ने हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 21 जून को दो लोगों ने उससे बाइक का टायर मांगा। टायर न मिलने पर मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने रोहित उर्फ लल्ला व बबड़ी निवासी महूघाट पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# केबल काटने के आरोप में चार पर मुकदमा

**बस्ती** : परसपुर निवासी प्रिंस कुमार पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि सलेमपुर गांव निवासी गोविंद गुप्ता व तीन अन्य अज्ञात लोग उनके फैक्ट्री की केबल काट कर उठा ले गए। उनके पिता ने जब इस बारे में पूछताछ की तो उन्हें अपशब्द कहते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# गैर इरादतन हत्या में वांछित गिरफ्तार

**बस्ती** : दुबौलिया पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित रविंद्र चौहान निवासी साड़पुर भरवटिया को प्रभारी निरीक्षक विनोद और उनकी टीम ने गुरुवार को पंड्डूल घाट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। (जासं)

# चोरी में अज्ञात पर मुकदमा

**बस्ती** : रौता चौराहे पर स्थित विद्युत वितरण खंड तृतीय के पास से 13 जून को एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई थी। मामले में पीड़ित ने बृजेश कुमार निवासी लोहटी चौराहा कोतवाली बस्ती ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी थी। पुलिस ने मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# किन्नर की पिटाई करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

जासं बभनान, बस्ती: गौर थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत अजगैवा जंगल के बजरिया गांव में किन्नर को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने वाले दो आरोपितों अमित व संजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को उनका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को दर्जन भर से अधिक किन्नरों ने गौर थाने पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया था।

गौर थाने के आमा चौराहे पर किन्नर सुमन किराए के मकान में रहती हैं। इसी थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत अजगैवा जंगल के बजरिया गांव निवासी अमित यादव से उनका आपसी संबंध में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। 12 जून को अमित यादव ने फोन कर किन्नर सुमन को अपने घर बुलाया और वहां अमित यादव व उसके परिवार वालों ने किन्नर की जमकर पिटाई कर दी थी, जिससे उन्हें जिला अस्पताल में



बजिरया गांव में किन्नर को मारने-पीटने का आरोपित गिरफ्तार ● जागरण

भर्ती कराना पड़ा था। पीड़ित किन्नर की तहरीर पर पुलिस ने अमित यादव, संजय, पतिराम व अन्य पर मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से परेशान सुमन ने अपने अन्य किन्नर साथियों को इसकी जानकारी दी, जिस पर बुधवार को दिन में अनेक किन्नर थाने पहुंच गए और आरोपितों की गिरफ्तारी तक थाने पर जमा रहे।

# लैपटॉप लूट की घटना का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

## एक बदमाश मुठभेड़ में, दूसरा लखनऊ से गिरफ्तार, मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाश के पैर में लगी गोली, दरोगा भी घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** 11 जून को पुरानी बस्ती के चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास संतकबीरनगर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे पर गोली चलाकर लैपटॉप लूटने वाले बदमाश को पुलिस की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार तड़के मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक घिरने के बाद बदमाश बाइक लेकर भागते समय फिसलकर गिर गया। इसके बाद उसने पुलिस पर फायर झोंक दिया। एक गोली जिला अस्पताल चौकी इंचार्ज रिजवान अली को छूती हुई निकल गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अभय निषाद निवासी ग्राम रहमतपुर थाना सादुल्लानगर बलरामपुर के दाहिने पैर के घुटने में लगी और वह घायल हो गया।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि घायल दरोगा और बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से तमंचा और बाइक बरामद की गई। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार अभय निषाद की निशानदेही पर उसके दूसरे साथी सौभाग्य श्रीवास्तव निवासी गायत्रीपुरम गोंडा को लखनऊ से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया लैपटॉप बरामद कर लिया गया। पुलिस ने लूट की घटना में प्रयोग की गई अभय के पिता की लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संजय कुमार, एसओ पुरानी बस्ती आलोक श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह, प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा जितेंद्र सिंह, प्रभारी जिला अस्पताल रिजवान अहमद, रौता चौकी प्रभारी अरविंद यादव मय टीम इस मुठभेड़ में शामिल रहे।



कोतवाली थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास मुठभेड़ में घायल बदमाश। संवाद

### पूर्व जिपं सदस्य के बेटे को गोली मारकर छीना था लैपटाप

### 11 जून को पुरानी बस्ती क्षेत्र के चैनपुरवा फ्लाईओवर के पास हुई थी घटना

**व्यापारी समझकर छात्रों से किया लूटपाट :** पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे दोनों बेरोजगार हैं। इनके ऊपर काफी कर्ज हो गया था। जिसे चुकाने के लिए वे इस तरह की घटनाओं को किया करते हैं। अभय निषाद ने बताया कि 11 जून को वह और सौभाग्य दोनों चैनपुरवा के पास खड़े थे। तभी मोटरसाइकिल से दो लोग बैग टांगे आते दिखाई दिए। उन्हें व्यापारी समझकर पुल के पास रोका तो वे मोटरसाइकिल लेकर लड़खड़ाकर गिर गए। इसके बाद दोनों बदमाश बैग छीनने लगे। विरोध करने पर पैर में गोली मार दी और बैग लेकर भाग गए। जिसमें कुछ कागजात व लैपटाप के अलावा कुछ नहीं था। घटना को अंजाम देने में अभय निषाद ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल का प्रयोग किया था। जिसको वापस ले जाकर रख दिया था। पुलिस ने वह पिस्टल भी बरामद कर लिया।

**इस तरह हुई थी घटना :** संतकबीरनगर जिले के दुधौरा थानांतर्गत सिसवा तालिफ निवासी सलेमुल्लाह सिद्दीकी का बड़ा बेटा वजेदुल्लाह (18) बस्ती शहर के राजकीय इंटर कॉलेज के पास एक दुकान पर कम्प्यूटर का काम सीख रहा है। इसी साल उसने हाईस्कूल की परीक्षा दी है। उसके साथ छोटा भाई वसामुल्लाह भी यहां काम सीखने आता है। 11 जून 2022 को दोनों भाई एक साथ बाइक से बस्ती शहर आने के लिए अपने घर से निकले थे। दोनों ने अपना-अपना लैपटॉप बैग में ले रखा था। फोरलेन पर पुरानी बस्ती थानांतर्गत चैनपुरा ओवरब्रिज पर दोपहर करीब 12 बजे बाइक पर आए दो हमलावरों ने गोली मार दी थी। गोली मारने के बाद हमलावर घायल युवक वजेदुल्लाह (18) का लैपटॉप वाला बैग छीन लिया, जबकि छोटे भाई वसामुल्लाह का लैपटॉप वाला बैग नहीं छीना था। घटना के बाद कई तरह से कयास लगाए जा रहे थे।

### अभय ने ही पचपेड़िया में लूटे थे 01.64 लाख

गिरफ्तार किए गए अभय निषाद ने कबूल किया कि कोतवाली क्षेत्र के पचपेड़िया में जनवरी महीने में हुई 1 लाख 64 हजार रुपये की लूट भी उसी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर किया था। 12 जनवरी को तमंचा सटाकर आन लाइन शापिंग करने वाली कंपनी के कर्मचारी से दिन दहाड़े एक लाख 64 हजार रुपये लूट लिया था। बाद में मुंडेरवा थाना क्षेत्र के खजौला निवासी कर्मचारी राहुल सिंह ने तहरीर दी, जिसमें बताया कि वह निजी कंपनी के स्टोर का काम संभालने वाले कर्मचारी हैं। वह कंपनी का एक लाख 64 हजार 555 रुपये बैग में रखकर बैंक में जमा करने जा रहा था।

# श्रम विभाग व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने छह बच्चों को कराया मुक्त

## रोडवेज, गांधी नगर, मालवीय मार्ग पर टीम ने किया औचक निरीक्षक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** बाल श्रम पर प्रभावी अंकुश के लिए श्रम विभाग एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने संयुक्त बाल श्रम मुक्ति अभियान चला। दोनों टीमों को संयुक्त अभियान में शहर से विभिन्न दुकानों से छह बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया।

श्रम प्रवर्तन निरीक्षक नागेन्द्र त्रिपाठी और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) के सब इंस्पेक्टर संजू यादव ने बृहस्पतिवार को रोडवेज चौराहा, कंपनी बाग, रौता चौराहा, गांधीनगर में स्थित कपड़े की दुकान, मोबाइल शॉप, रेस्टोरेंट्स सहित अन्य दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न



रोडवेज पर श्रम प्रवर्तन विभाग के अधिकारी ने की दुकानों की जांच। संवाद

दुकानों से कुल छह बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। टीम ने दुकान संचालकों को हिदायत दी कि छह वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों से कार्य नहीं कराएं। अन्यथा बाल मजदूरी कराने वालों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। अभियान में हेड कांस्टेबल रामकिशन यादव व अरुण कुमार भी शामिल रहे।

# पकड़ी गई बिहार जा रही लकड़ी की खेप

## सचल दल ने पुरानी बस्ती थाने के परसा जाफर चौराहे के पास दबोचा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** वन विभाग के सचल दल ने बुधवार की देर रात सिद्धार्थनगर जिले से तस्करी के लिए बिहार भेजी जा रही सागौन के लकड़ी की बड़ी खेप पकड़ लिया। टीम ने उसे कब्जे में लेकर ट्रक समेत संत रविदास वन विहार में सुरक्षित करवा दिया और सीज कर दिया। अधिकारियों के अनुसार लकड़ी की कीमत तकरीबन दस लाख रुपये आंकी जा रही है।

डीएफओ नवीन कुमार शाक्य को सूचना मिली कि सिद्धार्थनगर के बिस्कोहर बाजार से डुमरियागंज के रास्ते सागौन की बड़ी खेप रात के अंधेरे का लाभ उठाकर ट्रक के जरिए बिहार भेजी जा रही है। डीएफओ ने इसके लिए सचल दल प्रभारी व डिप्टी रेंजर राजकुमार को घेराबंदी कर पकड़ने की जिम्मेदारी सौंप दिया। एक्शन में आए सचल दल प्रभारी राजकुमार, सुरक्षा प्रभारी आलोक सिंह, देवी प्रसाद मिश्रा व



परसा जाफर में वन विभाग ने पकड़ी लकड़ी की खेप। संवाद

### सिद्धार्थनगर से भेजे जा रहे थे दस लाख के कीमती सागौन के बोटे

राधेश्याम पटेल की टीम ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के परसा जाफर चौराहे के पास आते हुए ट्रक को पकड़ लिया। जांच के दौरान चालक अनिल गिरी निवासी लघवार, थाना धावे, जिला गोपालगंज-बिहार ने सारी हकीकत उगल दिया और लकड़ी से संबंधित कोई कागजात भी नहीं दिखा पाया।

सचल दल प्रभारी राजकुमार ने बताया कि ट्रक समेत लकड़ी सीज कर दी गई है। आगे जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# शिक्षक से ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## गिरफ्तार ठगों से 5.95 लाख रुपये जब्त, बाराबंकी के रहने वाले हैं आरोपी, चार की तलाश जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जमीन समतलीकरण करने के नाम पर सेवानिवृत्त शिक्षक से आठ लाख रुपये की ठगी के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर लिया। गौर थाने के अलावा एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच लाख 95 हजार नकदी और दो चाकू व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर लिया।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आठ लाख रुपये ठगने वाले आरोपी सलीम और अनीस निवासी जगदीशपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी ने अपने चार अन्य साथियों के नाम भी बताया। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। एसपी के अनुसार गौर थाना क्षेत्र के मेहनिया गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अगनू प्रसाद ने 14 जून को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वे गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। इसी साल अप्रैल माह में रिटायर हुए हैं।



शिक्षक से आठ लाख उड़ाने वाले टप्पेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार। संवाद

शिक्षक अगनू प्रसाद को जमीन समतलीकरण कराने के नाम पर झांसा दिया। इसके बाद इन लोगों ने उनकी जमीन का समतलीकरण कराया। जिस पर कुछ हजार रुपये का ही खर्च आया। इसके बदले में उन्हें पंद्रह लाख रुपये खर्च होने का बिल थमा दिया। 11 जून को उन्हें अपने साथ एसबीआई गौर ले जाकर खाते से आठ लाख रुपये लेकर फरार हो गए।

जाते-जाते धमकी दी कि यदि घटना की जानकारी किसी को दी तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी व धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि इस गिरोह के लोगों ने अंबेडकरनगर, बहराइच व बस्ती के ही पुरानी बस्ती क्षेत्र में भी लोगों को समतलीकरण के नाम पर झांसे में फंसाने का प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हुए थे।

**इस टीम ने की गिरफ्तारी :** ठगी की घटना का खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गौर ब्रजेन्द्र प्रसाद पटेल, एसओजी प्रभारी उमेश चन्द्र वर्मा, थाने के एसएसआई रामेश्वर यादव, एसआई जयविन्द कुमार यादव, एसआई कमलेश कुमार गौड़, प्रभारी सर्विलांस टीम शशिकांत, एसओजी के हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार, विजय प्रकाश दिक्षित, अजय कुमार यादव, विजय यादव, कांस्टेबल अभिषेक तिवारी, सर्विलांस के कांस्टेबल संतोष यादव और थाने की महिला कांस्टेबल पूजा राज शामिल रहीं।

# गैर इरादतन हत्या का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**दुबौलिया।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के सांडपुर भरवटिया गांव में सोमवार देर रात बीच बचाव करते समय घायल हुए हनुमान की मौत के मामले के चौथे आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। गंभीर रूप से घायल होने पर परिजन इलाज के लिए सीएचसी हरैया ले गए थे, जहां पर चिकित्सक ने हनुमान को मृत घोषित कर दिया था। मृतक की पत्नी प्रभावती देवी की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर मौके पर अभियुक्त बाबा और गप्पू को गिरफ्तार कर लिया था। तीसरे आरोपी भोला उर्फ राम तीरथ को बुधवार को गिरफ्तार किया था। फरार रहे चौथे आरोपी रविन्द्र चौहान को बृहस्पतिवार की दोपहर पंडूल घाट  के पास से  गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया गया। संवाद

# खड़ंजा उखाड़ने के आरोप में पांच पर मुकदमा

बनकटी । लालगंज थाना क्षेत्र के विशुन पुरवा निवासी रमेश तिवारी ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ गांव में लगे खड़ंजे की ईंट उखाड़कर उठा ले जाने का आरोप लगाया। रमेश तिवारी का आरोप है कि उनके घर से रसूलपुर-सुअरहा मुख्य मार्ग तक सौ मीटर लंबे खड़ंजे को 19 जून से 21 जून के बीच गांव के छांगुर, झिनकू, निनकू व रितेश तथा आदर्श खड़ंजा उखाड़कर ईंट उठा ले गए। मना करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। एसपी के आदेश पर लालगंज पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसी थानाक्षेत्र के विशुनपुरवा निवासी छांगुर, झिनकू, निनकू व रितेश तथा आदर्श के खिलाफ लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। संवाद

# घर में घुसकर नाबालिग से छेड़खानी, मारपीट

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर मारने पीटने व नाबालिग से छेड़खानी का आरोप लगाया है। तहरीर में महिला ने बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे वह अपने बच्चों के साथ घर में मौजूद थी। तभी गांव का ही एक शराब पीने का आदी व्यक्ति नशे में उसके घर में घुस आया और उसकी नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने लगा। महिला के विरोध करने पर उसने महिला को मारना पीटना शुरू कर दिया। घर में शोरगुल सुनकर पहुंचे लोगों को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। चौकी प्रभारी विक्रमजोत योगेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। महिला का मेडिकल कराया गया है। मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# दुर्व्यवहार की एएसपी से शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

## थाने में दरोगा और सिपाही ने उस समय अभद्र व्यवहार किया

**बस्ती।** कलवारी थाने के गौरा रोहारी निवासी कृष्ण कुमार तिवारी ने एएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके साथ थाने में दरोगा और सिपाही ने उस समय अभद्र व्यवहार किया, जब वे अपने चरित्र प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी लेने थाने गए थे।

आरोप है कि उनसे दरोगा ने सबके लिए चाय लाने को कहा। मना करने पर अपशब्द कहते हुए उनका शांतिभंग में चालान कर दिया गया। अब उसे दूसरे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं, थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह का कहना है कि दो पक्षों के बीच भूमि विवाद के मामले में एक पक्ष की तरफ से गलत तरीके से पैरवी कर कृष्ण कुमार दबाव बना रहे थे। बुधवार को भूमि विवाद से संबंधित मामले में दोनों पक्ष के छह लोगों का चालान किया गया था। अन्य सभी आरोप निराधार हैं।

# किन्नर की पिटाई करने वाले दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## गिरफ्तारी को लेकर किन्नरों ने थाने पर किया था प्रदर्शन

**गौर।** ग्राम पंचायत अजगैवा जंगल के बजरिया गांव में किन्नर को मारपीट कर घायल कर देने वाले दो आरोपियों अमित व संजय को पुलिस ने बृहस्पतिवार गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को दर्जन भर से अधिक किन्नरों ने थाने में पहुंचकर प्रदर्शन किया था।

किन्नर सुमन गौर थाना क्षेत्र के आमा चौराहे पर किराए के मकान में रहती है। इसी थाना क्षेत्र के अजगैवा जंगल के बजरिया गांव निवासी अमित यादव से आपसी संबंध में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था।

12 जून को अमित यादव ने फोन कर किन्नर सुमन को अपने घर बुलाया था और वहां अमित व उसके परिवार वालों ने उसकी पिटाई कर दिया था। बाद में पीड़ित किन्नर सुमन की तहरीर पर पुलिस ने अमित यादव, संजय, पतिराम व अन्य पर मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया था।

# दरवाजे पर बकरी जाने पर मारापीटा, मुकदमा

**सोनहा।** थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में दरवाजे पर बकरी चले जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई जिसमें तीन लोग चोटिल हो गए हैं। बड़ोखर गांव की मंजू ने थाने पर एक तहरीर देकर बताया कि उसकी बकरी गांव के एक व्यक्ति के दरवाजे पर चली गई थी। इसी से मुझे व दो बेटियां को मारपीटा है। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर बड़ोखर गांव के रामदीन, जयविन्द्र, गोविंद, सुशीला के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया गया है। संवाद

# रोजगार मेला 25 को

**बस्ती।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, परिसर कटरा में 25 जून सुबह 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। यह जानकारी सहायक निदेषक सेवायोजन मणि मोहन ओझा ने दी है। बताया कि रोजगार मेले में निजी कंपनियों की ओर से बेरोजगार युवाओं को कैंपस भर्ती के माध्यम से रोजगार का अवसर दिया जाएगा। बताया कि इच्छुक युवा सेवायोजन विभाग की वेबसाइट sewayojan.up.nic.in के माध्यम से पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजक का विवरण देखकर मेले में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, दो फोटो एवं बायोडाटा के साथ आना होगा। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। योग्यता दसवीं से लेकर स्नातक तक निर्धारित है। संवाद

# खेत में लगा सोलर पैनल, पंप एवं पंपिंगसेट चोरी

**भानपुर।** सोनहा थाना क्षेत्र के असनहरा पुलिस चौकी के अंतर्गत सगरा गांव में खेत में बनी बाउंड्री के भीतर से ताला तोड़कर खेत में लगे सोलर पैनल, पंप और डीजल पंप सेट चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित सतेन्द्र चौधरी व बालकेश चौधरी ने असनहरा चौकी पुलिस को तहरीर देकर मामले के जांच की गुहार लगाई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। पीड़ित सत्येन्द्र चौधरी व बालकेश ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि गांव से कुछ ही दूरी पर उनका खेत है जिसमें बाउंड्रीवाल भी है। इसके भीतर सोलर पैनल और पंप लगा हुआ था जिसमें गांव के ही बालकेश का पपिंग सेट भी रखा था। संवाद

# दो विवाहिताओं के उत्पीड़न में एक दर्जन पर केस

## महिला थाना व कलवारी पुलिस ने दहेज व प्रताड़ित करने का दर्ज किया मुकदमा

**बस्ती।** महिला थाना और कलवारी पुलिस ने दहेज के लिए दो विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली लक्ष्मी पाल ने तहरीर दी कि उनकी शादी बलरामपुर जनपद के सादुल्ला नगर थाने के विशुनपुर खरहना निवासी वीरेन्द्र पाल के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज में पांच लाख रुपये की मांग की गई। न देने पर मारपीट व धमका कर घर से निकाल दिया गया। महिला थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति वीरेन्द्र पाल, ससुर गोवर्धन, सास झिनका देवी, देवर सुरेन्द्र पाल, जेठ धर्मेन्द्र पाल और ननद नन्दनी पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की है।

एक अन्य मामले में कलवारी थाने में तहरीर देकर तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी आयशा खातुन की शादी दुबौलिया थाना क्षेत्र के बैरागल गांव में हुई है।आरोप है कि ससुराल वालों ने कम दहेज लाने की बात को लेकर बेटी को प्रताड़ित किया और मारापीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोहम्मद रफीक, हुसैन, इजहार, शहनाज, नुरू समेत छह के खिलाफ बलवा, मारपीट व दहेज उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

## विद्युत कार्यालय से बाइक चोरी

**बस्ती।** कोतवाली क्षेत्र में मालवीय मार्ग स्थित विद्युत विभाग तृतीय खंड के पास से चोरों ने एक बाइक चोरी कर लिया। इसी थाने के बायपोखर निवासी बृजेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि वह अपनी बाइक विद्युत विभाग तृतीय खण्ड रौता चौराहे के पास खड़ी किए थे। जहां से किसी ने चुरा लिया। संवाद

## भूमि विवाद के कारण मारपीट, केस

बस्ती। परशुरामपुर थाने पर तल्हवापुर निवासी घनश्याम ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के किसुपता व धनीराम ने भूमि विवाद को लेकर अपशब्द कहते हुए मारापीटा। नींव को उखाड़ कर फेंक दिया और बीच-बचाव में आने पर पत्नी मोहिनी को मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## फैक्ट्री की केबिल काट ले गए

**बस्ती।** परशुरामुपर थाना क्षेत्र के परसपुर निवासी प्रिंस कुमार पांडेय का आरोप है कि सलेमपुर निवासी गोविन्द गुप्ता व तीन अन्य अज्ञात लोग फैक्ट्री की मोटी केबिल काट कर उठा ले गए। उनके पिता को जब इस बारे में जानकारी हो गई तो उन्हें अपशब्द कहते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। पुलिस ने चोरी धमकी सहित अन्य के तहत केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## मुकदमे की रंजिश में मारपीट

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रैनिया निवासी धर्मेन्द्र कुमार का आरोप है कि मुकदमे की रंजिश को लेकर संतकबीरनगर के कोनी निवासी रामसजीवन, गोपाल, मुंडेरवा के बौडिहार निवासी बेला व साधना ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

## चोरी का मुकदमा दर्ज

**सोनहा।** सोमवार रात में सोनहा थाना क्षेत्र के सगरा गांव के लगभग तीन सौ मीटर दूरी पर खेत की चहारदीवारी में सिंचाई करने के लिए लगे सोलर पैनल, सोलर पंप, डीजल इंजन, पंप सेट को अज्ञात चोर उठा ले गए। सगरा गांव के सत्येन्द्र चौधरी ने बुधवार को सोनहा थाना पर एक तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को सुबह घर से खेत की चहारदीवारी के गेट पर गए तो देखा कि गेट का ताला तोड़ कर चोर सभी सामान उठा ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। संवाद

# शादी का झांसा देकर दो युवतियों से दुष्कर्म

## कोतवाली व छावनी पुलिस ने तहरीर के आधार पर की कार्रवाई

**बस्ती।** कोतवाली और छावनी पुलिस ने शादी का झांसा देकर दो युवतियों संग दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र की मूल निवासी 26 वर्षीय पीड़िता वर्तमान में शहर एक के कॉलोनी में रह रही है।

युवती का आरोप है कि विपिन कुमार नाम के युवक ने उसे शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। वह व उसके घरवालों ने अपशब्द कहते हुए फोन पर जानमाल की धमकी दी। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि आरोपी विपिन कुमार निवासी सिधारी जिला मुजफ्फरनगर समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उधर, छावनी थाना क्षेत्र की रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले अनिल यादव ने उसके साथ शादी करने का झांसा दिया। इसका फायदा उठाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। किसी से कुछ बताने पर जानमाल की धमकी भी दी। जब युवती की शादी कहीं और तय होने लगी तो उसकी अश्लील फोटो को इंस्टाग्राम व व्हाट्सअप पर भेज दिया। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी अनिल यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-06-2022

# अपर पुलिस महानिदेशक ने दिया जरूरी दिशा-निर्देश

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** जनपद सिद्धार्थनगर में वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने पुलिस लाइन्स का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन्स में आवासीय परिसर का निरीक्षण किया गया। जीडी कार्यालय/एचओबी कार्यालय, सब्सिडियरी कैण्टीन, वामा सारथी कार्यालय साइबर केन्द्र व निषिद्ध स्थान समुचित एवं नियमित साफ सफाई रखने हेतु निर्देश दिया। डिस्ट्रिक्ट कण्ट्रोल रूम द्वारा संचालित यूपी 112 की आपातकालिक सेवा को भी डायल कर चेक किया गया, रेस्पन्स बेहतर मिला, सैनिक सम्मलेन में

## पुलिस लाइन व एसपी कार्यालय का निरीक्षण

जिसके निराकरण हेतु तत्काल कार्यवाही किया जाता है, पुलिस अधीक्षक के इस पहल का अपर पुलिस महानिदेशक ने सराहना किया। सैनिक सम्मेलन के बाद अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समस्त शाखाओं अपराध/एएचटीयू/साइबर, डीसीआरबी, फीडबैक, महिला सहायता, प्रधान लिपिक, कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस





अपर पुलिस महानिदेशक को स्मृतिचिह्न देते एसपी डा. यशबीर सिंह, पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते अपर पुलिस महानिदेशक। फोटो : एसएनबी

का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों का जांच किया। स्टोर का निरीक्षण कर संबंधित को सामग्रियों का वितरण करने हेतु निर्देश दिया, कार्यालय परिवहन शाखा के वाहनों/आरक्षी चालकों एवं कार्यालय तथा पुलिस भोजनालय की भी सूक्ष्मता से जांच की गई, पुलिस लाइन्स में स्थापित शौचालय को सही एवं सम्मिलित पुलिसकर्मियों की शिकायतों को सुनकर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देश दिया। अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षक डा. यशबीर सिंह की पहल कि कोई भी पुलिस कर्मी अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को जिला नियंत्रण कक्ष(डीसीआर) के माध्यम से नोट करा सकता है, उपाधीक्षक, प्रज्ञान शाखा, सीसीटीएनएस, आंकिक, जनशिकायत प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डा. यशबीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत, सीओ सदर प्रदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

# फर्जी संस्थान जल्द होंगे कानून की गिरफ्त में

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र अति पिछड़ा जनपद सिद्धार्थनगर का पिछड़ा क्षेत्र होने की वजह से यहां बेरोजगारी की समस्या वर्षों से चली आ रही है। यहां की अधिकांश आबादी खाड़ी देशों में कार्य करने के लिए लालायित रहती है। अच्छी रकम पाने के लिए लोग तकनीकी शिक्षा के संबंध में प्रमाण पत्र पाने के लिए संस्थानों के संचालकों को मुंह मांगा दाम देने के लिए तैयार रहते हैं। इसी का फायदा उठाते हुए लोगों ने यहां पर फर्जीवाड़ा कर फर्जी तकनीकी संस्थान से अंकपत्र व प्रमाण पत्र के देने के माध्यम का बड़ा व्यापार स्थापित कर रखा है। जिस पर लंबे अरसे से प्रशासन की पैनी नजर थी।

बीते बुधवार को रमवापुर उर्फ नेबुआ में फर्जी तरीके से संचालित रामसूरत निजी आईटीआई कालेज का राजफाश कर एसओजी सहित स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने संचालकों सहित फर्जी अभिलेखों को अपने गिरफ्त में लेते हुए प्रबंधक श्याम जी चौधरी उर्फ श्याम वर्मा को जेल भेज दिया। वही स्थानीय प्रशासन व जिला प्रशासन द्वारा गठित विशेष टीम द्वारा जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में प्रशासन ने बताया कि ऐसे दर्जनों कालेज बिना पंजीयन के चल रहे हैं जिनतक जांच की आंच पहुंच सकती है। इस संबंध में कोतवाल सूर्यभान सिंह ने बताया कि इस प्रकार के अन्य संस्थानों पर भी पुलिस व मीडिया सेल नजर बनाए हुए है। जल्द ही अन्य संचालित फर्जी संस्थानों का पर्दाफाश होगा और फर्जीवाड़े में लिप्त लोगों के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार प्रमाण पत्र के प्रमाणित हेतु मिली त्रुटि के संबंध में यह मामला सामने आया ऐसे सभी संस्थानों द्वारा जारी प्रमाण पत्रों के जांच के संबंध में भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके द्वारा कारक कर्मचारियों के संबंध में भी कार्यवाही तय है। वहीं एक शोध के माध्यम से मिली जानकारी से पता चला कि जिले की बड़ी आबादी खाड़ी देशों में रोजी कमाती है। जहां अधिकतर तकनीकी रूप से दक्ष लोगों को ही बेहतर वेतन मिलता है। उक्त संस्थान ऐसे ही लोगों को टारगेट करता था जो खाड़ी देशों में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिकल, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर व पैरामेडिकल स्टाफ के रूप में जाना चाहते हैं। उनसे शुल्क लेकर प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाता है। खासकर ऐसे लोगों को तरजीह दी जाती है जो कहीं न कहीं प्रशिक्षण तो ले चुके हैं, लेकिन उनके पास वैद्य संस्थान का प्रमाण पत्र नहीं होता था।

> **फर्जीवाड़ा व अन्यफर्जी संस्थानों का होगा जल्द पर्दाफाश**

## एडीजी ने अफसरों के साथ बैठक कर की अपराधों की समीक्षा, कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

# टॉप 10 अपराधियों पर करें सख्त कार्रवाई



पुलिस लाइन में अभिलेखों की जांच करते एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार।

**निर्देश**

- एडीजी बोले- अपराधियों के साथ न की जाए किसी तरह की रियायत
- पुलिसकर्मी निभाएं अपना फर्ज, अपने स्वास्थ्य का भी रखें ध्यान

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** टॉप टेन, सक्रिय व महिला अपराधों में से जुड़े अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसमें किसी प्रकार की रियायत या अनदेखी नहीं होनी चाहिए। लंबित मामलों का भी तेजी के साथ निस्तारण किया जाए।

ये बातें बुधवार की रात पुलिस लाइंस का निरीक्षण करने के बाद पुलिस लाइंस सभागार में अधिकारियों संग अपराध समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ किसी को खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं। कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए आप सब को सजग रहना होगा। कहा कि लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करना होगा। अपराध पर नियंत्रण के लिए अपराधियों पर कड़ी नजर रखनी होगी। कहा कि फरियादियों की बातों को ध्यान से सुनी जाए और उसका निस्तारण किया जाए। हर किसी से अच्छा व्यवहार होना



गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक की।

चाहिए। उन्होंने अग्निपथ को लेकर हो रहे विरोध पर कहा कि युवा संगठनों पर नजर रखनी होगी। उनकी प्रत्येक गविधियों व क्रियाकलापों को जानना होगा। एडीजी ने सैनिक सम्मेलन कर समस्याएं सुनीं। मातहतों से कहा कि वह अपने फर्ज को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं और अपने स्वास्थ का भी ख्याल रखें। इस दौरान आईजी बस्ती रेंज डी राजेश मोदक, एसपी डॉ यशवीर सिंह, एएसपी सुरेश चंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन का निरीक्षण किया, सबकुछ ठीक मिला

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने जिले के वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस लाइंस का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न कार्यालयों, परिसर का निरीक्षण किया। सब कुछ उन्हें फिट मिला।

अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइंस में आवासीय परिसर, जीडी कार्यालय, एचओबी कार्यालय, सब्सिडियरी कैंटीन, वामा सारथी कार्यालय, सीडब्लयू, रेडियो शाखा, साइफर केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अभिलेखों की जांच भी की। स्टोर का निरीक्षण कर संबंधित को सामग्रियों का वितरण करने के लिए निर्देश दिया। कार्यालय परिवहन शाखा के वाहनों, आरक्षी चालकों एवं कार्यालय व पुलिस भोजनालय की जांच की। पुलिस लाइंस में स्थापित शौचालय को सही एवं समुचित व नियमित साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सैनिक सम्मलेन में सम्मिलित पुलिस कर्मियों की शिकायतों को सुनकर आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित को निर्देश दिया। एसपी डॉ.यशवीर सिंह की पहल, कोई भी पुलिसकर्मी अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से नोट करा सकता है जिसके निराकरण के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है की एडीजी ने प्रशंसा की।

## शहर के केंद्रीय विद्यालय के बगल से हटाया गया स्थायी और अस्थायी कब्जा

# अतिक्रमण पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर

**सख्ती**

- एसडीएम ने कहा-लोग खुद से हटा लें अतिक्रमण, वरना चलेगा बुलडोजर
- हाइडिल तिराहे से पेट्रोलपंप तिराहे तक पहले ही हट चुका है अतिक्रमण

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** शहर में अतिक्रमण हटने के लिए बुलडोजर की गरज नहीं थम रही है। गुरुवार को केंद्रीय विद्यालय के बगल में स्थाई, अस्थाई कब्जाधारकों पर बुलडोजर से प्रहार कर ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस बल व नगर पालिका कर्मचारी डटे रहे।

शहर में किसी न किसी रोड पर आए दिन अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी है। हाइडिल तिराहा से पेट्रोलपंप तिराहा तक दो किस्तों में अतिक्रमण हटाकर अवैध कब्जों को बुलडोजर से प्रशासन पहले ही ध्वस्त कर चुका है। कुछ लोगों ने जिनकी दो मंजिला बिल्डिंग खड़ी है 10 दिन का समय खुद से हटाने के लिए लिया उनका



गुरुवार को शहर के केंद्रीय विद्यालय के बगल में सरकारी जमीन पर किए गए स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए चला प्रशासन का बुलडोजर। ● हिन्दुस्तान

महीना पूरा होने को है अब नहीं हटा है उसे भी प्रशासन हटाने की योजना बना रहा है। प्रशासन ने हाइडिल तिराहा से बेलहिया मंदिर, स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटा दिया गया है। गुरुवार को बुलडोजर केंद्रीय विद्यालय के बगल में अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो हड़कंप मच गया। यहां पर लोगों ने सरकारी जमीन पर स्थाई व अस्थाई कब्जा कर रखा था। एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में अतिक्रमण को पूरी तरह से साफ कर दिया गया। भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा जिससे किसी प्रकार की अशांति होने पर निपटा जा सके।

## पुराना नौगढ़ से नहीं हटा अतिक्रमण

शहर के पुराना नौगढ़ एरिया जहां पर आठ वार्ड स्थित है। यह पूरा इलाका लुंबिनी रोड पर बसा है। यहां पर सड़क की पटरियों तक अवैध कब्जा है लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक नहीं हटाया गया। एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव का कहना है कि अतिक्रमण कहीं पर हो किसी का भी हो उसे हटाया जाएगा।

# महानगर में बैठे मास्टरमाइंड की खोज में पुलिस

जासं, सिद्धार्थनगर : फर्जी अंकपत्र मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन्हें पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है। अब इन्हीं सूचनाओं के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है। करीब एक दशक से चल रहे इस फर्जीवाड़ा की जड़े काफी मजबूत हो गई हैं। महानगरों में भी इन्होंने अपना नेटवर्क फैला लिया है। दिल्ली व मुंबई के कई संस्थान के यहां अंकपत्र व प्रश्नपत्र मिले हैं। अब एसओजी व सर्विलांस टीम ने महानगरों में बैठे इस खेल के मास्टरमाइंड की तलाश शुरू कर दी है।

डुमरियागंज थाना के रमवापुर उर्फ नेबुआ गांव में संचालित रामसूरत निजी आइटीआइ कालेज में फर्जी अंकपत्र का मामला पकड़ में आया है। सुदूर गांव में बने इस कालेज की पूरी व्यवस्था हाईटेक व अत्याधुनिक मिली। यहां सभी काम आनलाइन होते हैं। संस्थान के वेबसाइट पर सभी प्रश्नों के उत्तर भी मिल जाते हैं। लेकिन असली फर्जीवाड़ा आफलाइन परीक्षा के नाम पर किया जाता रहा। ऐसे छात्र जो परीक्षा नहीं देना चाहते थे, उन्हें अंकपत्र व प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने की गारंटी यहां दी जाती थी। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि छात्रों को फर्जी अंकपत्र दे दिया जाता था। इसी अंकपत्र पर हजारों की संख्या में छात्र महानगर समेत कई शहरों में नौकरी भी कर रहे हैं। नौकरी देने वाली कंपनी अंकपत्र सत्यापन के लिए इसी फर्जी कालेज में भेजा जाता था, जिसे वह सत्यापित कर देते थे।

**फर्जी अंकपत्र का मामला**

- बिना परीक्षा के अंकपत्र जारी करने वाले शिक्षण संस्थानों की तैयार हो रही सूची
- पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई की तैयारी
- एसओजी व सर्विलांस टीम ने शुरू की नेटवर्क की तलाश

**निजी आइटीआइ से मिलता था पैरामेडिकल व योग का अंकपत्र :** रामसूरत निजी आइटीआइ में आनलाइन क्लास चलती थी। तीन माह के डिप्लोमा कोर्स में योग, पैरामेडिकल, इंजीनियरिंग, अग्निरक्षा, मार्केटिंग आदि विषय की डिग्री व अंकपत्र दिया जाता था। अयोध्या के रानोपाली मोहल्ला स्थित एक प्रतिष्ठित योग कालेज के कई अंकपत्र बरामद हुए है। अब पुलिस इस कालेज के प्रबंधन से पूछताछ करेंगी।

> फर्जी अंकपत्र मामले में हुई पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। इसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की गई है। ऐसे शिक्षण संस्थान जिनके प्रपत्र यहां बरामद हुए हैं, उनके कनेक्शन को खंगाला जाएगा। नेटवर्क में सक्रिय सभी सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> डा. यशवीर सिंह
> **पुलिस अधीक्षक**

## अपशब्द कहते हुए पीटा, मुकदमा

बस्ती : हर्रैया थाना क्षेत्र के महूघाट स्थित एक कबाड़ की दुकान पर काम करने वाले मनोज निवासी मल्लाहपुरवा दुलारपुर थाना नवाबगंज जनपद गोंडा ने हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 21 जून को दो लोगों ने उससे मोटरसाइकिल का टायर मांगा। टायर न मिलने पर उसे अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोहित उर्फ लल्ला व बबड़ी निवासी महूघाट थाना हर्रैया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# विवाहिता की मौत पर पति संग 4 पर केस

बर्डपुर। मोहाना थाना क्षेत्र के बेलौही गांव में बुधवार को संदिग्ध हाल में हुई एक नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर चार लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में जुटी है।

रमजान अली पुत्र साहब अली निवासी शिवकोटवा ने दीतहरीर में कहा हे कि उसकी बेटी हस्तुननिशा (22) की शादी तीन साल पहले बेलौही गांव निवासी मोहम्मद वसीम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। उसके पति मोहम्मद वसीम, ससुर गफूर व दो जेठानियों ने मिल कर हत्या कर दी और शव को लटका दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति, ससुर व दो जेठानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़ का केस दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# अपराध नियंत्रण के लिए रात में गश्त करें थानेदार

## सक्रिय व टाप-10 अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान संचालित करने के दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए रात्रि गश्त अनिवार्य है। इसके लिए सभी थानेदार नियमित गश्त करें। रात को चेक पोस्ट पर वाहनों की चेकिंग की जाए। अगर देर रात कोई बेवजह घूम रहा है तो उससे सघन पूछताछ की जाए। इसके साथ यह भी ध्यान रखा जाए कि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

वह जनपद के दो दिवसीय दौरे पर आए हैं। बुधवार की देर शाम पुलिस लाइन सभागार में आईजी बस्ती रेंज राजेश डी मोदक व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के साथ क्राइम मीटिंग की। दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस कार्यालय समेत सभी प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। एडीजी गोरखपुर जोन ने कहा कि टाप-10 व सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। महिला संबंधित अपराध में वांछित के खिलाफ काड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अग्निपथ योजना के विरोध में आंदोलन पर चर्चा करते हुए कहा कि युवा संगठन के क्रिया कलापों पर सभी अधिकारी पैनी नजर बनाए रखें। दूसरे दिन वार्षिक निरीक्षण में पुलिस लाइन का भ्रमण किया। आवासीय परिसर को घूमकर देखा। पुलिस लाइन में स्थित सभी कार्यालय, कैंटीन की जांच की। स्टोर में संबंधित को सामग्रियों का वितरण कराने के लिए कहा। पुलिस भोजनालय में भोजन की जांच की। शौचालय की साफ-सफाई पर

- अग्निपथ विरोध आंदोलन पर अधिकारी रखेंगे पैनर नजर
- कार्यालय व सभी प्रकोष्ठ का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। कंट्रोल रूम व यूपी 112 की आपातकालीन सेवा को जांच फोन से डायल करके किया। अपराध, एएचटीयू, साइबर, डीसीआरबी, फीडबैक, महिला सहायता, प्रधान लिपिक, कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, प्रज्ञान शाखा, सीसीटीएनएस, आंकिक, जनशिकायत आदि प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। सैनिक सम्मलेन में जवानों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। एएसपी सुरेश चंद्र रावत, सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव, शोहरतगढ़ हरिश्चंद्र, बांसी देवीगुलाम, यातायात के अखिलेश वर्मा समेत सभी थानेदार मौजूद रहे।



पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा बैठक करते एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार, साथ में मौजूद आइजी बस्ती रेंज राजेश डी मोडक व एसपी डा. यशवीर सिंह ● जागरण

# सी-प्लान को लेकर गंभीर रहें अधिकारी व कर्मचारी

जासं, बढ़या: मिश्रौलिया थाने पर गुरुवार को अधिकारियों व कर्मचारी की बैठक हुई। जिसमें एडीजी जोन के निर्देशों के बारे में सभी को अवगत कराया गया। आइजीआरएस के प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण एवं सी-प्लान में गंभीरता बरतने संबंधित निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि आइजीआरएस जो भी प्रार्थना पत्र आएं, उसमें सभी गंभीरता दिखाएं। महिला बीट पुलिस अधिकारी को बीट में जाने संबंधित निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तीकरण को लेकर मिशन नारी शक्ति कार्यक्रम चल रहा है। इसके आयोजन में शिथिलता न बरती जाए। गांवों में अथवा स्कूलों में जो चौपाल लगाई जाए, उसमें ग्रामीण महिलाओं और छात्राओं को शिक्षा व सुरक्षा विषय पर जागरूक किया जाए। उन्हें विधिक जानकारी दी जाए, जिससे अपराध के सामना करते समय वह निडर बनी रह सकें।

# जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एडीजी

## निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों से असलहा खोलने और बंद करने की ली जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** दो दिवसीय दौरे पर जनपद में आए एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने बुधवार देर शाम त्रिलोकपुर थाने का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क पर आने वाले शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस और एसपी कार्यालय के सभी शाखा का निरीक्षण किया। फाइलों को सही तरीके से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार बुधवार शाम को त्रिलोकपुर थाने पर पहुंचे। स्वच्छता के लिए पुलिसकर्मियों को प्रेरित किया। आम का पौधा भी लगाया। उन्होंने आरक्षी बैरक में पुलिसकर्मियों से पूछताछ कर जरूरी निर्देश दिए। साइबर क्राइम हेल्प सेल का भी जायजा लिया। महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचकर दर्ज किए गए मामले और उनमें अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। एडीजी ने कहा कि महिलाओं से संबंधित अपराधों के मामले में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। एडीजी ने जनशिकायत रजिस्टर को भी देखा। उन्होंने मेस, थाना परिसर, मालखाना आदि का निरीक्षण कर निर्देश दिए। एडीजी ने कहा कि विवेचनाओं का सही और समय से निस्तारण किया जाना चाहिए। छोटे विवादों में भी प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए।

एडीजी ने एसपी डॉ. यशवीर सिंह से कहा कि डीएम से वार्ता कर एक ऐसा नियम बनाए कि जिस दिन लेखपाल गांव में पहुंचे, उसी दिन बीपीओ व अन्य अधिकारी भी गांव में पहुंचे। जिससे सब मिलकर गांव की समस्या का निस्तारण कराएं। इस दौरान एएसपी सुरेश चन्द्र रावत, सीओ डुमरियागंज अजय कुमार श्रीवास्तव, आनंद कुमार, एसओ विद्याधर कुशवाहा, एसआई राम प्रकाश चंद्र, प्रमोद कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।



त्रिलोकपुर थाने पर असलहों का निरीक्षण करते एडीजी अखिल कुमार। संवाद

### फाइलों के रखरखाव पर दें विशेष ध्यान

एडीजी अखिल कुमार ने बृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस का निरीक्षण किया। यहां पर सबसे पहले पुलिस कर्मियों के बैरक को देखा। इसके बाद एसपी कार्यालय के शिकायत प्रकोष्ठ, आइजीआरएस सेल, एलआईयू कार्यालय, पेशकार के शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान पुरानी फाइलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने फाइलों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### युवाओं की हर गतिविधि पर रखें नजर : एडीजी

**सिद्धार्थनगर।** एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार रात पुलिस लाइंस सभागार में क्राइम मीटिंग हुई। एडीजी ने थानावार अपराध की समीक्षा की। जनता से अच्छा व्यवहार नहीं करने वाले थानाध्यक्षों के पेंच कसे। युवाओं पर पैनी नजर रखने की सलाह दी। कहा कि अग्निपथ योजना पर यहां बवाल नहीं होना चाहिए। कानून को हाथ में लेने वालों पर कार्रवाई करें। एडीजी ने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना और कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइंस के मीटिंग सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, वांछित अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध पर लगाम लगाने के लिए टॉप-10 अपराधियों, सक्रिय अपराधियों, महिला संबंधी अपराधों में वांछित अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करें। इस दौरान एसपी डॉ. यशवीर सिंह, एएसपी सुरेशचंद रावत के अलावा सभी सीओ और प्रभारी निरीक्षक व एसओ मौजूद रहे। संवाद

## चार पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**बर्डपुर।** मोहाना थानाक्षेत्र के बेलौही गांव में बुधवार को संदिग्ध हाल में एक नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई मृतका के पिता रमजान अली की तहरीर पर की गई है। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति मोहम्मद वसीम व ससुर गफूर और दो भाभियों पर दहेज के लिए हत्या के मामले में केस दर्ज किया गया है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। संवाद

## झुलसे बालक की मौत

**डुमरियागंज।** एक सप्ताह पहले आम तोड़ते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आने से झुलसे बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। डुमरियांगज कस्बे के बाग में आम तोड़ने के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आने से तीन बालक झुलस गए थे। इन्हें सीएचसी बेवा से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया था। वहां इलाज के दौरान कस्बा के वार्ड नंबर 12 हबीबुल्लाहनगर निवासी अखिलेश (11) मौत हो गई। जबकि हादसे में झुलसे विशाल (12) पुत्र भानू, रत्नेश (14) शाहू पुत्र लवकुश साहू की हालत नाजुक बनी हुई है। अखिलेश के पिता शिवकुमार ने आरोप लगाया है कि गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के लापरवाही के चलते उनके बेटे की मौत हुई है। संवाद

# दो वारंटी गिरफ्तार

**बर्डपुर।** मोहाना पुलिस ने आबकारी एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे दो वारंटियों को बृहस्पतिवार को दबोच लिया। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के जितेंद्र कुमार निवासी तिलकपुर और भगवंत निवासी बरगदी को जेल भेजा गया। यह जानकारी एसओ मोहाना संतोष कुमार सिंह ने दी है। संवाद

# थाने से चोरी हुई साइकिल मिली

**डुमरियागंज।** भवानीगंज थाने से दो दिन पहले लापता हुई एक फरियादी की साइकिल को पुलिस ने बुधवार देर शाम बरामद कर साइकिल स्वामी को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार साइकिल थाने के गेट पर खड़ी थी। उसे एक किशोर ले जाकर थाने के बगल गन्ने के खेत में गिरा दिया था। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि साइकिल पुलिसकर्मियों ने मंगलवार रात को बरामद कर लिया था। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-06-2022

# गैर इरादतन हत्या के आठ आरोपियों को सात-सात वर्ष का कारावास

संतकबीरनगर (एसएनबी)। गैर इरादतन हत्या के 08 आरोपियों को 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सजा सुनायी है। साथ ही प्रत्येक को 32-32 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा जघन्य अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अभियोगों को चिह्नित कराते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में मानीटरिंग सेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में मानीटरिंग सेल की प्रभावी कार्रवाई एवं सम्यक पैरवी के फलस्वरूप आज अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश- प्रथम ने थाना मेंहदावल पर पंजीकृत धारा 147, 148, 149, 323, 308, 304, 413, 325, 427, 504, 506 के मामले में अभियुक्तगण अवधनारायण, बैजनाथ, दीनानाथ पुत्रगण रामभूलन पाण्डेय, हरीराम, विजयबहादुर, चन्द्रभूषण पुत्रगण रामलोटन पाण्डेय, अंशुमान उर्फ धर्मेन्द्र व जितेन्द्र पुत्रगण हरीराम निवासीगण नचनी थाना मेंहदावल संतकबीरनगर को अंतर्गत धारा 147, 149, 304 (पार्ट-2)/323, 325, 308, 504, 506 भादवि के अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास व प्रत्येक को 32-32 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित करते हुए अर्थदण्ड न अदा करने पर प्रत्येक अभियुक्त को 01-01 वर्ष के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। विदित



हो कि उक्त अभियुक्तगणों द्वारा एकराय व गोलबंद होकर दिनांक 193006 को पुरानी रंजिश को लेकर वादीपक्ष के घर में घुसकर लाठी डंडों से लैस होकर जान माल की धमकी देते हुए वादी पक्ष के शशिकान्त पुत्र परमात्मा पाण्डेय, शिवशंकर पुत्र विंदेश्वर, विश्वनाथ पुत्र विन्देश्वर, राजकिशोर पुत्र छोटू को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसमें दौराने इलाज शिवशंकर पुत्र विंदेश्वर की मृत्यु हो गयी थी। घटना के संबंध में वादी द्वारा थाना मेंहदावल पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था जिसकी विवेचना उ.नि. गोकरण सिंह थाना मेंहदावल द्वारा संपादित की गयी थी।

# दुष्कर्म का केस दर्ज

बखिरा(एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता ने बखिरा थाने पर शिकायत की थी लेकिन थाने पर कोई कार्रवाई न होने पर उसने एसपी को शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई थी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। गुरुवार को एसपी के निर्देश पर बखिरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दी गई तहरीर में पीड़िता ने कहा है कि 21 जून की रात लगभग को 11.00 बजे उसके कमरे में गांव का ही एक युवक जबरन घुस गया और उसके साथ चाकू की नोक पर जबरन दुष्कर्म किया और विरोध करने पर उसे को मारा-पीटा। शोर सुनकर जब उसके माता-पिता छत से नीचे पहुंचे तब उसकी जान बची। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। आरोप लगाते हुए कहा कि उसने घटना की सूचना थाने पर दी लेकिन 22 जून को दिन भर थाने पर बैठाए रखा गया। पुलिस मामले में कार्रवाई के बजाय सुलह कराने का प्रयास करती रही। थक हारकर उसने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। गुरुवार को एसपी के निर्देश पर बखिरा पुलिस ने आरोपी दीपक यादव पुत्र जोगिंदर यादव के खिलाफ धारा 376, 452, 323, 504 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया।

# दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

■ नाथनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो।

महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ पूर्व में हुई दुष्कर्म की घटना में मुकदमा दर्ज करने के बाद 24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को गुरूवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ बीते 13 जून की रात थाना क्षेत्र के सड़हरा गांव निवासी प्रमोद पुत्र केशभान नामक युवक ने दुष्कर्म किया था जिसके संबंध में दी गई तहरीर के आधार पर जांच के बाद बुधवार को महुली पुलिस ने उक्त आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। गुरूवार को जरिए मुखबिर आरोपी के थाना क्षेत्र के मुकुन्दपुर चौराहे पर मौजूद रहने की सूचना जैसे ही महुली पुलिस को मिली तो थाने के एसएसआई दयानाथ राम, उपनिरीक्षक उदयभान मिश्र हमराही पुलिसकर्मियों के साथ तत्काल मुकुन्दपुर पहुंच गए और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां आरोपी द्वारा प्रस्तुत जमानत की अर्जी पर सुनवाई कर न्यायालय ने जमानत अर्जी को खारिज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

**24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को को किया गिरफ्तार**



पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी।

# सरयू नदी में डूबा युवक, तलाश जारी

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के गायघाट दक्षिणी गांव मे अपने रिस्तेदार के घर आया एक 17 वर्षीय युवक गुरूवार को नहाने के दौरान सरयू नदी में डूब गया। युवक के नदी में डूबने की सूचना मिलते ही नदी तट पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। इस बीच सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को नदी की धारा के बीच उतार कर डूबे युवक की खोजबीन शुरू करा दी है। देर शाम तक डूबे युवक का कोई पता नहीं चल सका था।

**धनघटा थाना क्षेत्र के गायघाट दक्षिणी गांव की है घटना**

जानकारी के अनुसार गोरखपुर जिले के बेलघाट थानान्तर्गत पिपरसंडी गांव निवासी 17 वर्षीय युवक धीरज पुत्र रामजीत अपने रिस्तेदार धनघटा थाना क्षेत्र के गायघाटदक्षिणी गांव निवासी नेवुल चौहान पुत्र सोहन के घर आया हुआ था। गुरूवार की सुवह करीब 10 बजे धीरज गांव के करीब सरयू नदी में नहाने चला गया। नदी मे नहाने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में पहुंचकर लापता हो गया। उसे नदी में डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर मौके पर तमाम ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों ने युवक के डूबने की सूचना तत्काल पुलिस को दे दी। सूचना पाकर नजदीकी जगदीशपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक पुलिसबल के साथ सरयू तट पर पहुंच गए जहां स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता युवक की खोजबीन शुरू करा दी है। समाचार लिखे जाने तक डूबे युवक का पता नहीं चल सका था। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने बताया कि युवक की तलाश जारी है।



# दुष्कर्म व जानमाल की धमकी के मामले में वांछित गिरफ्तार

नाथनगर। महुली पुलिस ने छापेमारी करके युवती से दुष्कर्म व मारपीट तथा जानमाल की धमकी के मामले मे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसे संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया गया। प्रमोद पुत्र कृष्णभान निवासी सड़हरा ने 13 जून को वादिनी की जेठानी की पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया था। इस संबंध में वादिनी के उलाहना देने पर मारपीट करते हुए जानमाल की धमकी दी गई। घटना के संबन्ध में वादिनी द्वारा बुधवार को थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना महुली पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए गुरुवार को उक्त आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि महुली पुलिस के दर्ज इस वांछित प्रमोद निवासी सड़हरा थाना महुली को गिरफ्तार कर लिया।

# युवती से दुष्कर्म करने के मामले में केस दर्ज

बखिरा। बखिरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर थाने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने एसपी को शिकायती पत्र देकर मामले से अवगत कराया। गुरुवार को एसपी के निर्देश पर बखिरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में पीड़िता ने बताया है कि 21 जून की रात लगभग को 11 बजे उसके कमरे में गांव का ही एक युवक घुस गया। उसके साथ चाकू की नोंक पर दुष्कर्म किया। थक हारकर उसने पुलिस. अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। गुरुवार को एसपी सोनम कुमार के निर्देश पर बखिरा पुलिस ने आरोपी दीपक यादव पुत्र जोगिंदर यादव के खिलाफ धारा 376, 452, 323, 504 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 14 लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

# फर्जी बैनामा मामले में उपनिबंधक पर केस

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम दुलहापार में दिसम्बर 2021 में कूटरचित दस्तावेज़ के सहारे हुए बैनामे के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उपनिबंधक समेत 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट, चोरी आदि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम दुलहापार निवासी रोशनी पत्नी मुश्ताक की जमीन गांव के कुछ लोगो द्वारा उपनिबंधक की मदद से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा क्ररवा लिया गया। बैनामे के बाद गांव निवासी जलील, आबिदा, मोहम्मद हुसैन, ताहिर, रहीम, अब्दुल हसन, नजमा आदि लोग जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। जिसका विरोध करने पर लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। घर में रखे सामान को तोड़ दिया गया।

घर में रखा कीमती सामान उठा ले गए। पीड़िता ने कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने बताया कि फर्जी बैनामे में धनघटा निबंधन कार्यालय में मौजूद उप निबंधक ने भरपूर सहयोग किया। महिला ने बताया कि निबंधन कार्यालय में फर्जीवाड़े का गैंग सक्रिय है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक केडी सिंह ने कहा कि न्यायालय के निर्देश पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### थाने पर कार्रवाई न होने पर ली कोर्ट की शरण

जमीन के बैनामे में फर्जीवाड़े का मामला संज्ञान में आने के बाद पीड़िता थाने पर जाकर गुहार लगाई। वादिनी रोशनी ने बताया कि दिसम्बर 2021 में हुए फर्जीवाड़े के मामले में थाने का चक्कर लगाती रही। थाने का कई बार चक्कर लगाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। लेकिन उसकी समस्या को स्थानीय स्तर पर पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया गया। पीड़िता का कहना कि फर्जीवाड़े में शामिल उप निबंधक आज भी रजिस्ट्री कार्यालय की बागडोर संभाले हुए हैं। कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासनिक मिलीभगत के चलते निराशा हाथ लगी तो न्यायालय से ही न्याय की उम्मीद लगी। उसने कहा कि मजबूर होकर न्याय के लिए कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश पर अब मुकदमा दर्ज हुआ है।

# मार्ग दुर्घटना में घायलों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पीआरवी 1483 को कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के दुर्गा मन्दिर से मार्ग दुर्घटना होने की सूचना दी गई। सूचना पर छह मिनट के भीतर पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। घायल अजीत, उमेश पुत्रगण रामदरश निवासी कथूराभान, बनकटी जनपद बस्ती और गुड्डू यादव निवासी औद्योगिकनगर कोतवाली खलीलाबाद को एंबुलेस से जिला अस्पताल पहुंचाया।

# शांतिभंग में 16 गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गुरुवार को अभियान चलाकर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की। कुल 16 को गिरफ्तार किया गया। खलीलाबाद ने चार, दुधारा ने एक, धनघटा पुलिस ने दो, महुली पुलिस ने पांच, मेंहदावल पुलिस ने दो व धर्मसिंहवा पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया।

# 32 वाहनों का हुआ चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर यातायात नियमों का अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई किया। कार्रवाई में 32 वाहनों से का चालान किया गया। इनसे 26,500 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया गया। इसके अलावा बैंक की जांच की गई। संदिग्ध लोगों से पूछताछ करते हुए सभी से सतर्कता बरतने की अपील पुलिस टीम ने किया।

# एंटी रोमियो टीम ने चलाया अभियान

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थानों पर गठित एंटी रोमियों स्क्वायड ने गुरुवार को अभियान चलाया। अभियान में थाना क्षेत्र के स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल आदि के आस-पास चेकिंग की गई। बालिकाओं, छात्राओं, महिलाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन की जानकारी दी।

# आठ दोषियों को सात वर्ष का कारावास

## गैर इरादतन हत्या

**32** हजार का जुर्माना भी कोर्ट ने लगाया

- 19 मार्च 2006 को रंजिश में आरोपियों ने की थी वारदात
- अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने सुनाया फैसला

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। गैर इरादतन हत्या के आठ आरोपियों को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वशिष्ठ की कोर्ट ने सात वर्ष के कठोर कारावास का सजा सुनाया। कोर्ट ने सजा के साथ प्रत्येक आरोपी पर 32-32 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर प्रत्येक आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास का सजा भुगतनी होगी।

मामला जिले के मेंहदावल थाना क्षेत्र के ग्राम नचनी का है। वादी का आरोप है कि दिनांक 19 मार्च 2006 को पुरानी रंजिश को लेकर आरोपीगण अवध नरायन, बैजनाथ एवं दीनानाथ पुत्रगण रामभूलन पाण्डेय, हरिराम, विजय बहादुर, चन्द्रभूषण पुत्रगण राम लोटन पाण्डेय, अंशुमान उर्फ धर्मेन्द्र एवं जितेन्द्र पुत्रगण हरिराम निवासी ग्राम नचनी थाना मेंहदावल लाठी डंडा लेकर वादी के घर में घुस गए। आरोपीगण जानमाल की धमकी देते हुए वादी पक्ष के शशिकांत पुत्र परमात्मा पाण्डेय, शिवशंकर, विश्वनाथ पुत्रगण विन्देश्वर एवं राजकिशोर पुत्र छोटू को मार पीटकर घायल कर दिया। घटना में घायल शिवशंकर पुत्र विन्देश्वर की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

वादी के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वशिष्ठ की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आरोपितों को गैर इरादतन हत्या के आरोप में प्रत्येक को सात वर्ष के कठोर कारावास का सजा सुनाई।


# 14 आरोपितों पर जालसाजी का मुकदमा

**जासं, धनघटा, संतकबीर नगर :** कोर्ट के निर्देश पर धनघटा पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ जालसाजी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। यह मामला धनघटा थाना के दुल्हापार गांव का है। पुलिस द्वारा दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज न करने पर पीड़ित महिला ने कोर्ट का शरण ली थी। कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में दुल्हापार गांव निवासी रोशनी पुत्री मुस्ताक ने कहा कि 21 दिसंबर 2021 को गांव निवासी जलील आदि लोगों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा करवा लिया था। जब उसे जानकारी हुई तो वह उनके पास पहुंची। विरोध करने पर इन लोगों ने उसे मारा-पीटा और घर में रखा कीमती सामान उठा ले गए। पहले उसने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जलील, आबिद ,मोहम्मद हुसैन ,ताहिर ,नवी रहीम, तजम्मूल सहित 14 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके मामले की छानबीन की जा रही है।

# गैर इरादतन हत्या के आठ दोषियों को सात साल की सजा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: अपर जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वशिष्ठ ने गुरुवार को गैर इरादतन हत्या के मामले में आठ आरोपितों को सात-सात साल के कठोर कारावास व प्रत्येक को 32 हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है। यह मामला मेंहदावल थाना के नचनी गांव का है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मेंहदावल थाना के नचनी गांव निवासी अवध नारायण,बैजनाथ, दीनानाथ,हरीराम, विजय बहादुर, चन्द्रभूषण,अंशुमान उर्फ धर्मेन्द्र, जितेन्द्र आदि आठ लोगों ने 19 मार्च 2006 को पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडा से लैस होकर पहुंचे। जान माल की धमकी देते हुए गांव निवासी शशिकान्त, शिवशंकर, विश्वनाथ, राजकिशोर को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए थे। इसमें शिवशंकर की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।



- 19 मार्च 2006 को रंजिशन लाठी डंडा लेकर पहुंचे थे लोग
- शिवशंकर की उपचार के दौरान हो गई थी मृत्यु

न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्ष के दलीलों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत सभी आठ आरोपितों को दोषी करार दिया। सभी को सात-सात साल के कठोर कारावास व प्रत्येक को रुपये 32 हजार जुर्माना की सजा से दंडित किया है। जुर्माना न अदा करने पर प्रत्येक को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# नौकरी के नाम पर 3.50 लाख की ठगी, तीन पर केस

**जासं, संतकबीर नगर:** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गुरुवार को नौकरी दिलाने के नाम पर 3.50 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में तीन आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में सहसरावमाफी गांव निवासी मकसूद अली ने तहरीर में लिखा है कि कुछ माह पूर्व उनकी मुलाकात इसी थाना के भैंसहिया गांव निवासी अकबर अली से हुई। इस दौरान उसकी पत्नी रुबीना खातून व पिता मो. असलम भी मौजूद थे। अकबर अली ने कहा कि उनके बेटे इम्तियाज की नौकरी लग जाएगी। इसके लिए 3.50 लाख रुपये देना पड़ेगा। कई माह बीत जाने के बाद भी जब बेटे को नौकरी नहीं मिली तो उन्होंने रुपये वापस लौटाने के लिए कहा। इस पर अकबर अली ने जानमाल की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि इस मामले में पति, पत्नी और पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मगहर पुलिस ने किया मार्च



मगहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने मार्च किया। संवाद

मगहर। नगर में शांति व्यवस्था को लेकर बृस्पतिवार को मगहर पुलिस ने मार्च किया। पैदल मार्च पुलिस चौकी से निकल कर विभिन्न मुहल्लों, शेरपुर चौराहा, सूती मिल चौराहा, काजीपुर चौराहे से होते हुए गांधी आश्रम चौराहे पर पहुंचने के बाद पुनः वापस आकर मगहर पुलिस चौकी पर खत्म हुआ। चौकी इंचार्ज बलराम पांडेय ने बताया कि पूरे नगर में पुलिस बल के साथ मार्च निकाला गया। इस दौरान दीवान राम विनय यादव, दीवान रामआसरे, दीवान आनंद दूबे, दीवान प्रमोद राय, दीवान राजीव यादव, दीवान मिथलेश मिश्र, दीवान सोनू पटेल, सिपाही विष्णु भगवान, अजय कुमार, सुमित राय, अजित गुप्ता आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे। संवाद

# गैरइरादतन हत्या के आठ दोषियों को सात वर्ष की सजा

संतकबीरनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने गैरइरादतन हत्या के आठ दोषियों को सात वर्ष की सजा सुनाई। इसके साथ ही 32-32 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की अदायगी न किए जाने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि मेंहदावल क्षेत्र के नचनी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर अभियुक्तों ने 19 मार्च 2006 को घर में घुसकर लाठी-डंडे से पीड़ित पक्ष के शशिकांत, शिवशंकर, विश्वनाथ, राजकिशोर को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसमें उपचार के दौरान शिवशंकर पुत्र विंदेश्वर की मृत्यु हो गई थी। पीड़ित पक्ष ने इस मामले में आरोपी अवधनारायण, बैजनाथ, दीनानाथ, हरिराम, विजय बहादुर, चंद्रभूषण, अंशुमान उर्फ धर्मेंद्र और जितेंद्र निवासी नचनी के खिलाफ बलवा, मारपीट, गैरइरातन हत्या आदि धाराओं में केस कराया था। संवाद

# बाप-बेटे समेत चार पर केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के करैली गांव में बुधवार को पुरानी रंजिश की वजह से कुछ लोगों ने एक शख्स को मारपीट कर घायल कर दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई। बृहस्पतिवार को पुलिस ने इस मामले में बाप-बेटे समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया।

करैली निवासी मनीष पुत्र सुरेश चंद्र का आरोप है कि उसके परिवार की बाबूलाल से पुरानी रंजिश चल रही है। आरोप है कि बुधवार की सुबह वह नित्य क्रिया करके वापस आ रहे थे। उसी दौरान गांव के ही बाबूलाल व उसके तीनों बेटे पुरानी रंजिश की वजह से अपशब्द कहने लगे। विरोध पर लोग उसे लात घूंसा, लाठी, डंडे से मारने लगे। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव किया, तब जाकर उनकी जान बची। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-06-2022

# संदिग्धों से पूछताछ करे पुलिस : एसपी

## बैठक

गोण्डा, संवाददाता। अपराध नियंत्रण के साथ-साथ कानून व्यवस्था को लेकर एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने जिले के सभी सर्किल ऑफिसर और पुलिस इंस्पेक्टरों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए।

बैठक के दौरान सबसे पहले पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेस की साफ-सफाई रखने व आवासीय व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिये भी निर्देशित किया। 100 दिवसीय विशेष अभियान के



एसपी संतोष मिश्रा।

अन्तर्गत अब तक की कार्यवाही की समीक्षा भी की। एसपी ने अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने आदि के संबंध में निर्देशित किया।

# महिला ने पति की शिकायत की

धानेपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी चार बच्चों का बाप दूसरी शादी रचाने जा रहा है। इसकी शिकायत पत्नी ने थाने में की है।

बस्ती जिले की रहने वाली महिला मीरा सिंह के मुताबिक उसकी शादी वर्ष 1998 में धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेबरीकला के मजरा हिरावनजोत में हुई थी। बताया कि वह कुछ वर्षों से पति व बच्चों के साथ लुधियाना में रह रही है। महिला गुरुवार को लुधियाना से सीधे धानेपुर थाने पर अपने भाई व बेटे के साथ पहुंची। उसने बताया कि उसका पति गांव पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आया था। इसी बीच पति दो लाख रुपये लेकर दूसरी महिला से शादी रचाने के लिए बिहार गया हुआ है।

बताया कि पति ने उसके व उसके मायके वालों की मोबाइल पर दूसरी शादी रचाने का संदेश भी दिया है। पति पर और भी कई आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है विधिक कारवाई की जाएगी। एसओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। करनैलगंज पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को प्रतिबंधित नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 240 नशीली गोलियां बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवकों की पहचान खुर्शीद अंसारी निवासी सकरौरा पश्चिम थाना करनैलगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश किया है।

# दबंगों ने मां-बेटे को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदहा निवासी सुच्चा देवी व उसके बेटे सचिन यादव की दबंगों ने पिटाई कर दी। गुरुवार सुबह पीड़िता अपने घर के सामने बैठी थी। तभी दबंगों ने अभद्रता करते हुए मारना-पीटना शुरू कर दिया। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# एसपी के हस्तक्षेप पर पति व ससुर पर मुकदमा दर्ज

- पति पर दूसरी शादी रचाए जाने का आरोप
- आरोपियों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

परसपुर, संवाददाता। ग्राम बहुवन मदार मांझा के नगेसर पुरवा निवासिनी संजू यादव नाम की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा को प्रार्थना पत्र देकर पति द्वारा रचाए जा रहे दूसरी शादी को रोकवाए जाने एवं दहेज उत्पीड़न को आरोप पति व ससुर पर लगाया है। बुधवार देर शाम को एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने पीड़िता के तहरीर पर उसके पति व ससुर पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। मामले की जांच शाहपुर चौकी इंचार्ज सत्येन्द्र वर्मा को सौपी गई है।

विवाहिता द्वारा एसपी को प्रेषित प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उसकी शादी एक दशक पूर्व ग्राम बहुवन मदार मांझा पश्चिमी निवासी रामदेव यादव के पुत्र धर्मपाल यादव के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर ससुरलीजनों ने उसे विदा नही कराए व और ले जाने का बराबर आश्वासन देते रहे, जिससे समय व्यतीत होता गया। मायके वालों जब पता चला कि विवाहिता के पति ने दूसरी लड़की से रिश्ता तय कर लिया है तो उसने एसपी सहित जिले के आला अफसरों से इंसाफ की गुहार लगाई।

विवाहिता के पिता बदल यादव का आरोप है कि पुलिस की शिथिलता के चलते बुधवार को पीड़िता के पति ने दूसरी शादी कर ली है। इंसपेक्टर समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पति धर्मपाल यादव व ससुर रामदेव यादव पर दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# विवाहिता की पिटाई, केस दर्ज

परसपुर। ग्राम कुड़ियाव में ससुरालियों ने दहेज की मांग का विरोध करने पर पहले विवाहिता की पिटाई की उसके बाद उसे मायके छोड़कर किनारा कस लिया। गुरुवार को विवाहिता थाने पहुंची। एसओ शमशेर बहादुर ने बताया कि पति, सास व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। करनैलगंज ग्राम पाण्डेय पुरवा बबुरास निवासिनी ज्योती कुरील ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व ग्राम कुड़ियाव निवासी स्वामीदीन के पुत्र पंकज कुमार के साथ हुई। शादी के बाद से उसे प्रताड़ित किया जा रहा है।

# जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट, पुलिस ने किया पैदल मार्च

संसू, गोंडा : जुमे (शुक्रवार) की नमाज को लेकर जिले भर में अलर्ट जारी किया गया है। थानों में धर्म गुरुओं के साथ बैठक कर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। वहीं पुलिस कर्मियों ने शहर से लेकर कस्बों में पैदल मार्च कर लोगों से सवांद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जुमे की नमाज को लेकर सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट किया गया है। इंटरनेट मीडिया की निगरानी के लिए टीमें लगाई गईं हैं। भड़काऊ व अभद्र टिप्पणी करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहर से लेकर गांव तक सभासद व ग्राम प्रधानों से संपर्क कर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए कहा गया है। पुलिस लाइंस व थानों में पुलिस कर्मियों ने दंगाइयों से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास किया। जुमे की नमाज को लेकर अतिरिक्त पुलिस टीमों को लगाया गया है। वजीरगंज संवादसूत्र के अनुसार : थानाध्यक्ष चन्द्र प्रताप सिंह ने थाना परिसर में मुस्लिम समुदाय व धर्मगुरुओं की बैठक की। सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। उप निरीक्षक अखिलेश यादव, आशीष वर्मा, शिव लखन सिंह, महमूद आलम, अब्दुल कादिर मौजूद रहे।

# प्रधान समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

संसू,कर्नलगंज (गोंडा) : पांडेय चौरा निवासी वीरेंद्र कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पांडेय चौरा के ही पहली पुरवा निवासी राघवेंद्र सिंह के घर के सामने मई में ठेके पर तालाब की खुदाई कराई गई थी। 20 जून को वह ब्लाक गया था। शिकायत की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान राजेश सिंह भी वहां पहुंच गए और अभद्रता करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ग्राम प्रधान पांडेय चौरा राजेश सिंह का कहना है कि राजनीतिक साजिश के तहत ऐसा किया गया है। श्रमिकों को भुगतान करना कोई गलत कार्य नहीं है।

**जब्त हो संपत्ति** : पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि गैंगस्टर आरोपितों के विरुद्ध अभियान चलाकर उनकी अवैध संपत्ति जब्त की जाए। अपराध पर लगाने के लिए चिन्हित अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाए। एसपी पुलिस लाइंस सभागार में थाना प्रभारियों की बैठक लेकर अपराध समीक्षा कर रहे थे। सैनिक सम्मेलन में एसपी ने पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याएं सुनी और उसके निस्तारण का निर्देश दिया। टाप 10 अपराधियों को चिन्हित कर नए सिरे से सूची बनाई जाए। अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस दी जाए। लापता बच्चों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। लंबित समस्याओं व विवेचना का निस्तारण समय से किया जाए।

**जेवरात चोरी**: परसपुर प्रतिनिधि के अनुसार डेहरास के बख्तावर पुरवा निवासी आजाद के घर चोर घुस आए। सोने-चांदी के जेवरात व 45 हजार रुपये चोर उठा ले गए।

# फुटपाथ पर दुकान न लगाएं व्यापारी

खरगूपुर : नगर में नाली,फुटपाथ व सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर व्यापारी दुकान न लगाएं। यह बात गुरुवार को नगर पंचायत सभागार में व्यापारियों व गणमान्य नागरिकों की बैठक में क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकांत गौतम ने कही। उन्होंने कहा कि दुकानों के साथ ही मांगलिक व अन्य कार्यक्रम सड़क पर नहीं होंगे। उन्होंने तीन दिवस के भीतर ठेला व अन्य दुकानदारों से अतिक्रमण स्वयं हटा लेने की अपील की। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल मोहम्मद,थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी,दिनेश तिवारी,वंशी लाल वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे। (संसू)

# युवती का फोटो वायरल कर युवक दे रहा धमकी

संसू, मोतीगंज (गोंडा) : एक गांव की रहने वाली युवती ने तहरीर देकर कहा है कि एक युवक उसकी फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर बदनाम करने की धमकी दे रहा है। विरोध करने पर युवक जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

युवती का कहना है कि करीब तीन साल पहले बहराइच के रहने वाले एक युवक से उसकी दोस्ती हुई। उससे फोन पर बात होती थी। बीते आठ माह से उसने युवक से बात करनी बंद कर दी थी। युवती का आरोप है अब युवक उसके नाम से फेसबुक की फर्जी आइडी बना ली है। उसका फोटो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर उसकी फर्जी आइडी से लागों को मैसेज कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने कहा कि युवती की तहरीर पर मुकदमा किया जा रहा है।

# सहायक प्रबंधक की मौत मामले में कई पर मुकदमा

## सुसाइड नोट में बैंक प्रबंधक, प्रबंधन व दो अन्य को ठहराया मौत का जिम्मेदार

संसू, गोंडा : भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में तैनात सहायक प्रबंधक रिचा पांडेय की मौत के मामले में बैंक प्रबंधक, प्रबंधन व दो अन्य पर नगर कोतवाली में मुकदमा किया गया है। मुकदमा मृतका के भाई अनमोल पांडेय की तहरीर पर हुआ है। रिचा पांडेय के कमरे में मिले सुसाइड नोट में बैंक प्रबंधक, प्रबंधन व उच्चाधिकारियों समेत दो अन्य को मौत का जिम्मेदार ठहराया गया है।

नगर कोतवाली के प्रजापति पुरम जानकी नगर निवासी अनमोल पांडेय ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी बहन रिचा पांडेय का विवाह दो वर्ष पूर्व न्यू इंदिरा नगर कालोनी निवासी निखिलेश शुक्ल के साथ हुआ था। उसके एक वर्ष का बेटा भी है। उसकी बहन रिचा पांडेय भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर तैनात थी।

अनमोल ने कहा कि बुधवार की सुबह वह आधार कार्ड लेने बहन रिचा के घर गया तो वहां देखा कि उसकी बहन का शव कमरे में पड़ा हुआ है। कमरे में एक सुसाइड नोट भी मिला। सुसाइड नोट में रिचा ने मौत का जिम्मेदार मुख्य शाखा के बैंक प्रबंधक रवींद्र सिंह, शहर स्थित दुखहरण नाथ मंदिर निकट निवासी यामिका चौरसिया, उसके पिता राकेश चौरसिया, बैंक प्रबंधन व उच्चाधिकारियों को ठहराया है। एफडी (फिक्स डिपाजिट) व भुगतान का मामला सामने आ रहा है। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने कहा कि मृतका के भाई की तहरीर पर मुकदमा कर सभी बिंदुओं की जांच कराई जा रही है।



रिचा पांडेय, (फाइल फोटो) ● जागरण

**किए गए जिक्र का अंश:** अनमोल पांडेय अपनी बहन रिचा पांडेय के कमरे में पाए जिस सुसाइड नोट का दावा कर रहे हैं उसमें रिचा ने लिखा है कि एक छोटी सी गलती को लेकर बैंक प्रबंधन व उच्चाधिकारियों ने उसका मानसिक शोषण करने लगे। उसे बिना वजह के प्रताड़ित किया गया। इससे हार कर वह आत्म हत्या कर रही है। सुसाइड नोट में लिखा है कि उसकी मौत का जिम्मेदार बैंक प्रबंधन है जो उसकी सात साल की बेदाग सेवा को नजर अंदाज कर उसे कटघरे में खड़ा कर रही है। इसके अलावा यामिका चौरसिया व उसके पिता राकेश चौरसिया पर भी विश्वासघात का आरोप लगाया है।

**आरोप निराधार:** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के प्रबंधक रवींद्र सिंह ने कहा कि उन पर जो भी आरोप लगाया जा रहा वह निराधार है। उन्होंने रिचा पांडेय को कोई नोटिस दी है और न ही जवाब तलब किया था।

**महिला व बेटे को पीटा :** बालेश्वरगंज प्रतिनिधि के अनुसार ग्राम पंचायत चंदहा निवासी सुच्चा देवी ने गांव के ही एक महिला सहित चार लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

### विवाहिता को घर से निकालने के मामले में पांच पर केस

संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) : बहुअन मदार मांझा व कुड़ियाव गांव में दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिए जाने के मामले में पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा किया गया है। बहुअन मदार मांझा गांव निवासी संजू यादव ने एसपी से की गई शिकायत में कहा कि 11वर्ष पूर्व उसकी शादी धर्मपाल यादव के साथ हुई थी । दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। अब दूसरी लड़की से शादी करने के फिराक में है। जब दूसरी शादी करने का उसने विरोध किया तो उसकी पिटाई की गई। पुलिस ने पति धर्मपाल व रामदेव यादव के विरुद्ध मुकदमा किया है। वहीं कर्नलगंज कोतवाली के बबुरास पांडेय पुरवा निवासी ज्योति ने कहा कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व कुड़ियाव निवासी पंकज के साथ हुई थी। ससुरालीजन दहेज के लिए पिटाई करके घर से भगा दिया। पुलिस ने पति, ससुर स्वामीदीन व सास गुड़िया के विरुद्ध मुकदमा किया है।

# वाहन खड़ा करने को लेकर मारपीट

धानेपुर : कस्बा निवासी अर्जुन गुप्ता व उनके पड़ोसी बब्लू के बीच लोडिंग वाहन खड़ा करने को लेकर मंगलवार को विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्षों मारपीट हो गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि दोनों पक्षों की तरफ से मारपीट की तहरीर मिली है। (संसू)

# धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

परसपुर : नगर पंचायत के वार्ड 13 मिश्रन टोला निवासी रीता मिश्र ने एसपी से की गई शिकायत में कहा कि रविवार व सोमवार को दो अलग-अलग मोबाइल नंबर से फोन आया। कहा कि चार लाख रुपये का आवास मंजूर हुआ है। इसमें आपको 40हजार रुपये देने होंगे। उसने अपने खाते से 38 हजार भेज दिया। इसके बाद दोनों नंबर बंद हैं। प्रभारी निरीक्षक समशेर बहादुर सिं ने कहा कि धोखाधड़ी का मुकदमा किया गया है। (संसू)

# दबंगों ने जमीन पर किया कब्जा, पीड़ित ने की शिकायत

संसू, कर्नलगंज (गोंडा) : उपजिलाधिकारी के आदेश के बाद भी दबंगों ने जमीन पर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने डीएम, एसपी समेत उच्चाधिकारियों से न्याय की गोहार लगाई है। देवापसिया निवासी शिवकुमार ने की गई शिकायत में कहा कि उसकी 92 बीघे जमीन पहाडापुर में हैं। पहाड़ापुर के दबंगों ने जमीन पर कब्जा कर लिया। उसने उपजिलाधिकारी के न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। उपजिलाधिकारी ने विवादित जमीन को किसी के सुपुर्दगी में देकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष को निर्देश दिया। इसी दौरान विपक्षियों ने गेहूं की बोआई कर ली। उपजिलाधिकारी ने 20 जनवरी 2022 को कटरा पुलिस को कुर्की का अनुपालन कराते हुए न्यायालय के आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई करने का आदेश दिया लेकिन, पुलिस टालमटोल कर रही है। कटरा थानाध्यक्ष चितवन कुमार ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वहीं पहाड़ापुर चौकी इंचार्ज अभिषेक मिश्र का कहना है कि मामले में दोनों पक्षों के सहमति से ही गेहूं की कटाई कराई गई थी।

# तीन महिलाओं सहित छह की पिटाई, केस

परसपुर (गोंडा)। अलग अलग मामलों में तीन महिलाओं सहित छह लोगों की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम पूरे तिवारी कुड़वा निवासिनी रीता ने बताया कि घरेलू विवाद को लेकर उसके जेठ ने अभद्रता कर पिटाई कर दी। रीता की तहरीर पर जेठ अंजनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरी घटना ग्राम चरहुंवा डीहा की है। यहां के निवासी गुरुदीन गुप्ता ने बताया कि खूंटा उखाड़ने के विवाद को लेकर गांव के कुछ लोगों ने उसके पुत्र अनिल को मारने पीटने लगे। शोर करने पर जब बचाने उसका पुत्र सनी व पुत्री ज्योति आई तो उसकी भी पिटाई कर दी। पुलिस ने रामदीन गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, नान्हू गुप्ता व संतोष के खिलाफ केस दर्ज किया है। तीसरी घटना पूरे तिवारी मोहम्मदपुर की है। यहां की निवासिनी सुनीता तिवारी ने कहा कि आरोपी उसे व उसकी पुत्री को चिढ़ाता रहता था। विरोध करने पर आरोपी ने पिटाई कर दी। सुनीता की तहरीर पर वीर अभिमन्यु तिवारी पर केस दर्ज कर लिया गया है। चौथी घटना मधईपुर खांडेराय गलिबहा की है। यहां के निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बरसात का पानी रोकने के विवाद को लेकर आरोपियों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने महेंद्र प्रताप सिंह व आयुष सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

**दुबहा बाजार (गोंडा)।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कौड़िया थाना क्षेत्र के उमरा गांव में महिला आरक्षी कीर्ति देवी व नीलम तिवारी ने बालिकाओं व महिलाओं की चौपाल लगाई। थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने कहा कि इस चौपाल में महिला आरक्षियों ने सभी को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं की सहायता के लिए बनाए गए वन स्टाप सेंटर के बारे में जानकारी दी गई। (संवाद)

# कंपोजिट विद्यालय में ताला तोड़ चोरी

**मनकापुर (गोंडा)।** कंपोजिट विद्यालय के मुख्यद्वार का ताला तोड़कर विद्यालय में रखा सामान चोरी कर लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार शुक्ल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रात को मछली गांव नानकार में स्थित कंपोजिट विद्यालय के मुख्यद्वार व खिड़की को तोड़कर चोरों ने विद्यालय में रखी पुस्तकें, खेल सामग्री, किचन से गैस सिलिंडर व बर्तन आदि सामान पार कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि घटना की जानकारी है। चौकी प्रभारी मछली बाजार जांच कर रहे हैं। (संवाद)

# मंडी से नींबू चोरी का खुलासा नहीं

**मसकनवा (गोंडा)।** मसकनवा चौकी क्षेत्र के नवीन सब्जी मंडी में मंगलवार की रात सब्जी व्यवसायी सद्दम के यहां से पांच बोरा नींबू व तीन बोरा अदरक चुरा ले गए। पीड़ित ने सूचना मसकनवा पुलिस चौकी पर तहरीर भी दी है। लेकिन गुरुवार तक न मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई और न ही चोरों का पता चल सका। चौकी प्रभारी सुनील त्रिपाठी ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। (संवाद)

# पति समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**परसपुर (गोंडा)।** दहेज की मांग से परेशान विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम बहुवन मदार मांझा नगेसर पुरवा निवासिनी संजू यादव पुत्री बदल यादव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि शादी 11 वर्ष पूर्व धर्मपाल यादव निवासी बहुवन मदार मांझा पश्चिम पुरवा से हुई थी। आरोपी बराबर अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे। पति ने दूसरी लड़की से शादी तय कर रखी है। आरोपी नाराज होकर उसके घर वालों को मारने पीटने पर आमादा हो गए। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि धर्मपाल यादव व रामदेव यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

# एसपी ने दिए निष्पक्ष विवेचना के आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरबगंज (गोंडा)।** तरबगंज थाने की पुलिस ने एसपी के निर्देश पर मोटर चोरों के विरुद्ध मुकदमा तो पंजीकृत कर लिया, लेकिन कार्रवाई नहीं की। उल्टे पीड़ित को हल्के में तैनात सिपाही और विवेचक ने सुलह न करने पर धमकाना शुरू कर दिया। अब पीड़ित ने पुनः एसपी से विवेचना स्थानांतरित करने की मांग की है। एसपी ने निष्पक्ष विवेचना के आदेश दिए हैं।

गौहानी गांव निवासी बृज किशोर मिश्रा का आरोप है कि उसका मोटर कुछ लोग चुरा ले गए। पुलिस ने मोटर बरामद की, वीडियो बनाया। लेकिन मुकदमा नहीं पंजीकृत किया। बृजकिशोर मिश्रा की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने तरबगंज थाने की पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का निर्देश दिया। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पीड़ित गवाही के लिए थाने पहुंचा तो हल्के में तैनात सिपाही और विवेचना कर रहे दरोगा ने धमकाते हुए सुलह न करने पर मुकदमा स्पंज करने की धमकी दी। पीड़ित ने गुरुवार को एसपी से मिलकर पीड़ा बताई। एसपी ने तरबगंज पुलिस को मोटर बरामद करने और निष्पक्ष विवेचना करने का आदेश दिया है।

# एसबीआई के मुख्य प्रबंधक समेत तीन लोगों पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## सहायक प्रबंधक के आत्महत्या के मामले में हुई कार्रवाई, कमरे में फंदे से लटका मिला था शव

गोंडा। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा की सहायक प्रबंधक के आत्महत्या मामले में गुरुवार को एसबीआई के मुख्य प्रबंधक समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कराया गया है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के प्रजापतिपुरम जानकी नगर के रहने वाले अनमोल पांडेय ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी बहन की शादी न्यू इंदिरा नगर कॉलोनी के रहने वाले कृष्ण कुमार शुक्ल के बेटे निखिलेश शुक्ल उर्फ सूरज से हुई थी। उसकी बहन रिचा पांडेय (29) भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत थी। अनमोल का आरोप है कि उसकी बहन ने एसबीआई के मुख्य प्रबंधक रवींद्र कुमार सिंह, यामिका चौरसिया और उसके पिता राकेश चौरसिया की प्रताड़ना से तंग आकर 22 जून की सुबह घर के एक कमरे में छत के हुक से फंदे के सहारे लटककर जान दे दी।

सहायक प्रबंधक के भाई के मुताबिक, बहन का लिखा एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने एसबीआई के मुख्य प्रबंधक रवीन्द्र कुमार सिंह, यामिका चौरसिया व उसके पिता राकेश चौरसिया को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि एसबीआई के मुख्य प्रबंधक समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# पति समेत तीन पर दहेज प्रताड़ना का केस

परसपुर (गोंडा)। विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पति, ससुर व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली करनैलगंज के बाबुरास पांडेपुरवा निवासिनी ज्योति ने आरोप लगाया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व परसपुर के ग्राम कुड़ियावं निवासी पंकज के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन उसे दहेज को लेकर ताना मारते थे। मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। विरोध करने पर मंगलवार को मारापीटा व जबरदस्ती मायके छोड़ गए। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि ज्योति की तहरीर पर पति पंकज, ससुर स्वामीदीन व सास गुड़िया के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-06-2022

# फॉरेस्ट एक्ट के दो अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना हर्रैया पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त न्यायालय से वांछित चल रहे थे। यह जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक रामकृपाल वर्मा ने दी।

लगाया गया।

# अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है। छापेमारी के दौरान बूधीपुर निवासी जिला बदर अभियुक्त विपिन सिंह पुत्र दिलीप सिंह को गिरफ्त में ले लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास है 315 बोर अवैध देसी तमंचा बरामद हुआ है।

# प्रशासन की सह पर हो रहा बालू का अवैध खनन

तुलसीपुर, संवाददाता। तुलसीपुर थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर बालू का अवैध खनन रात दिन जारी है। खुलेआम ट्राली में भरकर मुख्य मार्गों से लाकर बाजारों में बेच रहे हैं। लोग महंगे दामों में बालू खरीदने को मजबूर हैं।

बालू खनन के अवैध पट्टों का संचालन 15 जून के बाद बंद कर दिया गया है। अब अवैध खनन करने वाले लोग आठ से दस हजार रुपए तक एक ट्राली बालू बेच रहे हैं। इस नई व्यवस्था से आम आदमी परेशान है। बालू अवैध खनन करने वाले लोग खनन निरीक्षक को दोषी ठहराते हैं।

बालू अवैध का खनन नैकिनीया के पास पहाड़ी सिरिया नाला में रात-दिन ट्रैक्टर ट्राली लिए बालू माफिया अवैध खनन करा रहे हैं। जो पिपराहवा चौराहा होते हुए कई गंतव्य पर पहुंच जाते हैं। इसी तरह गोपालपुर, ओडाझार खुर्द, करौंदा, पुरवा, परसपुर, बडगौ के पास पहाड़ी नाला में अवैध खनन खुलेआम किया जा रहा है। कोई रोक टोक नहीं है।

# महिलाओं को बताए उनके अधिकार

बलरामपुर, संवाददाता। वूमेन पावर लाइन 1090 महिलाओं व छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। हेल्पलाइन नंबर सूचना मिलते ही पुलिस टीम एक्टिव होकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।

यह बातें गुरुवार को क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने मिशन जागरूकता अभियान में कही। सीओ गुरुवार को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर जुआथान पर जागरूकता अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर बराबर सूचना मिल रही है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके।

# ऑपरेशन शिकंजा के प्रयास से तीन को मिली सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** ऑपरेशन शिकंजा के प्रयास से मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाई गई है। तीनों पर न्यायालय ने सजा के साथ 12,750 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने गुरुवार को बताया कि ललिया थाना क्षेत्र में छह जून 1986 को वादी मुकदमा रामदुलारे को विपक्षी जैतूना की तरफ से धारदार हथियार व लाठी-डंडे से मारा पीटा गया। इस मामले में ललिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। एसआई राना तिवारी ने मामले की विवेचना की। सीओ ललिया राधारमण सिंह, मानीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक केके यादव व अभियोजक राजेशचंद्र अमित ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी करके सजा दिलाई। न्यायालय ने जैतूना पर 11,250 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर आठ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

इसी तरह 26 जुलाई 1986 को ललिया थाना क्षेत्र में वादी मुकदमा रक्षाराम को विपक्षी निबरे की तरफ से घर में घुसकर लाठी-डंडे से मारापीटा गया। आठ अगस्त को ललिया थाने में मुकदमा दर्ज कर एसआई रामवृक्ष यादव ने मामले की विवेचना की। ऑपरेशन शिकंजा के तहत प्रभावी पैरवी करने से आरोपी निबरे पर न्यायालय ने 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।थाना पचपेड़वा में 20 जून 2009 को पुलिस ने कौरहवा निवासी आरोपी कमरुद्दीन को ट्रांजिट एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। मुकदमा दर्ज कर एसआई वीरेंद्र कुमार सिंह थाना ललिया को विवेचना सौंपी गई। मुकदमे में प्रभावी पैरवी करने से आरोपी कमरुद्दीन पर न्यायालय ने 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

## तीनों पर न्यायालय ने लगाया 12,750 रुपये का जुर्माना

# दो वांछित गिरफ्तार, भेजा जेल

**हरैया सतघरवा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने दो वांछितों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर पुलिस ने गिरफ्तारी की है। एसआई रामकृपाल वर्मा व प्रशांत शुक्ला की संयुक्त टीम ने कई मामलों में वांछित चरगहिया निवासी दुलारे व नजीबुल्ला को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। (संवाद)

# शिकायतों का तत्काल करें निपटारा

**बलरामपुर।** एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने सभी सर्किल के सीओ, कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को आने वाले फरियादियों की शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराने का निर्देश दिया है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनीं। (संवाद)

# बेटियों व महिलाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर।** जिले की सभी कोतवाली व थानों में गठित एंटी रोमियो टीम ने गुरुवार को अभियान चलाकर बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन को परवान चढ़ाने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान बेटियों व महिलाओं को शासन स्तर से जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में 14 गिरफ्तार

**बलरामपुर।** एपसी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर ललिया थाने से जुड़े मथुरा बाजार पुलिस चौकी की तरफ से शांतिभंग की आशंका में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। चौकी प्रभारी एसआई किसलय मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

**बलरामपुर।** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की तरफ से मिशन शक्ति अभियान के तहत बीते दिन भारत-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में मजदूरी करने वाले पांच बच्चों को मुक्त कराया गया। इन बच्चों को चाइल्ड लाइन के संरक्षण में सौंप दिया गया। एएचटीयू प्रभारी व उप निरीक्षक ममता सिंह यादव, श्रम प्रवर्तन दल अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा तथा चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर मजदूरी कर रहे पांच बच्चों को मुक्त कराया। (संवाद)

# वसूली करने वालों की करें शिकायत : एडीएम

## व्यापार बंधु की बैठक में कारोबारियों को दिया सुझाव

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** कारोबारियों की समस्याओं को दूर करने व उनके व्यापार को सुगम बनाने के लिए बीते दिन कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए एडीएम ने कारोबारियों को सुझाव दिया कि वाहन स्टैंड के नाम पर वसूली करने वालों की शिकायत करें। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

एडीएम राम अभिलाष ने बैठक में शामिल कारोबारियों से उनकी समस्याएं सुनीं। कारोबारियों ने मंडी में गेट पास बनवाने, मंडी शुल्क, नालों की नियमित सफाई न होने और वाहन स्टैंड के नाम पर वाहनों से अवैध वसूली किए जाने की शिकायत की। एडीएम ने कहा कि कारोबारियों की सभी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। किसी भी व्यक्ति की तरफ से वाहन स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली की जा रही हो तो उसकी सूचना तत्काल दें। ऐसे लोगों के पर कार्रवाई होगी।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते एडीएम राम अभिलाष व अन्य। -संवाद

एडीएम ने कहा कि वाहन स्टैंड स्वामियों को निर्देश दिया गया है कि वाहन स्टैंड पर सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं। कारोबारी अपने प्रतिष्ठानों व घरों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। कैमरे ऐसे लगवाए जाएं ताकि उसमें दुकान के अंदर जाने और बाहर आने वालों का चेहरा दिखाई पड़े। बैठक में एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी इम्तियाज सिद्दीकी व व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश पहवा आदि मौजूद रहे।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-06-2022

# 12 घंटे में अपहृत किशोरी बरामद

बहराइच। खैरीघाट थाने की पुलिस ने तीन दिन पूर्व रात में अपहृत की गई किशोरी को महिला सिपाही की मदद से बरामद कर लिया। फरार होने की कोशिश कर रहे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बरामद किशोरी को महिला सिपाही की अभिरक्षा में मेडिकल को भेजा गया है।

एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि खैरीघाट थाने के एक गांव से मंगलवार रात एक 13 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया गया था। पीड़ित परिजनों ने बुधवार दोपहर इस मामले में अपहरण व पाक्सो एक्ट में एक युवक को नामजद कर केस दर्ज कराया। दरोगा बीपी गौड़ , सिपाही आलोक शुक्ला, महिला सिपाही मानषी सिंह ने तलाश शुरू की। पुलिस ने केस दर्ज होने के 12 घंटे के भीतर किशोरी को बरामद किया।

# डीएम व एसएसपी ने शहर में निकाला रूट मार्च

- वजीरगंज में रूट मार्च में मुस्लिमों ने की सहभागिता
- जुमा की नमाज को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

बहराइच, संवाददाता। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र व एसएसपी केशव कुमार चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार शाम शहर में रूट मार्च निकाला गया है, जबकि जुमा की नमाज के मद्देनजर जिले के सभी थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई। फखरपुर के वजीरगंज में रूटमार्च में मुस्लिमों ने सहभागिता की।

डीएम ने शहर में रूटमार्च के दौरान लोगों को आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए शुक्रवार को सड़क पर भीड़ न लगाने का आवाहन किया। निकटतम मस्जिद में नमाज पढ़ कर सीधे घर जाने को अपील की गई । एसएसपी केशव कुमार चौधरी, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार, एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, सीओ सिटी बिनय कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे। फखरपुर ब्लॉक के मुस्लिम बाहुल्य गांव कस्बा वजीरगंज सराय काजी इलाके में मुस्लिमों ने रूट मार्च किया। समाज सेवी फारूख खां के साथ सभी मुस्लिम समुदाय के लोग मौलानाओं के साथ रूटमार्च कर अमन और भाईचारे का पैगाम दिया।

# दलित युवती के साथ रेप का नामजद आरोपी बंदी

- तीन दिन पूर्व घर में घुसकर की थी वारदात
- रेप, गाली गलौज व दलित उत्पीड़न में भेजा जेल

बहराइच, संवाददाता। पयागपुर पुलिस ने दलित युवती के साथ रेप मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है ।

सीओ पयागपुर राजीव कुमार सिसौदिया ने बताया कि पयागपुर थाने के एक गांव में मंगलवार रात एक व्यक्ति खेत में किसानी करने गया था। इसी दौरान एक युवक घर में घुस आया। उसने युवक की पत्नी के साथ रेप किया। महिला के शोर मचाने पर युवक गाली गलौज करता हुआ फरार हो गया।

पीड़िता ने वारदात की जानकारी पति को दी। पति पीड़िता को लेकर थाने में आया। उसने युवक को नामजद कर घर में घुसकर रेप, गाली गलौज व दलित उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज कराया। गुरुवार को थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ,दरोगा विजय शंकर पांडेय, सिपाही अनिल यादव, कुलदीप यादव ने बिलरवा चौराहे के पास दबिश देकर खजुरार के मजरे शाहपारा निवासी अखिलेश पाठक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है ।

हिन्दुस्तान

अंतिम नोटिस पर भी कब्जा न छोड़ने पर वन महकमे ने बुलडोजर चलवाया

# कतर्नियाघाट के बफर जोन में 20 अवैध मकान ढहाए गए

**कार्रवाई**

**बहराइच, संवाददाता।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर बफर जोन में वन विभाग की जमीन पर बने अवैध मकानों को शुक्रवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। बार-बार नोटिस देने के बावजूद कब्जा न हटाने पर वन विभाग ने यह कार्रवाई की है। कब्जा हटाने पहुंची टीम को ग्रामीणों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। भारी पुलिस बल होने के कारण ग्रामीण कार्रवाई रोकने में सफल नहीं हुए।

मोतीपुर ग्राम पंचायत के रहने वाले 20 लोग संरक्षित वनक्षेत्र की जमीन पर कई सालों से मकान व दुकाने बना रखी थी। हर साल इन लोगों को जमीन खाली करने की नोटिसें जारी की जा रही थीं। इस बार योगी सरकार के सरकारी जमीनों पर तत्काल अवैध कब्जा हटाने के आदेश पर वन विभाग ने ताबड़तोड़ तीन नोटिसें जारी कीं। छह दिन पहले अवैध कब्जेदारों को अंतिम नोटिस जारी कर कब्जा छोड़ने की चेतावनी दी गई। समय सीमा पूरा होने पर वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पहुंची।

ग्रामीणों को तत्काल अपना सामान समेटने के निर्देश दिए। इस पर ग्रामीणों ने विरोध जताना शुरू किया। एक घंटे बाद मकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी गई। एक घंटे में सभी मकानों व दुकानों को ढहा दिया गया। मनोज कुमार ने बताया कि संरक्षित क्षेत्र होने व शासन के आदेश पर कार्रवाई की गई है।

सभी को तत्काल जमीन छोड़ने की भी चेतावनी दे दी गई है। अहमद अंसारी, नासिर अली, हमीद अहमद, हाफिज असलम, नसीम बाबा, साबित अली, बानो बेगम का कहना है कि उन लोगों को सामान हटाने का मौका नहीं दिय गया है। कई सालों से वे लोग यहां रहकर जीवनयापन कर रहे थे। अब बेदखल करने से वे लोग खुले आसामन के नीचे आ गए हैं। बारिश का मौसम होने के चलते वे लोग बच्चों को लेकर कहां जाएं। वन विभाग की कार्रवाई के प्रति लोगों में आक्रोश रहा।



बफर जोन में बुलडोजर से ढहाया जा रहा अवैध निर्माण, घर ढहने के बाद मायूस लोग

## दोबारा कब्जा रोकने को लगाई गई ड्यूटी

**बहराइच।** खाली हुई जमीन पर दोबारा कब्जा रोकने के लिए वन विभाग ने कर्मियों की टीम गठित की है। यह टीम क्षेत्र भ्रमण के दौरान इस जमीन पर भी नजर रखेगी। गुमटी या फिर ढाबली रखने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

बफर जोन में विभाग की जमीन पर कई सालों से अवैध कब्जा रहा। इससे वन्यजीव की सुरक्षा पर खतरा रहा। कई बार नोटिस दी गई, लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। अब कब्जा हटा दिया गया है।

**आकाशदीप वधावन,** डीएफओ

हिन्दुस्तान

# पयागपुर थाने के पास अवैध स्टैंड

बहराइच, संवाददाता। पयागपुर में थाने से महज 500 मीटर पर अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहा है। सख्ती बढ़ने का हवाला देकर दबंग चक्करवार जबरन चालकों से 100 रुपये की दर से वसूली कर रहे हैं। पीड़ित चालकों ने थाने में पहुंचकर तहरीर भी दिया। सीएम के सख्ती के बाद भी अवैध टैक्सी स्टैंड संचालन से रोक नहीं लग पा रहा है।

पयागपुर चौराहे से इकौना मुख्य मार्ग पर अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहा है। यहां से इकौना तक टैम्पो व टैक्सी चल रही है। चालक बाबादीन ने बताया कि पहले 20 फिर 50 रुपये स्टैंड के नाम से उन लोगों से वसूला जाता था। अब जब से सरकार ने स्टैंडों पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं 100 रुपये चक्कर कर दिया गया है। यह अवैध शुल्क देने से मना करने पर धमकी व पुलिस से वाहन पकड़वाने की चेतावनी दी जाती है। पीड़ित की ओर से तहरीर दी गई है, पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**मनीम के हाथ लिया जा रहा धन :** बहराइच। सख्ती बढ़ने पर दबंगों की ओर से दो मुनीम रखे गए हैं। इन लोगों के माध्यम से वाहन चालकों से वसूली कराई जा रही है।



पयागपुर में अवैध टैक्सी स्टैंड पर खड़े वाहन।

## अवैध स्टैंड बंद, जांच कर करेंगे कार्रवाई

बहराइच। एसओ राजकुमार पांडेय ने बताया कि अवैध स्टैंड का संचालन पहले ही बंद कराया जा चुका है। कई वाहनों को सीज भी किया गया है। अवैध वसूली कर स्टैंड संचालन की शिकायत नहीं मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कतर्निया में अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

## मोतीपुर रेंज व वन बैरियर के पास 18 पक्के निर्माण और झोपड़ियां जमींदोज, चार महीने पहले दी थी नोटिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**गायघाट ( बहराइच )।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में अवैध निर्माणों को लेकर बृहस्पतिवार को सख्त रुख अपनाया गया। मोतीपुर रेंज परिसर व वन बैरियर के आसपास बुलडोजर से सारे अवैध निर्माण ढहा दिए गये। इनमें 18 पक्के निर्माण और बाकी झोपड़ियां व गुमटी शामिल हैं। अधिकारियों ने दोबारा निर्माण न करने की चेतावनी भी दी।

दरअसल, कई लोगों ने वन विभाग की जमीन पर अवैध निर्माण करवा लिए थे। चार माह पूर्व विभाग ने कब्जेदारों को नोटिस जारी कर कब्जा हटाने को कहा था। इसके बावजूद कब्जे नहीं हटाए गये थे। इसी के बाद बृहस्पतिवार को वन क्षेत्राधिकारी, मोतीपुर महेंद्र मौर्य व वन क्षेत्राधिकारी, ककरहा राम कुमार की अगुवाई में वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। बुलडोजर के साथ पहुंची टीम को देखकर वहां अफरातफरी मच गई। टीम ने पक्के निर्माण के साथ ही व सड़क किनारे रखी गुमटियों व डाबलियों पर भी बुलडोजर चलाया। कब्जा हटाने के दौरान किसी तरह का विरोध नहीं हुआ।

प्रभागीय वन अधिकारी आकाशदीप बधावन ने बताया कि अतिक्रमण को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। इसी का पालन करते हुए अवैध कब्जे हटवाए गये। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहे 20 लोगों को चार माह पूर्व नोटिस देकर कब्जे हटाने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद कब्जे नहीं हटाए गये। सभी को एक सप्ताह पूर्व फिर से नोटिस देकर कब्जा हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। ऐसे में बुलडोजर से कब्जे हटवाने पड़े। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वन विभाग की जमीन पर जहां भी अवैध कब्जा है वहां बुलडोजर से हटवाया जाएगा।







मोतीपुर रेंज में चले अभियान के तहत अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर। इस दौरान लोगों के चेहरे पर गुस्सा तो दिखा, लेकिन किसी ने विरोध नहीं जताया। वहीं, पुलिस बल भी मुस्तैद नजर आया। -संवाद

### 20 से 30 वर्ष पुराने थे निर्माण

स्थानीय लोगों के मुताबिक, कतर्नियाघाट रेंज में ढहाए गये सभी निर्माण 20 से 30 वर्ष पुराने थे। सभी में परिवार रहते थे। बताया जा रहा है कि बीते वर्षों में कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन किसी ने कब्जा नहीं हटाया। ऐसे में मजबूर होकर वन विभाग को बुलडोजर ले जाकर कार्रवाई करनी पड़ी।



### जहां बुलडोजर नहीं पहुंचा वहां चला हथौड़ा

बुलडोजर से अवैध कब्जे ढहाने की कार्रवाई आनन-फानन में हुई। गांव वालों को भी भनक नहीं लग सकी। जब कार्रवाई शुरू हुई तो लोग गांव के बाहर कामों में व्यस्त थे। थोड़ी देर में बुलडोजर पहुंचने की जानकारी मिली तो लोगों ने घरों से सामान निकालना शुरू कर दिया। वहीं, वन विभाग व पुलिस कर्मियों की जल्दबाजी का आलम यह रहा कि जहां बुलडोजर नहीं पहुंचा वहां हथौड़े का प्रयोग कर अवैध कब्जे तोड़ दिए गये। बताया जा रहा है कि कार्रवाई से लोगों में गुस्सा तो काफी था, लेकिन वे विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सके। मौके पर पहुंचे समाजवादी पार्टी के कुछ नेता अनशन पर बैठ जरूर, लेकिन इन्हें पुलिस ने हटा दिया।

# अवैध स्टैंडों से धड़ल्ले से दौड़ रहे वाहन, हो रही वसूली

संवाद न्यूज एजेंसी

**तेजवापुर (बहराइच)।** सड़कों के किनारे अवैध टैक्सी स्टैंडों से लगने वाले जाम व दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शासन गंभीर है। इसी वजह से इन्हें हटाने का आदेश जारी किया गया था। इसके बाद अभियान चलाकर कई स्थानों से अवैध स्टैंड हटवाए भी गये, लेकिन तेजवापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर अब भी धड़ल्ले से अवैध टेंपो व टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं।

वाहन चालकों से वसूली भी हो रही है। इन के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। ब्लॉक क्षेत्र के प्रमुख बाजार बेड़नापुर में पुलिस व प्रशासन की अनदेखी के चलते अवैध टेंपो व टैक्सी स्टैंड संचालकों की मनमानी जारी है। ये लोग स्टैंड के नाम पर वाहन चालकों से खुलेआम वसूली करते हैं। साथ ही सड़क पर जाम की स्थिति पैदा करते हैं। इसी प्रकार जैतापुर बाजार, बौंडी बाजार, मरौचा बाजार, खैरा बाजार, भगवानपुर चौराहा, महराजगंज बाजार, महसी बाजार, राजी चौराहा, मौतला बाजार, रामगांव व बेड़नापुर-बलवापुर बाजार में भी धड़ल्ले से अवैध स्टैंड का संचालन हो रहा है। चालक बिना किसी डर के सवारियां भरते नजर आ रहे हैं। एसडीएम रामदास ने बताया कि कोई अवैध स्टैंड चल रहा है तो शुक्रवार को निरीक्षण कर कार्रवाई करेंगे।



बेड़नापुर बाजार में संचालित अवैध स्टैंड से सवारियां भरते वाहन। -संवाद

### जाम में फंसी एंबुलेंस... दर्द से कराहता रहा घायल मरीज

**बहराइच।** शहर में यातायात व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। आये दिन लोगों को जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। समस्या तब ज्यादा होती है जब रोगी को ले जा रही कोई एंबुलेंस इसमें फंस जाती है। शुक्रवार को रात भी यही हुआ। छावनी चौराहे पर एक एंबुलेंस जाम में फंस गई और मरीज अंदर दर्द से कराहता रहा। एंबुलेंस चालक ने बताया कि हादसे में जख्मी मरीज को ले जा रहे हैं। आधे घंटे बाद जब जाम खुला तो एंबुलेंस अस्पताल की ओर रवाना हुई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस का कोई भी जवान नहीं दिखा। सीओ, ट्रैफिक विनय द्विवेदी ने बताया कि जाम में एंबुलेंस फंसने का वीडियो सामने आया है। जांच कराई जा रही है। निर्देश दिया गया है कि चौराहों पर जाम की स्थिति पैदा न होने दी जाए। एंबुलेंस जैसी सेवाओं को बाधित न होने दिया जाए। संवाद



एंबुलेंस में मौजूद हादसे में जख्मी मरीज। -संवाद

# फर्जी रिलीज ऑर्डर दिखाकर छुड़ाया वाहन, मुकदमा दर्ज

**बहराइच।** सहायक संभागीय कार्यालय के यात्रीकर अधिकारी की ओर से सीज किया गया वाहन फर्जी रिलीज ऑर्डर के सहारे छुड़ा लिया गया। मामले में वाहन स्वामी के बयान पर एआरटीओ ने दरगाह थाने में एक शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

यात्रीकर अधिकारी महेश वर्मा ने फिटनेस न होने व ओवरलोडिंग के मामले में मिनी ट्रक यूपी 43 टी 9008 को 15 अप्रैल को सीज किया था। बाद में फर्जी रिलीज ऑर्डर दिखाकर वाहन मुक्त करा लिया गया था। एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह ने जांच की तो मामला सही निकला। इसके बाद वाहन स्वामी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था।

एआरटीओ प्रवर्तन के मुताबिक, गोंडा के थाना कौड़िया निवासी वाहन स्वामी रमेश कुमार ने बयान में कहा कि वाहन अवमुक्त कराने के लिए वह सहयोगी राजेंद्र पांडेय के साथ एआरटीओ कार्यालय आए थे। यहां चाय की दुकान पर जीशान नाम के व्यक्ति ने 54 हजार रुपये में वाहन छुड़ाने की बात कही थी। 54 हजार रुपये देने पर जीशान ने रिलीज ऑर्डर बताकर एक प्रपत्र दिया था। इसे दिखाकर गल्लामंडी चौकी से वाहन मुक्त करा लिया था। इसके बाद एआरटीओ प्रवर्तन ने जीशान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-06-2022

रात में चाकू से गला रेतकर हत्या करने के बाद पति फरार, सुबह आंगन में खून से लथपथ पड़ा मिला शव

# पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस

**वारदात**

जमुनहा संवाददाता। बेरहम पति राहुल ने ससुराल आकर पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। रात में चाकू से गला रेतकर हत्या करने के बाद पति फरार हो गया। सुबह परिजनों को आंगन में लगे नल के पास शव मिला। पुलिस ने पति समेत चार पर दहेज हत्या का मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मल्हीपुर थाने के श्रीनगरा निवासी कामता प्रसाद गुप्ता ने अपनी लड़की पूनम उम्र 20 वर्ष की शादी एक साल पहले बहराइच जनपद के मटेरा सिसवारा निवासी राहुल पुत्र सुकई के साथ की थी लेकिन एक सप्ताह पहले परिवार में कुछ विवाद होने के कारण पूनम अपने मायके श्रीनगरा आई थी। इस बीच दोनों पक्षों में सुलह समझौते के लिए बातचीत हुई। लेकिन कामता ने आरोप लगाया कि ससुराल में दहेज के लिए उसकी पुत्री को प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे वह नहीं भेजेगा। चार दिन पहले भी ससुराल पक्ष के कुछ लोग सुबह समझौता के लिए आए थे। लेकिन वापस लौट गए।

बुधवार को राहुल अपनी ससुराल श्रीनगरा आया था। रात में खा पीकर वह आंगन में लेट गया और पूनम कमरे में लेटी थी। सुबह जब परिजन सो कर उठे तो पूनम का गला रेता शव आंगन में लगे नल के पास पड़ा मिला। जबकि राहुल अपनी चारपाई से गायब था। इस पर पूनम के पिता कामता प्रसाद ने मल्हीपुर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जानकारी होते ही एसपी अरविन्द कुमार मौर्य मौके पर पहुंच गए और परिजनों से बातचीत की। थानाध्यक्ष ने हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मामला दर्ज करके खोजबीन की जा रही है।



श्रीनगरा में गुरुवार को महिला हत्या की घटना के बाद मौके पर मौजूद भीड़

## रात में हत्या

- एक सप्ताह पहले विवाद होने पर पूनम मायके आ गई थी
- चार दिन पहले ससुराल पक्ष के लोग समझौता करने आए थे
- बुधवार को दिन में पत्नी को लेने आया था पति राहुल

## पिता ने बताया दहेज के लिए की गई है हत्या

मृतका के पिता कामता प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही पूनम को उसका पति राहुल, ससुर सुकई, सास व परसपुर निवासी केशवराम पुत्र जोखन दहेज के लिए मारते पीटते थे। बार बार पूनम शिकायत करती थी। इसीलिए मायके में बुला लिया गया था। लेकिन बुधवार को दामाद राहुल ने घर आकर रात में चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना थानाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कर रहे हैं।

# अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सोनवा पुलिस ने बुधवार शाम को एक आरोपी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक टीम ने सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा व दो अदद कारतूस बरामद किया। बरामद तमंचा व कारतूस को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# चेकिंग: 18 वाहनों का चालान कटा

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वाहन पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत बुधवार को पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया। इस दौरान 18 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों का ई-चालान किया गया।

# 40 लीटर कच्ची शराब बरामद

श्रावस्ती। सिरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह गुरुवार को टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर हटवा पुल के पास मोटरसाइकिल से आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनकी तलाशी ली। तलाशी के दोनों व्यक्तियों कब्जे से 20-20 लीटर कुल 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान रामनरेश पुत्र सुवंश निवासी ग्राम गनवरिया दाखिला शिवपुरा थाना हरैया जनपद बलरामपुर व मिथुन पुत्र मक्खन निवासी सोनोढ़ा तराई थाना सिरसिया के रूप में हुई।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**श्रावस्ती** : एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें पांच भूमि विवाद, चार पारिवारिक विवाद व 13 अन्य विवाद से संबंधित शिकायत थी। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश दिए। (वि.)

## शांतिभंग में 14 पाबंद

**श्रावस्ती** : जिले की विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से शांतिभंग के आरोपियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र के 14 व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायालय पर पेश किया गया।(वि.)

## 18 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती** : यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर पुलिस ने 18 वाहनों का ई-चालान किया। इस 32,000 रुपये शमन शुल्क वसूला गया।(वि.)

# कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती** : सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान हटवा पुल के पास बलरामपुर जिले के हरैया क्षेत्र के शिवपुरा निवासी रामनरेश व सोनौढ़ा तराई के मिथुन को रोका। तलाशी में इनके कब्जे से 20-20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। कागजात न होने पर बाइक को सीज कर दिया गया। (वि.)

# तमंचा संग आरोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : सोनवा पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बहराइच जिले के मटेरा क्षेत्र के लक्ष्मनपुर शंकरपुर निवासी विनोद कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

# मायके में पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या

## मृतका के पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**संसू, जमुनहा (श्रावस्ती)** : मल्हीपुर क्षेत्र के श्रीनगर गांव में मायके में रह रही विवाहिता की पति ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। सुबह सो कर उठे मायके के लोगों को घटना की जानकारी हुई। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को निर्देश दिए।

श्रीनगर गांव की पूनम का विवाह एक वर्ष पूर्व बहराइच जिले के मटेरा क्षेत्र के सिसवारा गांव निवासी राहुल के साथ हुआ था। राहुल अपनी पत्नी से विवाह में खर्च हुए रुपयों की मांग रहा था। इसी बात को लेकर राहुल हमेशा पत्नी को प्रताड़ित किया करता था। एक सप्ताह पूर्व पूनम अपने मायके श्रीनगर आई थी। मंगलवार को राहुल अपने पिता सुकई व बहनोई सुरेश के साथ उसे लेने आया था, लेकिन बात नहीं बनी और पूनम ससुराल जाने को राजी नहीं हुई। पति व अन्य लोग वापस लौट गए। बुधवार को राहुल पुनः अपनी ससुराल श्रीनगर आया। रात में खा-पीकर आंगन में ससुरालीजन के साथ सो गया। गुरुवार सुबह चार बजे पूनम के पिता कामता उठे और पशुओं का चारा लेने के लिए घारी की ओर गए तो देखा कि नल के चबूतरे के पास पूनम का खून से लथपथ शव पड़ा है। शव के गले पर चाकुओं के कई निशान हैं। शव देख पिता ने शोर मचाया। मृतका का पति अपने बिस्तर से गायब मिला। परिवार के लोगों ने यूपी-112 को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मृतका के पिता कामता प्रसाद की तहरीर पर पति राहुल, ससुर सुकई, सास व बहराइच के मटेरा क्षेत्र के परसपुर निवासी केशवराम के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी में पुलिस टीम जुटी है।



मल्हीपुर क्षेत्र के श्रीनगर गांव में महिला की हत्या के बाद मौके पर ग्रामीणों पूछताछ करते एसपी अरविंद कुमार मौर्य (दाएं) ● जागरण

# देशी तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सोनवा पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान बरदेहरा मोड़ से एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से देशी तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। गिरफ्तार युवक की पहचान बहराइच के थाना मटेरा क्षेत्र के लक्ष्मणपुर शंकरपुर चौराहा निवासी विनोद कुमार के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध सोनवा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वहीं, जिला पुलिस ने बुधवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान चौदह लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# साइबर सेल ने होमगार्ड के खाते में वापस कराए रुपये

**श्रावस्ती।** आधारकार्ड का क्लोन तैयार कर ठगों ने होमगार्ड के खाते से 60 हजार रुपये निकाल लिए। इसकी शिकायत होने पर साइबर सेल ने कुछ ही देर में पैसा पुनः होमगार्ड के खाते में ही वापस करा दिया।

गगनपुरवा गिरंट बाजार थाना मल्हीपुर निवासी राम सुफल यादव होमगार्ड हैं। कुछ लोगों ने उसके आधार कार्ड की क्लोनिंग करके खाते से 60 हजार रुपये निकाल लिए। इसकी शिकायत होमगार्ड ने एसपी से की थी। इस मामले की जांच एसपी ने साइबर सेल को दी। जांच के बाद साइबर सेल ने होमगार्ड के खाते से निकाले गए पैसे को पुनः उसी के खाते में वापस करा दिया। (संवाद)

# अभियान चलाकर 18 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने बृहस्पतिवार को वाहनों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया। इस दौरान चौराहों पर बैरियर पर जांच कर पुलिस ने 18 वाहनों का ई चालान किया। 32000 रुपये शमन शुल्क भी वसूला गया। संवाद